संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | करनाल, सोमवार, 08 जनवरी 2024 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय दैनिक
# एक्शन इंडिया

वर्ष: 09 अंक: 08 पृष्ठ: 12
RNI : HARHIN/2016/68417
actionindiaharyana@gmail.com | हरियाणा संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड



भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के रोड शो के दौरान पंचकूला में जन सैलाब उमड़ पड़ा। इस दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल भी शामिल रहे।

फास्ट न्यूज

## कर्नाटक : कृष्णा बेसिन में पानी का संकट गहराया

**बंगलूरू :** कृष्णा बेसिन (बागलकोट, कलबुर्गी और विजयपुरा) में किसानों की चिंताओं की दूर करने के लिए कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री और जल संसाधन मंत्री डीके शिवकुमार ने रविवार सुबह करीब 10:50 बजे अलमाटी बांध से 2.75 टीएमसी पानी छोड़ने की घोषणा की। बेसिन में पानी की गंभीर कमी पर चर्चा के लिए एक दिन पहले उन्होंने डिजिटली बैठक आयोजित की। बैठक में कृष्णा अपलैंड परियोजना में खड़ी मिर्च की फसलों को संरक्षित करने और आने वाले गर्मी के मौसम के लिए पर्याप्त पानी की आपूर्ति को सुनिश्चित करने पर फोकस किया गया था। उपमुख्यमंत्री शिवकुमार ने कहा, 'अलमाटी और नारायणपुरा सहित कृष्णा अपलैंड परियोजना के प्रमुख जलाशयों में पिछले साल की समान अवधि की तुलना में वर्तमान में 50 फीसदी से अधिक जल भंडारण की कमी है। सरकार का उद्देश्य पीने के पानी के लिए राज्य जल नीति की प्राथमिकता पर जोर देते हुए गर्मियों के दौरान सार्वजनिक खपत और पशुधन के लिए जल संसाधनों को सुरक्षित करना है।' जनप्रतिनिधियों और किसान नेताओं के अनुरोध के बाद सरकार ने नहरों में तुरंत 2.75 टीएमसी पानी छोड़ने का फैसला किया है। इस पहल का उद्देश्य अचुकाट्टू क्षेत्र में मिर्च की फसलों की रक्षा करना और आगामी गर्मियों के लिए पानी की मांग के मुद्दे को संबोधित करना है। कृष्णा अपर बैंक परियोजना के तहत अचुकाट्टू क्षेत्र के किसानों से आग्रह किया जाता है कि वे छोड़े गए 2.75 टीएमसी पानी का कुशलतापूर्वक उपयोग करें। जिला प्रशासन जल उपयोग उपायों के प्रभावी कार्यान्वयन की देखरेख के लिए सिंचाई विभाग के साथ सहयोग करेगा।

## फिर बेहद खराब श्रेणी में दिल्ली का हवा

**नई दिल्ली :** राजधानी में हवा की दिशा बदलने से प्रदूषण में सुधार नहीं है। रविवार को दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 333 दर्ज किया गया, जोकि बेहद खराब श्रेणी है। इसमें शनिवार के मुकाबले 13 सूचकांक की वृद्धि दर्ज की गई। सुबह कोहरा देखने को मिला। दिन के समय हल्की धूप खिली। इससे लोगों को ठंड से थोड़ी राहत तो मिली, लेकिन प्रदूषण की स्थिति खराब रही। 30 इलाकों में हवा बेहद खराब श्रेणी में दर्ज की गई।

# मालदीव को महंगा पड़ा भारत विरोध

= पीएम मोदी पर आपत्तिजनक टिप्पणी करना मालदीव के मंत्रियों को पड़ा भारी, पोस्ट पर भारत ने जताई नाराजगी

**मंत्री सस्पेंड**

8 मालदीव में भारत के उच्चायुक्त ने मालदीव की सरकार से इसे लेकर शिकायत दर्ज कराई है

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**मालदीव** सरकार की एक मंत्री ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल किया। अब भारत सरकार ने भी इस पर नाराजगी जताई है। मालदीव में भारत के उच्चायुक्त ने मालदीव की सरकार से इसे लेकर शिकायत दर्ज कराई है। मालदीव की सरकार ने मंत्री के बयान से किनारा कर लिया है। पीएम मोदी के लक्षद्वीप दौरे के बाद से भारत में इन दिनों सोशल मीडिया पर मालदीव छाया हुआ है।

**भारतीय उच्चायुक्त ने दर्ज कराई शिकायत:** मालदीव की युवा सशक्तिकरण मंत्रालय की उपमंत्री मरियम शिउना ने हाल ही में एक पोस्ट में पीएम मोदी की तस्वीर साझा करते हुए उनके खिलाफ आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल किया। इस पर मालदीव के पूर्व राष्ट्रपति मोहम्मद नशीद ने भी नाराजगी जताई और मंत्री के बयान की आलोचना की। मालदीव में भारत के उच्चायुक्त ने भी मालदीव की सरकार से मरियम शिउना के बयान को लेकर शिकायत दर्ज कराई है। अब मालदीव की सरकार ने भी मरियम शिउना के बयान से किनारा कर लिया है और इसे उनका निजी बयान करार दिया है।

**मालदीव की सरकार ने बयान से किया किनारा:** मालदीव की सरकार ने बयान जारी कर कहा कि 'मालदीव की सरकार विदेशी उच्च पद पर आसीन नेता के खिलाफ आपत्तिजनक बयान से वाकिफ है। यह उनके अपने विचार हैं और यह मालदीव की सरकार के विचार नहीं हैं। सरकार ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने में भविष्य में जरा नहीं हिचकेगी।' पीएम मोदी ने हाल ही में लक्षद्वीप का दौरा किया था, जिसमें पीएम मोदी ने लक्षद्वीप की तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए लोगों से लक्षद्वीप घूमने की अपील की थी। इस पर सोशल मीडिया पर कुछ यूजर्स ने लक्षद्वीप की तुलना मालदीव से की और मालदीव और लक्षद्वीप की तुलना शुरू हो गई। मालदीव में बड़ी संख्या में भारतीय पर्यटक जाते हैं, जिस पर सोशल मीडिया पर चल रही मालदीव और लक्षद्वीप की तुलना पर मालदीव की सरकार के कुछ मंत्रियों ने सोशल मीडिया पोस्ट कर भारत की आलोचना की।

### लक्षद्वीप में तीन दिन में 7000 लोगों ने कराई बुकिंग

**टीम एक्शन इंडिया/लक्षद्वीप**

**देश** के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लक्षद्वीप का दौरा क्या किया कि इस केंद्र शासित राज्य में पर्यटन को नए पंख लग गए। ऑल इंडिया टूर एंड ट्रेवल ऑपरेटर एसोसिएशन( एआईटीटीओए) के मुताबिक बीते तीन दिनों में उनके पास लक्षद्वीप को लेकर जितनी बुकिंग को लेकर कॉल आई हैं उतनी आज तक कभी नहीं पहुंची। अनुमान के मुताबिक अगले तीन महीने के भीतर बीते तीन दिनों में ही बहुत से लोग लक्षद्वीप जाने की बुकिंग करा चुके हैं। लक्षद्वीप का पर्यटन और स्पोर्ट्स विभाग भी अपने राज्य में आने वाले पर्यटकों के लिहाज से तैयारियों में जुट गया है।



### मालदीव ने मंत्री शिउना के बयान से काटी कन्नी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**मालदीव** की युवा सशक्तीकरण, सूचना और कला उपमंत्री मरियम शिउना ने प्रधानमंत्री मोदी की लक्षद्वीप यात्रा की तस्वीरें पोस्ट करने के बाद अपमानजनक टिप्पणी की थी। मरियम ने उनके के लिए जोकर और इजराइल की कठपुतली जैसे शब्दों का इस्तेमाल किया था। हालांकि बाद में उन्होंने ये ट्वीट हटा लिए लेकिन उनके बयान पहले ही काफी नुकसान कर चुके थे। मालदीव की मंत्री के माइक्रो-ब्लॉगिंग साइट पर इस पोस्ट की जबर्दस्त प्रतिक्रिया हो रही है। सोशल मीडिया पर मालदीव भी ट्रेंड कर रहा है। प्रधानमंत्री की लक्षद्वीप आने की अपील को मालदीव में उनके देश के विकल्प के तौर पर देखा जा रहा है। साथ ही वहां चुनी गई नई सरकार चीनी प्रभाव की मानी जा रही है। प्रधानमंत्री मोदी के लक्षद्वीप जाने के बाद वहां की सुंदरता से जुड़ी तस्वीर देख सोशल मीडिया पर फिल्म और कला जगत की हस्तियां लोगों से वहां जाने की अपील कर रही हैं।

### 'स्वयं अपने देश के पर्यटन का समर्थन करना चाहिए'

**अभिनेता** अक्षय कुमार ने ट्वीट कर कहा कि मालदीप की प्रमुख हस्तियां भारतीयों पर घृणित और नक्सलवादी टिप्पणियां कर रही हैं। आश्चर्य है कि वह एक ऐसे देश के बारे में कह रहे हैं जहां से सबसे ज्यादा पर्यटक वहां जाते हैं। हम अपने पड़ोसियों के प्रति अच्छे हैं लेकिन हमें ऐसी अकारण नफरत क्यों बर्दाश्त करनी चाहिए। उन्होंने स्वयं कई बार मालदीव का दौरा किया है और हमेशा इसकी प्रशंसा की है लेकिन उनके लिए गरिमा पहले आती है।



## पहली बार रात में कारगिल हवाई पट्टी पर उतरा सी-130जे विमान

**रचा इतिहास**

8 दुर्जेय हिमालयी परिदृश्य में विमान ने गरुड़ फोर्स के साथ रात्रि लैंडिंग करके रचा इतिहास

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**केंद्र सरकार चीन** और पाकिस्तान से लगी विभिन्न हवाई पट्टियों को सामरिक दृष्टिकोण से कई तरीकों से उपयोग के लिए अपग्रेड कर रही है। इसी क्रम में भारतीय वायु सेना के सामरिक परिवहन विमान सी-130जे ने पहली बार कारगिल हवाई पट्टी पर गरुड़ फोर्स के साथ रात्रि लैंडिंग की। दुर्जेय हिमालयी परिदृश्य में यह हवाई पट्टी 8,800 फीट से अधिक की ऊंचाई पर स्थित है, जो विमान चालकों के लिए अद्वितीय चुनौतियां पेश करती है। रात्रि लैंडिंग का एक वीडियो साझा करने के साथ ही बयान में कहा, पहली बार परिवहन विमान सी-130जे ने कारगिल हवाई पट्टी पर एक रात की लैंडिंग की। रास्ते में इलाके को ढंकते हुए इस अभ्यास ने गरुड़ के प्रशिक्षण मिशन को भी पूरा किया। हालांकि, प्रशिक्षण मिशन के बारे में विशिष्ट विवरण का खुलासा नहीं किया गया, लेकिन यह भारतीय वायुसेना की उल्लेखनीय उपलब्धियों में शामिल है। यह सफल रात्रि लैंडिंग न केवल वायु सेना की सावधानीपूर्वक योजना को दर्शाती है, बल्कि इसके पायलटों की विशेषज्ञता को भी उजागर करती है। पिछले वर्ष नवंबर में वायु सेना ने उत्तराखंड में एक अल्पविकसित और चुनौतीपूर्ण हवाई पट्टी पर दो लॉकहीड मार्टिन ह्युसुपर हरक्यूलिसह्ल सैन्य परिवहन विमानों को सफलतापूर्वक उतारकर अपनी क्षमताओं का प्रदर्शन किया था। प्रतिकूल मौसम की स्थिति में संचालित इस मिशन का उद्देश्य एक निमार्णाधीन पहाड़ी सुरंग में बचाव कार्यों के लिए भारी इंजीनियरिंग उपकरण पहुंचाना था।

## 'देवभूमि साहित्य-कला की भूमि भी'

**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**

**मुख्यमंत्री** पुष्कर सिंह धामी ने बी.आर. अम्बेडकर स्टेडियम कौलागढ़ रोड देहरादून में ओएनजीसी एवं उत्तराखंड सरकार के सहयोग से पर्वतीय सरोकारों के लिए समर्पित हिमगिरि सोसाइटी द्वारा आयोजित दो दिवसीय हिमगिरी महोत्सव-2024 का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री द्वारा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में डॉ॰ दिनेश कुमार असवाल, चित्रकला के क्षेत्र में प्रो. शेखर चंद्र जोशी तथा पर्यावरण के क्षेत्र में श्री सचिदानंद भारती को हिमगिरि गौरव सम्मान-2024 तथा हिमगिरि के संस्थापक सदस्य दिनेश कुमार पांडे को तेल एवं गैस अन्वेषण के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय कार्यों के लिये लाइफ टाइम अचीवमेंट पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री ने हिमगिरि महोत्सव सांस्कृतिक समागम के भव्य आयोजन के लिये आयोजकों के साथ हिमगिरि सम्मान और लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित विभूतियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ओएनजीसी के सेवानिवृत और सेवानिवृत्त कर्मचारियों की पंजीकृत हिमगिरी सामाजिक संस्था अपने समर्पण और सेवाओं के माध्यम से पर्वतीय क्षेत्र की समृद्धि, संस्कृति और विकास में अग्रणी भूमिका निभा रही है।




## राजनाथ सिंह आठ जनवरी को होंगे ब्रिटेन रवाना

**नई दिल्ली:** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आठ जनवरी को ब्रिटेन की तीन दिवसीय यात्रा के लिए रवाना होंगे। इस दौरान रक्षा और सुरक्षा के क्षेत्र में द्विपक्षीय साझेदारी की संभावना हैं। गौरतलब है कि पिछली मंत्री स्तरीय यात्रा 22 जनवरी को हुई थी। जून 2022 में राजनाथ सिंह की ब्रिटेन की यात्रा प्रोटोकॉल कारणों से रद्द कर दी थी। तीन दिवसीय यात्रा के दौरान ब्रिटेन के रक्षा मंत्री ग्रांट शाप्स के साथ व्यापक बातचीत होगी। इस बैठक में सैन्य सहयोग और रक्षा औद्योगिक साझेदारी को गहन करने की कोशिश की जाएगी।

## दवा कंपनियों के लिए नई गाइडलाइन जारी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**स्वास्थ्य मंत्रालय** ने दवाओं के उत्पादन से जुड़ी नई गाइडलाइन जारी की है। इसमें कहा गया है कि अब देश की फार्मास्यूटिकल कंपनियों को दवा बनाने में विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के मानक का पालन करना होगा। दवा निमार्ताओं को अपने उत्पादों की गुणवत्ता की जिम्मेदारी लेनी होगी। यह सुनिश्चित करना होगा कि जो दवा बनाई गई है, उससे मरीजों को किसी तरह का जोखिम न हो। फार्मा कंपनियों को लाइसेंस के मापदंडों के अनुसार ही दवा बनानी होगी। दवाओं को पूरी तरह से टेस्टिंग के बाद ही मार्केट में उतारना होगा।



**संशोधित गाइडलाइन में क्या कहा गया ?**

स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से जारी संशोधित गाइडलाइन में दवाओं को वापस लेने के बारे में भी निर्देश दिया गया है। इसमें स्पष्ट किया गया है कि खराब दवाओं को वापस लेने से पहले लाइसेंसिंग अथारिटी को सूचित करना होगा। इसके साथ ही दवा को क्यों वापस लिया जा रहा है इसके बारे में विस्तार से रिपोर्ट सौंपनी होगी। बताना होगा कि दवाओं में ऐसी क्या खराबी थी जो इसे वापस लेने की जरूरत पड़ी। अभी तक किसी भी दवा को वापस लेने से पहले लाइसेंसिंग अथारिटी को जानकारी देने की व्यवस्था नहीं थी।

**मानक**

8 अब देश की फार्मास्यूटिकल कंपनियों को दवा बनाने में डब्ल्यूएचओ के मानक का पालन करना होगा

## ईडी पर हुए हमले को लेकर राज्यपाल सीवी बोस सख्त

**टीम एक्शन इंडिया/कोलकाता**



**पश्चिम** बंगाल में पांच जनवरी को तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के नेता शेख शाहजहां के समर्थकों ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों पर हमला बोल दिया था। इसमें कई अधिकारियों को चोटें आई थीं, जबकि उनकी गाड़ियों में भी तोड़फोड़ की गई थी। इस बीच शाहजहां के सीमापार जाने की खबर पर राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने चिंता जताई। उन्होंने अधिकारियों को तुरंत उसे गिरफ्तार करने और उसके आतंकवादियों के साथ संबंध होने की जांच करने का निर्देश दिया है। इससे पहले, राज्यपाल बोस ने इस घटना पर अपनी नाराजगी व्यक्त की थी। उन्होंने हमले को खतरनाक, निंदनीय और एक भयानक घटना करार दिया था।

## अयोध्या के विकास के विजन को साकार कर रही सरकार

500 प्रीफैब टॉयलेट्स के जरिए अयोध्या के सरयू घाटों पर प्रसाधन सुविधा का होगा विकास

**टीम एक्शन इंडिया/अयोध्या**

आध्यात्मिक राजधानी के तौर पर अयोध्या के विकास के विजन को साकार कर रही उत्तर प्रदेश की योगी सरकार अवधपुरी में धार्मिक पर्यटन को बढ़ाने पर सबसे ज्यादा फोकस कर रही है।

यहां लाखों की संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा उन्हें समुचित नागरिक सुविधाओं का लाभ मिले, इस पर फोकस करते हुए सीएम योगी के दिशा-निर्देशन में विजन डॉक्यूमेंट 2047 के अंतर्गत परियोजनाओं पर कार्य निरंतर जारी है।



इसी क्रम में अयोध्या विकास प्राधिकरण (एडीए) ने पवित्र सरयू नदी के किनारे सभी दर्शनीय घाटों को प्रीफैब टॉयलेट्स की परियोजना से आच्छादित करना शुरू कर दिया है, जिससे यहां आने वाले पर्यटकों को प्रसाधन सुविधा के दृष्टिगत किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

**फोकस**

8 उत्तर प्रदेश की योगी सरकार अवधपुरी में धार्मिक पर्यटन को बढ़ाने पर सबसे ज्यादा फोकस कर रही है।

## पीएम आज करेंगे वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट का उद्घाटन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**



**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी 08-10 जनवरी तक गुजरात का दौरा करेंगे। प्रधानमंत्री 10 जनवरी से गांधीनगर में शुरू हो रहे तीन दिवसीय वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट के 10वें संस्करण का उद्घाटन करेंगे। समिट का आयोजन शिखर सम्मेलन का विषय वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट 2024- भविष्य का प्रवेश द्वार है।

इस दौरान प्रधानमंत्री वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल ट्रेड शो का भी उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री शीर्ष वैश्विक निगमों के सीईओ के साथ बैठक करेंगे।

प्रधानमंत्री गिफ्ट सिटी में ग्लोबल फिनटेक लीडरशिप फोरम में प्रमुख व्यापारिक नेताओं के साथ बातचीत करेंगे।

**लोकसभा चुनाव** राजग के घटक दलों के साथ भाजपा सहज दिख रही है, किंतु विपक्षी गठबंधन सीट बंटवारे को लेकर उलझन में

# गठबंधन: कांग्रेस से बड़ी कुर्बानी मांग रहे सहयोगी दल

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**लोकसभा** चुनाव की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है। राजग के घटक दलों के साथ भाजपा सहज दिख रही है, किंतु विपक्षी गठबंधन सीट बंटवारे को लेकर उलझन में है। घटक दलों के साथ कई बैठकों के बावजूद किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंचा जा सका है। सीट बंटवारे का ना फामूर्ला तय हो पाया है और ना ही बातचीत के लिए कोई तिथि। सब अपनी बंशी अलग बजा रहे हैं। कहीं क्षेत्रीय दलों की अपेक्षा बड़ी है तो कहीं कांग्रेस अपनी जमीन छोड़ने के लिए तैयार नहीं है। आधार वाले राज्यों में जदयू, राजद, सपा, आम आदमी पार्टी (आप), तृणमूल कांग्रेस एवं शिवसेना कम सीटों पर तालमेल के लिए तैयार नहीं हैं। उन्हें सीटों के साथ ड्राइविंग भी चाहिए।



**कांग्रेस के रवैये से घटक दलों में बेचैनी:** कांग्रेस के टालू रवैये से घटक दलों की बेचैनी बढ़ने लगी है। कांग्रेस राष्ट्रीय गठबंधन समिति के सदस्य सलमान खुर्शीद का बयान आया कि सीट बंटवारे के लिए रविवार से बैठकें होंगी, किंतु कांग्रेस की ओर से तत्काल कह दिया गया कि यह पार्टी का आधिकारिक बयान नहीं है। खबर है कि समिति के संयोजक मुकुल वासनिक ने घटक दलों से विमर्श करके सीट बंटवारे का फामूर्ला तैयार किया है। शीर्ष नेतृत्व को रिपोर्ट भी सौंप दी है।

**कांग्रेस** को खटका है कि मित्र दल उसे ऐसी सीटें लेने के लिए मजबूर कर सकते हैं जिनपर हार की ज्यादा आशंका है। कांग्रेस 2019 के संसदीय चुनाव में 52 सीटें जीती थी एवं 209 सीटों पर दूसरे नंबर पर थी। इस हिसाब से 261 सीटों पर कांग्रेस की दावेदारी प्रबल है। शेष 282 सीटें मित्र दलों के लिए बच जाती हैं।

**मामला फंसा**

8 सीट बंटवारे का ना फामूर्ला तय हो पाया है और ना ही बातचीत के लिए कोई तिथि। सब अपनी बंशी अलग बजा रहे

## अफगानिस्तान के खिलाफ टी-20 टीम का ऐलान

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

11 जनवरी से अफगानिस्तान के खिलाफ शुरू हो रही तीन मैचों की टी-20 सीरीज के लिए बीसीसीआई ने टीम इंडिया का एलान कर दिया है। रोहित शर्मा के हाथों में टीम की बागडोर सौंपी गई है, जबकि विराट कोहली भी टीम में मौजूद हैं।

**रोहित के हाथों में कमान:** अफगानिस्तान के खिलाफ 11 जनवरी से शुरू हो रही तीन मैचों की टी-20 सीरीज के लिए भारतीय टीम का एलान कर दिया है। टीम की कमान रोहित शर्मा के हाथों में सौंपी गई है। वहीं, लंबे समय बाद विराट कोहली की टी-20 टीम में एंट्री हुई है। शुभमन गिल और यशस्वी जायसवाल को भी टीम में जगह दी गई है। हालांकि, रुतुराज गायकवाड़ को टीम में जगह नहीं दी गई है।




**बुमराह-सिराज को आराम:** साउथ अफ्रीका की धरती पर अपनी गेंदबाजी से जमकर धमाल मचाने वाले जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज की जोड़ी को टी-20 सीरीज के लिए आराम दिया गया है। तेज गेंदबाजी की अगुआई अर्शदीप सिंह करते हुए नजर आएंगे। वहीं, उनका साथ आवेश खान और मुकेश कुमार देंगे।

# समाज के हर वर्ग के लिए बनाई योजनाएं: सीएम

## भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प को पूरा करने में विकसित भारत संकल्प यात्रा निभा रही अहम भूमिका, मुख्यमंत्री, मुख्यमंत्री ने विकसित भारत संकल्प यात्रा में भागीदारी करने वाले लोगों से किया संवाद, पिछले आठ वर्षों में हरियाणा में लगे लगभग 28,000 फूड प्रोसेसिंग यूनिट

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/काजल रानी**
हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि आज देश व प्रदेश में पात्र नागरिकों को सरकारी योजनाओं व सुविधाओं का लाभ स्वतः उनके घर द्वार पर मिल रहा है। पूर्व की सरकारों की भांति लोगों को सरकारी कार्यालयों के चक्कर नहीं काटने पड़ते। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा आम जनता की तकलीफों को दूर करने और समाज में अंतिम पायदान पर खड़े अंतिम व्यक्ति की जरूरत को पूरा करने के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है। इस दिशा में देशभर में चल रही विकसित भारत संकल्प यात्रा उन लोगों तक पहुंचने का एक बड़ा माध्यम बन गई है जो किसी कारणवश अभी तक सरकारी योजनाओं से नहीं जुड़ पाए। भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के



प्रधानमंत्री के संकल्प को पूरा करने में यह यात्रा अहम भूमिका निभा रही है और इस स्वपन को हम सभी को मिलकर पूरा करना है। मुख्यमंत्री आज यहां वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विकसित भारत संकल्प यात्रा में भागीदारी कर रहे लोगों से संवाद कर रहे थे। उन्होंने नागरिकों से अनुरोध किया कि यात्रा में अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित कर केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ अवश्य उठाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस यात्रा का उद्देश्य है कि भारत देश विकसित देशों की श्रेणी में कैसे आए। आज दुनिया के लगभग 200 देशों में 37 देश ऐसे हैं जो विकसित श्रेणी में आते हैं। प्रधानमंत्री ने विजन रखा है कि आने वाले 25 साल अर्थात देश को जब आजाद हुए 100 साल पूरे होंगे तब वर्ष 2047 में भारत भी विकसित राष्ट्र की श्रेणी में आए, जहां हर नागरिक की आवश्यकता पूरी हो। उन्होंने कहा कि रोटी, कपड़ा और मकान-शिक्षा, स्वास्थ्य और सम्मान, यह हर नागरिक को सुलभ तरीके से मिलेगा, तो उस दिन हमारा देश विकसित होगा।

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आम जनता की तकलीफ का अनुभव कर समाज के हर वर्ग के लिए बनाई कल्याणकारी योजनाएं:** मनोहर लाल ने कहा कि लोकतंत्र में सरकार का कार्य जन कल्याण के लिए कार्य करना होता है। बहुत सी सुविधाएं व योजनाओं का लाभ लेने के लिए नागरिकों के समक्ष जो परेशानियां आती हैं, उन्हें किसी प्रकार से दूर किया जाए, ताकि उनके काम सरलता से हो सके, यह सरकार का दायित्व होता है। लेकिन पूर्व की सरकारों के समय लोगों को सरकारी योजनाएं व सुविधाएं प्राप्त करने में बहुत कठिनाइयां होती थी। सरकारी कार्यालयों के चक्कर काट-काटकर लोग थक जाते है, लेकिन उन्हें कोई लाभ नहीं मिलता था। इतना नहीं नहीं, उन्हें भ्रष्टाचार का दंश भी झेलना पड़ता था।

### 'पिछले आठ वर्षों में लगे 28,000 फूड प्रोसेसिंग यूनिट'

**मनोहर** लाल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने 2 लाख से अधिक सूक्ष्म उद्योग स्थापित करने का लक्ष्य रखा है, ताकि लोगों को रोजगार के अवसर मिलें। हरियाणा में भी राज्य सरकार ने हर ब्लॉक में सूक्ष्म उद्योग स्थापित करने की योजना बनाई है। इसके अलावा, राज्य में लगभग 65 हजार स्वयं सहायता समूहों से लगभग 65 लाख महिलाएं जुड़ी हुई हैं। ये समूह अपने छोटे छोटे उत्पाद बनाते हैं और मेलों व बाजार के माध्यम से बेचते हैं। राज्य सरकार ने शहरों में स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों को बाजार उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से सांझा बाजार की परिकल्पना की है, जिसके तहत समूह अपने उत्पाद बेचने के लिए दुकानों की बुकिंग कर सकेंगे।

### 7 स्टार विकास की दिशा में बढ़ रहे: सीएम

**मनोहर** लाल ने कहा कि हमने हरियाणा में 7 स्टार विकास की दिशा में बढ़ रहे हैं यानि शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा, स्वाभिमान, स्वावलंबन, सेवा और सुशासन। इसके आधार पर हम नागरिकों को बहुत सी सेवाएं दे रहे है। लेकिन पिछली सरकारों की छोटी सोच ने समाज को बहुत ही समस्याओं में डाल दिया । इनमें मुख्यत: थ्री-सी हैं, यानि करप्शन, क्राइम और कास्ट बेस्ड पॉलिटिक्स। पिछली सरकारों ने लोगों को जातिगत राजनीति में झोंक दिया और जातियों में बांट कर रख दिया। उन्होंने कहा कि हमने जब वर्ष 2014 में सरकार बनाई, उस समय हरियाणा एक-हरियाणवी एक का नारा दिया। सामाजिक समरसता पर चलते हुए हमने सभी योजनाओं का लाभ नागरिकों को दिया है।

# भाजपा किसान मोर्चा ने नड्डा और सीएम का किया स्वागत



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के रोड शो के दौरान पंचकूला में जन सैलाब उमड़ पड़ा। इस दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल भी शामिल रहे। वहीं हरियाणा में गन्ने का सबसे अधिक भाव दिए जाने पर भाजपा किसान मोर्चा की टीम ने जेपी नड्डा और मनोहर लाल का गन्ना देकर स्वागत किया।
भाजपा किसान मोर्चा की टीम का नेतृत्व अध्यक्ष और बाढडा से पूर्व विधायक सुखविंदर श्योराण ने किया। इस टीम में करनाल से भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री राजेंद्र संधू, दीपक चौहान, मनदीप विर्क,रविंदर खटाना, नरेंद्र गोरसी, जगदीप सांगवान, विक्रम हड़तान, सर्वजीत सोनू एवं रामप्रसाद ढांडा शामिल रहे। इस मौके पर राजेंद्र संधू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व देश मजबूती के साथ आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में हरियाणा में मनोहर लाल के नेतृत्व पारदर्शी सरकार चल रही है।

## न्यूज फ्लैश

### राष्ट्रीय डोजबॉल प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया/गोहाना/(भंवर सिंह)**
डोजबॉल एसोसिएशन हरियाणा द्वारा गोहाना के शहीद मदनलाल ढिंगरा स्टेडियम में दूसरी जूनियर व सब जनूनिय राष्ट्रीय डोजबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता की मेजबानी सत्यानदं पब्लिक स्कूल व केसर न्यूट्रिशन ने की। सांस्कृतिक प्रस्तुति के साथ प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। प्रतियोगिता में करीब 21 राज्यों के एक हजार खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में मुख्य रूप से एचएसएससी के पूर्व सदस्य सत्यवान शेरा, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष तीर्थ राणा, चेयरपर्सन रजनी विरमानी, भारतीय डोजबॉल फैडरेशन (आईडीएफ) के सचिव नरसिम्हा रेड्डी, ऐशिया डोजबॉल फैडरेशन के महासचिव डी सबरमनीम मुख्य रूप से पहुंचे। सत्यवान शेरा ने कहा कि डोजबॉल की राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता हरियाणा में होना हमारे लिए गर्व की बात है। डोजबॉल को एशियन खेलों में भी शामिल किया गया है। इस प्रतियोगिता में करीब 80 प्रतिशत भारत पहुंचा है। करीब 21 राज्यों के खिलाडी प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं। डोजबॉल अंतराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना रखी है। सात जनवारी को फाइनल मुक्काबले होंगे। इसी प्रतियोगिता के विजेताओं को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलने का मौका मिलेगा। तीर्थ राणा ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता गोहाना में होना हमारे लिए गर्व की बात है।

### अनुदान राशि की का सदुपयोग गौ माताओं के संरक्षण एवं संवर्ध के लिए हो: मोहन

**राई** । राई विधायक एवं प्रदेश महामंत्री मोहन लाल बडौली ने कहा कि चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान हरियाणा गौ सेवा आयोग ने चारे के लिए अनुदान सहायता की दूसरी किस्त के लिए हरियाणा गौ सेवा आयोग में पंजीकृत गौशालाओं 27 गऊशालाएं के लिए 2 करोड 72 लाख 85 हजार रुपए अनुदान के लिए दिए गए है। यब बात उन्होंने गौ सेवा आयोग द्वारा जारी की ग्रांट के चैक वितरण समारोह में कही। बडौली ने कहा कि अनुदान की राशि का सदुपयोग गौ माताओं के संरक्षण एवं संवर्ध के लिए हो। बरौदा विधानसभा क्षेत्र में 2 गौशालाओं जय श्री श्याम गौशाला सोसायटी निजामपुर को 233250 रुपए का तथा श्री कृष्ण वाशुदेव गौशाला मुंडलाना को 1884750 रुपए का चैक प्रदान किया। गन्नौर में 8 गौशालाओं श्री राधा कृष्ण गोपाल आदर्श गौशाला सांदल कलां को 417750 रुपए, गौशाला सेवा समिति राजपुर 177000 रुपए, श्री गोरक्षिणी सनातन धर्म सभा गौशाला गढ़ी झाजरा को 1586250 रुपए, श्री कृष्ण परनामी गौशाला सेवा समिति गाढ़ी केसरी को 2115750 रुपए, श्री गौशाला गन्नौर मंडी गन्नौर को 2370000 रुपए, वर्धमान बाबा जुगतीनाथ नव युवक गौशाला खेड़ी गुज्जर को 510000- रुपए, भगत करतार सिंह गौशाला एवं धर्मार्थ समिति संपेड़ा को 181500 रुपए तथा श्री श्री 108 बाबा मोहन दास गौशाला शाहपुर तगा 681000 रुपए का चैक प्रदान किया।



# बिजली उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच की सुनवाई 9 जनवरी

**टीम एक्शन इंडिया/चण्डीगढ़/अंकुश जैन**
**उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम** पंचकूला के उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच के चेयरमैन एवं सदस्य मंच की कार्यवाही 09 जनवरी, 2024 (मंगलवार) को सुबह 11.30 बजे से अधीक्षण अभियंता, पंचकूला के कार्यालय, एस सी ओ नंबर-96, पहली मंजिल, सेक्टर-5, पंचकूला में की जाएगी। सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली की आपूर्ति उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। उपभोक्ताओं की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए निगम द्वारा अनेक महत्वाकांक्षी कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। मंच के सदस्य, पंचकूला जिले के उपभोक्ताओं की सभी प्रकार की समस्याओं की सुनवाई करेंगे जिनमें मुख्यत: बिलिंग, वोल्टेज, मीटरिंग से सम्बंधित शिकायतें, कनैक्शन काटने और जोड़ने बिजली आपूर्ति में बाधाएं, कार्यकुशलता, सुरक्षा, विश्वसनीयता में कमी और हरियाणा बिजली विनियामक आयोग के आदेशों की अवहेलना आदि शामिल हैं। प्रवक्ता ने बताया कि मंच द्वारा बिजली अधिनियम की धारा 126 तथा धारा 135 से 139 के अन्तर्गत बिजली चोरी और बिजली के अनधिकृत उपयोग के मामलों में दंड तथा जुमार्ना और धारा 161 के अन्तर्गत जांच एवं दुर्घटनाओं से संबंधित मामलों की सुनवाई नहीं की जाएगी। सभी उपभोक्ताओं से अनुरोध किया जाता है कि अपनी शिकायतों के निवारण के लिए इस अवसर का लाभ उठाएं ।

# दुष्यंत चौटाला ने डा. अंबेडकर की प्रतिमा का किया अनावरण

## उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने भवन की मांग पर प्रेरित किया कि कुछ ऐसी चीज बनवाओ कि लोग सदैव याद रखें

**टीम एक्शन इंडिया/राई**
**हरियाणा** के उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने संविधान निमार्ता डा. भीमराव अंबेडकर को नमन करते हुए बड़ौली गांव में उनकी प्रतिमा को लोकार्पित किया। साथ ही उन्होंने प्रतिमा के साथ रिक्त भूमि में डिजिटल लाईब्रेरी बनाने की भी घोषणा की, जिसके लिए उन्होंने शीघ्रातिशीघ्र पंचायत से प्रस्ताव प्रेषित करने को कहा। बाबा साहब डा. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के अनावरण समारोह के अवसर पर आयोजित जनसभा को बतौर मुख्यातिथि संबोधित करते हुए उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि वे संविधान निमार्ता को प्रेरणा के तौर पर अपनाते हुए विकास की ओर बढ़ रहे हैं। डा. अंबेडकर का जीवन संघर्षमय रहा, जिन्हें शिक्षा हासिल करने के लिए भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। किंतु उन्होंने हार नहीं मानी और विदेश से भी डिग्री लेकर आये, जिसके बाद उन्होंने देश निर्माण के लिए संविधान बनाया। आज उसी संविधान का असर है कि देश एक है और अखंड है। बाढ़ से यमुना कटाव की चर्चा करते हुए उप-मुख्यमंत्री ने बताया कि बाढ़ पीड़ित क्षेत्रों का उन्होंने स्वयं दौरा किया राई हलका विधायक एवं भाजपा के प्रदेश महामंत्री मोहनलाल बड़ौली ने उप-मुख्यमंत्री का आभार प्रकट करते हुए संविधान निमार्ता डा. अंबेडकर का स्मरण किया। इससे पहले कार्यक्रम में हलका प्रधान अजीत आंतिल , पूर्व हलका प्रधान का ओमप्रकाश रसोई ने ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर जजपा के जिलाध्यक्ष राज सिंह दहिया, भाजपा के जिलाध्यक्ष जसबीर दोदवा, चेयरमैन पवन खरखौदा, चेयरमैन सुमित राणा, जजपा महिला इकाई की जिलाध्यक्ष रजनी मलिक, राजेंद्र कौशिक, माईराम कौशिक, डा. रामकिशन सरोहा, जजपा के अध्यक्ष अजीत आंतिल, पूर्व हल्का हलका अध्यक्ष ओमप्रकाश रसोई आदि पदाधिकारी व गणमान्य व्यक्ति मौजूद ।



# कपालमोचन स्थित श्री गुरु रविदास मंदिर के नवनिर्मित यात्री निवास का किया उद्घाटन

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/दीपिका शर्मा**
**हरियाणा** के सहकारिता एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री डॉ बनवारी लाल ने संत शिरोमणि श्री रविदास महाराज के 647 वें प्रकाश उत्सव पर बिलासपुर में लगभग 50 लाख रुपए की लागत से बने यात्री निवास का उद्घाटन भी किया। सहकारिता मंत्री ने कहा कि श्री गुरु रविदास जी आध्यात्मिक गुरु, समाज सुधारक थे। उन्होंने अपनी आध्यात्मिक शिक्षा के जरिए समाज में भाईचारा कायम किया व लोग जात-पात के चक्कर में न पड़े ऐसे प्रयास किये। उन्होंने समाज को कर्म प्रधान बताते हुए समाज सुधार का काम किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल दलित, पिछड़े व वंचित समाज के लिए अंत्योदय की सोच के साथ कार्य कर रहे है। अंत्योदय की स्कीम परिवार पहचान पत्र के माध्यम से गरीबों को अनेकों सुविधाएं दी जा रही है। ऑनलाइन सर्विस से सबसे ज्यादा गरीबों को फायदा पहुंच रहा है उन्हें घर बैठे ही राशन कार्ड, पेंशन, स्टाइपेंड आदि मिल रहे हैं। सरकार संविधान निमार्ता बाबा भीमराव अंबेडकर के सपने को साकार करते हुए कार्य कर रही है। सहकारिता मंत्री ने कहा कि एस सी समाज के बच्चों को एमबीबीएस करने के बाद एमडी व एमएस में भी सीएम मनोहर लाल ने रिजर्वेशन दिलाने का कार्य किया है। हरियाणा सरकार ने एस सी समाज के लिए विवाह शगुन योजना राशि को बढ़ाकर 71 हजार किया है तथा डॉ भीमराव अंबेडकर आवास योजना के तहत 80 हजार रुपए दिए जा रहे हैं।
समाज के गरीब आदमी को गरीबी से बाहर निकालने के लिए सरकार प्रयासरत है। डा. बनवारी लाल ने कहा कि सरकार एस सी समाज के जितने भी महात्मा व महापुरुष हुए हैं उनका मान सम्मान करने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है।

# पशुपालकों के लिए सरकार ने चलाई कई योजनाएं: संदीप



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**राज्य मंत्री** सरदार संदीप सिंह ने कहा कि पशुपालन को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश सरकार ने कई योजनाएं चलाई हुई हैं जिनसे पशुपालक आर्थिक रूप से सक्षम बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विजन है कि कृषि क्षेत्र से जुड़े युवा विदेश में जाने की बजाय यहीं पर अपना रोजगार स्थापित करें और देश की उन्नति में योगदान दें। उनकी प्रतिभा इसी देश के काम आए। इसी श्रृंखला में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने डेयरी एवं पशुपालन विभाग के जरिए ऐसी योजनाएं चलाई हैं जिसे पशुपालक प्रति माह लाखों रुपए कमा रहे हैं।
राज्य मंत्री संदीप सिंह डेयरी फार्मिंग एसोसिएशन की ओर से थीम पार्क में आयोजित पांच में पशु मेले एवं प्रदर्शनी में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि पशु खरीद कर दूध का काम करने वाले लोगों के लिए भी सरकार ने सस्ते बैंक ऋण की योजना शुरू की हुई है। इतना ही नहीं पशुओं के लिए शेड डालने के लिए आर्थिक सहायता की स्कीम, निशुल्क टीकाकरण एवं उत्तम नस्ल के पशुओं की संख्या में वृद्धि के लिए सीमन बैंक स्थापित किए हुए हैं।
उन्होंने कहा कि कृषि एवं पशुपालन को बढ़ावा देने के लिए सरकार कृषि विश्वविद्यालयों एवं जिला स्तर पर किसान मेले एवं प्रदर्शनियों का आयोजन हर साल करती है। जिनका उद्देश्य किसानों एवं पशुपालकों को प्रोत्साहित करना है।

**पीएम का विजन**

> 8 प्रधानमंत्री का विजन है कि कृषि क्षेत्र से जुड़े युवा विदेश में जाने की बजाय यहीं पर अपना रोजगार स्थापित करें

# रैली में हुड्डा की हुंकार, 'सत्ता परिवर्तन की लड़ाई मजबूती से लड़ूंगा'

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/बरोदा**
कड़ाके की सर्दी के बीच रविवार को बरोदा हलके में आयोजित कांग्रेस की जनआक्रोश रैली में उमड़ी भारी भीड़ को देखकर उत्साहित नेता प्रतिपक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री चौ. भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि वे न तो टायर्ड हैं न रिटायर, हरियाणा में सत्ता परिवर्तन की लड़ाई मजबूती से लड़ेंगे। इस कार्य के लिए उन्होंने जनता से साथ देने का आवाहन किया, जवाब में लोगों ने दोनों हाथ उठाकर पूरा साथ देने का भरोसा दिया। गाँव बरोदा के राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेण्डरी स्कूल के विशाल मैदान में विधायक इंदुराज नरवाल द्वारा आयोजित रैली में उमड़ी भारी भीड़ के जोश को देखकर गदगद भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि अग्नि परीक्षा तो सुनी थी, लेकिन आज सर्दी परीक्षा देख ली। हरियाणा की जनता ने सत्ता परिवर्तन करके काँग्रेस की सरकार बनाने का मन बना लिया है। इंतजार तो सिर्फ चुनाव का है। जन आक्रोश रैली में कांग्रेस पार्टी के विधायक, सांसद, पूर्व मंत्री, पूर्व विधायक, पार्टी के पूर्व अध्यक्ष समेत महिला कांग्रेस, सेवादल, यूथ कांग्रेस, एन एस यू आई, फ्रन्टल संगठनों के पदाधिकारी, जिलों के वरिष्ठ नेता कार्यकर्ता और बड़ी तादाद में स्थानीय लोग मौजूद रहे। हुड्डा ने कहा कि जो हरियाणा 2014 से पहले तक प्रति व्यक्ति आय, प्रति व्यक्ति निवेश, नौकरी देने में नंबर 1 था वो आज बेरोजगारी, अपराध में नंबर 1 पर है। उन्होंने बताया कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के समय उन्होंने प्रदेश में बिजली कारखाने लगवाए, रेल, रोड, मेट्रो बनवाई, एक कलम से 1600 करोड़ के बिजली बिल माफ किये, 11000 सफाई कर्मचारी लगाये लेकिन मौजूदा सरकार गोहाना की मंजूरशुदा रेल कोच फैक्ट्री भी प्रदेश से बाहर ले गई। आज हरियाणा में 2 लाख सरकारी पद खाली पड़े हैं। पक्की नौकरियों को कौशल निगम के जरिए कच्चे में बदल दिया। जिसमें न नौकरी है न पेंशन। यही काम अग्निवीर योजना में हुआ जिसमें 18 साल का नौजवान भर्ती होगा और 4 साल बाद 22 की आयु में बेरोजगार होकर वापस घर लौट आयेगा। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरे हरियाणा में कांग्रेस के पक्ष में बदलाव की हवा चल रही है और प्रदेश में कांग्रेस सरकार बनने जा रही है।
हम जो कहते हैं वो करते हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा में कांग्रेस सरकार बनने पर हर बुजुर्ग को 6000 महीना पेंशन देंगे। हमारी सरकार आने पर गृहणियों को 500 रुपये में रसोई गैस सिलेंडर देंगे।



**साधा निशाना**

> 8 18 साल का नौजवान भर्ती होगा और 4 साल बाद 22 की आयु में बेरोजगार होकर वापस घर लौट आयेगा

### धूमधाम से बनाया पारसनाथ भगवान का जन्म कल्याणक महोत्सव

**टीम एक्शन इंडिया / संजय शर्मा**
**नारनौल। जैन** समाज की तरफ से श्री 1008 भगवन पारसनाथ व चंद्रप्रभ भगवान का जन्म व तप कल्याणक महोत्सव श्री 1008 भगवन पारसनाथ जैन मंदिर में बड़ी धूम धाम से बनाया गया जिसमे कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वजारोहण के साथ करने का सौभाग्य जैन समाज के पूर्व प्रधान भगवान दास जैन को प्राप्त हुआ उसके पश्चात दीप प्रज्ज्वलित कर-के का सौभाग्य सूरज जैन को प्राप्त हुआ अभिषेक करने वालो का सुबह से ही ताता लगा रहा प्रथम अभिषेक करने का सौभाग्य अरूण जैन को प्राप्त हुआ।

# आमजन को हमारा संकल्प-विकसित भारत का दिलाया जा रहा संकल्प

**टीम एक्शन इंडिया/चण्डीगढ़**
**कोसली** के विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने रविवार को विकसित भारत-जनसंवाद-संकल्प यात्रा का कोसली विधानसभा के गांव रोहडाई व जुड्डी, में पहुंचने पर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई विकसित भारत संकल्प यात्रा अंत्योदय के सपने को साकार कर समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाने में कारगर साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों की संख्या मं प्रतिदिन बढ़ोतरी हो रही है। उन्होंने कहा कि अब तक लाखों लाभार्थी सरकार की अंत्योदय योजनाओं का लाभ उठाकर लाभान्वित हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि मोदी की गारंटी का मतलब है सुशासन, अंत्योदय और जन कल्याणकारी योजनाएं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मजबूत और प्रभावी नेतृत्व का एक उत्कृष्ट उदाहरण हैं, जो केवल वादे ही नहीं करते बल्कि अपने वादों को पूरा भी करते हैं। विधायक ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद के दौरान नागरिकों में नई उमंग व जोश भरने के लिए मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने कार्यक्रम में भागीदारी करने वाले लोगों से वर्चुअल माध्यम से संवाद किया। प्रचार वैन में लगी एलईडी स्क्रीन के माध्यम से लाभार्थियों को मुख्यमंत्री मनोहर लाल के संदेश का प्रसारण दिखाया गया, जिसे देखकर लाभार्थियों में जोश व उत्साह का संचार हुआ। यात्रा के दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित अंत्योदय पर आधारित स्टॉल लगाकर आमजन को जागरूक करते हुए लाभान्वित किया गया।

**लभार्थी**

> 8 माध्यम से लाभार्थियों को मुख्यमंत्री मनोहर लाल के संदेश का प्रसारण दिखाया गया

# गठबंधन सरकार ने किया जींद जिले के साथ विश्वासघात: सुरजेवाला

## सुरजेवाला ने कहा : सुरजीत अलेवा व जींद के साथियों के साथ मिलकर जींद जिले की पांचो विधानसभा सीटें कांग्रेस की झोली में डालेंगे

**टीम एक्शन इंडिया/अलेवा, उचाना, जींद**
**हाथ से** हाथ जोड़ो अभियान के तहत अलेवा में प्रमुख समाजसेवी सुरजीत सिंह अलेवा द्वारा "संकल्प दिवस" प्रोग्राम आयोजित किया गया। बतौर मुख्यातिथि के तौर पर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस महासचिव व सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला ने शिरकत की। कार्यक्रम ने विशाल रैली का रूप धारण कर लिया। सभा में मौजूद सभी साथियों को संबोधित करते हुए भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस महासचिव व सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला ने भाजपा जजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा जजपा का डीएनए किसान व मजदूर विरोधी है। इन तानाशाही सरकारों ने देश व प्रदेश के किसानों व मजदूरों की पीठ मे छुरा घोपने का काम किया है। मोदी-खट्टर- दुष्यंत ने अगली फसल व अगली नस्ल को बर्बाद करने का काम किया है। भाजपा व जजपा सरकार ने आपके बच्चो के मुह से निवाला छीनने का दुश्हास किया है। सुरजेवाला ने कहा कि किसानों की आय दुगुनी, 50% मुनाफा देने का वायदा करके सत्ता में आई भाजपा सरकार ने किसानों को खून के आंसू रुलाने व उन्हें छलने का काम किया है। पेट व पीठ एक करके हल जोतने वाले किसानों को उसकी फसल का टरढ क्यों नहीं मिल रहा व अपना हक मांगने वाले किसानों को लाठियों से क्यों पीटा जाता है खेती पर जीएसटी के माध्यम से टैक्स क्यों लगा दिया गया खाद पर 5 प्रतिशत जीएसटी लगा दिया, कीटनाशक दवाई पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगाया और ट्रैक्टर तथा खेती के उपकरणों पर 12 प्रतिशत जीएसटी लगाया। खाद और कीटनाशक दवाईयों की कीमतों में मोदी सरकार के सात सालों में लगभग 100 प्रतिशत बढ़ोत्तरी हुई है। मोदी सरकार ने डीजल की कीमतें बढ़ाकर खाद-बीज-कीटनाशक दवाई-बिजली-कृषि उपकरणों की कीमतें बढ़ा दी।



### 'देश का युवा दर दर की ठोकरें खाने को मजबूर'

**देश** का युवा दर दर की ठोकरें खाने को मजबूर है। हरियाणा का 7 लाख 72 हजार युवा कच्ची नौकरी के लिए दर दर की ठोकरें खा रहा है। भाजपा-जजपा सरकार बताएं क्या इस तरह से देश व प्रदेश चलेगा रणदीप सुरजेवाला ने दुष्यंत चौटाला पर प्रहार करते हुए कहा कि खट्टर व दुष्यंत सरकार ने हरियाणा के युवाओं के भविष्य को बेच दिया है। 47 बार पेपर बिक चुके हैं। हरियाणा के लोगों ने 10 विधायक जजपा पार्टी को दिए तो दुष्यंत ने खुद को भाजपा के हाथों बेच दिया। अगर उनके कहे अनुसार 47 सीटें जजपा को दें तो वो पूरे हरियाणा को ही बेच देंगे। एक दूसरे को जमुना व हरियाणा से बाहर करने वाले खट्टर व दुष्यंत एक दूसरे के यार और गोदी में बैठ गए हैं।

# भागवत कथा से सभी के कष्ट दूर होते हैं: राजीव जैन

## ंसान को वक़्त का इंतजार करने की बजाए जीवन के प्रारंभ से ही अपना समय धर्म एवं समाज की सेवा में लगाना चाहिए

**भागवत कथा**

8 राजीव जैन ने कहा कि मानव जीवन नश्वर है और कभी भी पानी के बुलबुले की तरह समाप्त हो सकता है





**सोनीपत/संजीव कौशिक**

**भागवत कथा का** श्रवण करने से सभी के कष्ट दूर होते हैं मानव धर्म के मार्ग पर चलने लगता है, भागवत कथा के आयोजन से पुण्य का लाभ मिलता है इसलिए भागवत ग्रंथ सभी ग्रंथो में सर्वश्रेष्ठ माना जाता है।

उक्त विचार मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं भाजपा नेता राजीव जैन ने हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी सेक्टर 15 तथा हुडा ऑफिस ग्राउंड में पंडित विशाल शर्मा द्वारा आयोजित भागवत कथा श्रवण करने के बाद भागवत प्रेमियों को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी मे परम श्रद्धेय श्री बाल व्यास जी तथा हुडा ऑफिस ग्राउंड मे आचार्य श्री लखन शांडिल्य जी के मुखारविंद से हजारो श्रद्धालु भाव विभोर होकर कथा का श्रवण कर रहे हैं।

राजीव जैन ने कहा कि मानव जीवन नश्वर है और कभी भी पानी के बुलबुले की तरह समाप्त हो सकता है।

इसलिए इंसान को वक़्त का इंतजार करने की बजाए जीवन के प्रारंभ से ही अपना समय धर्म एवं समाज की सेवा में लगाना चाहिए। उन्होंने कहा कि भागवत कथा का पूरे मनोयोग से श्रवण कर एक-एक शब्द को आत्मसात कर उस पर चलने का प्रयास करेंगे तो कथा का आयोजन सार्थक होगा। उन्होंने आगे कहा कि 22 जनवरी को राम मंदिर का उत्सव धूमधाम से महा दीपावली के रूप में मनाने की अपील की।

इस अवसर पर मनोज सिंघल, अनिल सिंघल,साहिल, प्रियांशु, अजय, राजेश, सोनू, आशीष, सचिन, जसबीर दहिया, मुकेश कौशिक, राम शंकर शर्मा, तरुण शांडिल्य, विशाल शर्मा, सुषमा बजाज, दीपक शर्मा, नवीन जैन, महेश अनेजा एवम सैकड़ों भक्तजन मौजूद रहे।

# मेगा स्वास्थ्य जांच कैंप मे 133 मरीजों ने लिया स्वास्थ्य लाभ

**सेवा**

8 हर महीने के पहले रविवार को यह कैंप लगेगा ताकि जरूरतमंद लोग अपना इलाज करवा सके



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

सेफ इंडिया फाउंडेशन व अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन जिला सोनीपत इकाई, महिला व युवा जिला इकाई, श्री श्याम बाला जी सेवा मंडल, रोटरी क्लब ऑफ सोनीपत एक्सीलेंस, कृष्णा सेवी श्याम मिष्ठान भण्डार द्वारा शम्भूदयाल स्कूल मे आयोजित मेगा स्वास्थ्य जाँच कैंप का 133 मरीजों ने लाभ लिया। सेफ इंडिया फाउंडेशन के प्रधान संजय सिंगला व चेयरमैन वाई के त्यागी ने बताया कि हर महीने के पहले रविवार को यह कैंप लगेगा ताकि जरूरतमंद लोग अपना इलाज करवा सके। सम्मेलन के प्रधान अनिल गुप्ता व महासचिव एडवोकेट अरविन्द मित्तल ने बताया कि सिग्नस हस्पताल की टीम द्वारा 133 मरीजों के शुगर बी पी, ई सी जी व स्वास्थ्य जाँच की गई। आँखों के 57 मरीजों की जांच संजोग हस्पताल के डॉक्टरों द्वारा की गई जिसमे से 8 मरीजों के हस्पताल द्वारा मुफ्त मे ऑपरेशन किये जायेंगे,डॉक्टर वरुण शर्मा द्वारा 12 मरीजों के दांतो का चेकअप किया गया। 45 रक्तदाताओं ने रोटरी ब्लड बैंक की टीम को रक्तदान किया व रोटरी द्वारा रक्तदाताओं को उपहार मे हेलमेट दिया गया ,वर्मा लैब द्वारा मुफ्त मे टेस्ट किये गए । कैम्प इंचार्ज बलराज वशिष्ठ व प्रियांशु वशिष्ठ ने बताया कि डॉक्टर एस एन गुप्ता व राजेश गुप्ता द्वारा मरीजों को तीन दिन की दवाई मुफ्त मे दी गई जो सोनू कालरा,नितिन तनेजा द्वारा बांटी गई । अनिपाल लाकड़ा ने सर्वाइकल की जाँच की संस्थाओं द्वारा शम्भूदयाल स्कूल की कार्यकारिणी का विशेष आभार जताया गया।श्याम बालाजी मंडल के हरि कौशिक, संदीप शर्मा,महिला प्रधान बबीता जिंदल ने बताया की इस कैंप मे सिग्नस हस्पताल से डॉक्टर कविता ,डॉक्टर मिंटू , आँखों के डॉक्टर सुरेश, दांतो के डॉक्टर वरुण शर्मा व इरफान आदि ने लोगों की जाँच की ,विवेक गर्ग,संदीप शर्मा , रोटरी ब्लड बैंक के चेयरमैन सी ए दीपक गुप्ता, डॉक्टर विकास कुमार, आनंद अग्रवाल, अशोक गुप्ता आदि ने सेवा की।

# शादी लाल की पुण्यतिथि पर अस्पताल में किया भोजन वितरित



**भोजन वितरित**

8 हमेशा अपने स्वर्गीय पिता जी की प्रेरणा से समाज सेवा के पुण्यात्मक कार्यों में संलग्न रहता हूं

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** लोकनायक जयप्रकाश नारायण हॉस्पिटल कुरुक्षेत्र में जेसीआई समाजसेवी संस्था के वरिष्ठ सदस्य ललित चोट्टानी ने अपने स्वर्गीय पिता श्री शादी लाल चोट्टानी की पुण्यतिथि पर मरीज को नाश्ता, दोपहर का भोजन वितरित किया ।भोजन वितरण कार्यक्रम में जन सहयोग संस्था के संस्थापक मास्टर जितेंद्र कुमार जीतू व अन्य सदस्यों ने भोजन वितरण में भरपूर सहयोग दिया । भोजन कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए समाजसेवी संस्था जेसीआई के सचिव भरत वधवा ने कहा कि सभी ने ललित चोट्टानी से प्रेरणा लेते हुए अपने बुजुर्गों को पुण्यतिथि पर अवश्य याद करना चाहिए और एक नेक काम अवश्य समाज सेवा का करके अपने बुजुर्गों को श्रद्धांजलि देनी चाहिए क्योंकि ऐसा करने से दिवंगत बुजुर्गों का मरणोपरांत भी परिवार कोआशीर्वाद मिलता रहता है। उन्होंने कहा कि गरीबों और असहाय तथा मरीजों को भोजन वितरण करना बहुत ही पुण्यात्मक कार्य है। जेसीआई संस्था के वरिष्ठ सदस्य ललित चोट्टानी ने कहा कि मैं हमेशा अपने स्वर्गीय पिता जी की प्रेरणा से समाज सेवा के पुण्यात्मक कार्यों में संलग्न रहता हूं। भोजन वितरण कार्यक्रम में जेसीआई संस्था के सचिव भरत वधवा, मनमोहन सिंह छटवाल, सुरेंद्र सुधा, लखविन्द्र पाल ग्रेवाल, मास्टर जितेंद्र, मिथुन समाना,यामिनी, परमजीत पिताजी ने भोजन वितरण कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर सहयोग दिया।

# श्री हनुमान चालीसा के 21 हजार पाठ किए

**(जय श्रीराम के जयकारों से गूंजा श्री अग्रसेन धाम)**



**कुंडली:** अयोध्या में प्रभु श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा एवं माता महालक्ष्मी श्री अग्रसेन धाम नवनिर्माण के शुभ उपलक्ष में श्री अग्रसेन धाम कुंडली में श्री हनुमान चालीसा के 21 हजार पाठ किए गए ' भारतीय धर्म संसद के राष्ट्रीय संयोजक गोस्वामी सुशील जी महाराज, श्रद्धेय विवेक मुनि जी महाराज, आचार्य श्री देवेंद्र जी महाराज ओशो , आचार्य श्री रामचंद्र बोहरे जी सहित वरिष्ठ भाजपा नेता जय भगवान गोयल, पूर्व विधायक नील दमन खत्री, मुख्यमंत्री हरियाणा के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन जैसे सैंकड़ों गणमान्य श्रद्धालु शामिल हुए । श्री अग्रसेन धाम के राष्ट्रीय संस्थापक अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल ने कहा कि पूरा देश राममय होकर लगातार भगवान श्री राम और श्री हनुमान जी के अनुष्ठान कर रहा है, यह सबके लिए सौभाग्य का पल है। इसी निमित्त श्री अग्रसेन धाम में भी संकटमोचन हनुमान जी के 21000 पाठ किए गए । राजेंद्र अग्रवाल ने बताया कि मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं को अयोध्या से आए पीले अक्षत वितरित करके निमंत्रण भी दिया जा रहा है। संस्था के पदाधिकारी एवं राज्यपाल असम के पूर्व सूचना सलाहकार अतुल सिंघल के अनुसार आने वाली 22 जनवरी की प्रतीक्षा पूरे विश्व में फैले सनातन धर्मावलंबियों को है। उसी दिन हम एक ऐतिहासिक पल के साक्षी बनेंगे व प्रभु श्री राम के मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा समारोह किसी भी प्रकार दीपावली जैसे महोत्सव से कम नहीं होगा ' श्री सिंघल ने बताया कि 22 जनवरी से ही कुंडली में मंदिर के पुनर्निर्माण का कार्य भी शुरू किया जाएगा। विवेक मुनि जी महाराज जी ने कहा कि श्री अग्रसेन धाम कुंडली में माता महालक्ष्मी व भगवान श्री राम जी की पूजा साक्षात श्री लक्ष्मी नारायण महापूजा का संगम है उन्होंने कहा यह एक ऐसी पवित्र स्थली है जोशी ग्रुप से एक धर्म शक्तिपीठ के रूप में स्थापित है निश्चित रूप से यहां पर माथा टेकने वाले भक्तों की सभी मनोकामना सम्पूर्ण होंगी ।

# कोई भी व्यक्ति रोटी बैंक से ले सकता है भोजन: डॉ. वर्मा



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र(दलबीर मलिक)** हरियाणा पुलिस के दबंग आईपीएस अधिकारी श्री श्रीकांत जाधव साहब के दिशानिदेर्शों एवं मार्गदर्शन एवं पुलिस अधीक्षक कुरुक्षेत्र सुरेंद्र भौरिया के सानिध्य में रोटी बैंक शाखा कुरुक्षेत्र16 मई 2018 से प्रतिदिन निरंतर और नियमित जरूरतमंद लोगों के घर तक जाकर भोजन पहुंचा रही है। समय और ऋतू अनुसार वस्त्र, अन्य खाद्य पदार्थ, स्वच्छता के लिए आवश्यक वस्तु का वितरण किया जा रहा है। यह रोटी बैंक शाखा प्रधान सेवक डॉ. अशोक कुमार वर्मा के नेतृत्व में भोजन वितरण कार्य में जुटी हुई है।

# रोटरी क्लब द्वारा जरूरतमंदों को वस्त्र वितरित किये गए



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** रोटरी क्लब औद्योगिक क्षेत्र, अम्बाला छावनी ने जरूरतमंद व्यक्तियों के लिए टांगरी बंद के पास मां की पाठशाला में पुराने वस्त्र वितरण का आयोजन किया।

इस पुराने ऊनी वस्त्र वितरण में क्लब के अध्यक्ष रोटेरियन राज कुमार शर्मा, मधु शील अरोड़ा, अनिल सहगल, प्रोफेसर एसपी शर्मा, अनीता शर्मा और चांद चावला मौजूद रहे। अनिल सहगल और मधु शील अरोड़ा प्रोजेक्ट डायरेक्टर थे।

अध्यक्ष रोटेरियन राज कुमार शर्मा ने माँ की पाठशाला के सभी रोटेरियन और कर्मचारियों को धन्यवाद दिया और यह भी बताया कि लोहड़ी समारोह भी पाठशाला के सभी छात्रों की उपस्थिति में माँ की पाठशाला में मनाया जाएगा।

# संकल्प यात्रा के माध्यम से लोगों ने सुना मुख्यमंत्री का लाइव संदेश



**उत्साह**

8 संकल्प यात्रा के तहत एलईडी के स्क्रीन पर दिए गए लाइव संदेश को उत्साह व उमंगपूर्वक सुना

**टीम एक्शन इंडिया/समालखा**

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत खोजकीपुर में आयोजित जन संवाद कार्यक्रम मे कई हजार लोगो ने मुख्यमंत्री का मनोहर लाल का विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत एलईडी के स्क्रीन पर दिए गए लाइव संदेश को उत्साह व उमंगपूर्वक सुना। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के प्रति लोगों में उमंग व उत्साह है। विकसित भारत संकल्प यात्रा गांव-गांव वार्ड-वार्ड जाकर लोगों को सरकार की योजनाओं की जानकारी दे रही है। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना आयुष्मान कार्ड व कई अन्य योजनाओं की वर्तमान स्थिति के लाभ से अवगत कराया। इस मौके पर ग्रामीणों ने विकसित भारत के संदर्भ में शपथ भी ली। भाजपा के जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट और डीसी डॉ वीरेंद्र कुमार दहिया व अन्य प्रशासनिक अधिकारियों ने स्टालों का अवलोकन किया और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की वर्तमान स्थिति के बारे में अधिकारियों से जानकारी ली।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि ग्रामीणों को संबोधित करते हुए बीजेपी के जिला अध्यक्ष दुष्यंत भटट ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देशवासियों द्वारा दी गई एक एक वोट आज विश्व स्तर पर हर हिंदुस्तानी का सीना चौड़ा कर रही है । दुष्यंत भट्ट ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में चारों दिशाओं में भारत का डंका बज रहा है। विकसित भारत की नींव रखी जा चुकी है। आने वाले 25 सालों में हम आजादी के 100 वर्ष जब पूर्ण करने जा रहे होंगे तो हम एक विकसित राष्ट्र के रूप में अपनी पहचान बन चुके होंगे।

कार्यक्रम में जिला महामंत्री कृष्ण छोक्कर ने कहा की भारत बहुत बड़ी ताकत के रूप में उभर रहा है। आने वाले समय में दुनिया को भारत की ताकत का अंदाजा हो जाएगा। आज देश की पहचान ताकतवर देश के रूप में हो रही है। आज दुनिया के विकसित देश भारत की प्रगति को देखकर हैरान हैं। इन 10 सालो में देश आर्थिक रूप से जहां मजबूत हुआ हैं वही बहुत से क्षेत्र है जहां हम आत्म निर्भर भी हुए हैं। कार्यक्रम में साढ़े तीन हजार लोगो को कूपन दिए गए व बाद में ड्रा निकाला गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा के इस कार्यक्रम मे पहली बार ड्रा इवेंट हुआ जो आगे भी जारी रहेगा। गांव के पूर्व पुलिस ऑफिसर, खिलाड़ियों सामाजिक कार्यकर्ताओं और मेधावी छात्रों को भी सम्मानित किया गया। स्कूली छात्राओं द्वारा बेहतरीन सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गई।

# निर्माणाधीन फैक्टरी के सामने रखे लोहे के बडंल चोरी

**सोनीपत: राई** थाना क्षेत्र के गांव अटेरना में स्थित निमार्णाधीन फैक्टरी के सामने रखे लोहे के बंडल चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मौके का मुआयना कर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव अटेरना निवासी कमलेश ने बताया कि वह कंपनी में फोरमैन की नौकरी करता है। हालत में उनकी कंपनी का काम प्लॉट नंबर-2293 एफ में चल रहा है।

# सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना संपन्न



**पावटी** में आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना कैम्प के समापन के अवसर पर एन् एस एस जिला संयोजक सुनील मलिक ने स्वयं सेवकों को अपने सम्बोधन मे कहा की समय एक मूल्यवान संसाधन है जो हमें अपने जीवन की सफलता और समृद्धि की और को जाने मे मदद करता है ।हमें इसका सदु ?पयोग करके अपनी गतिविधियों को प्रबिधित करने का आधार देता है। विद्यार्थी के जीवन में समय का महत्व और भी बढ़ जाता है विद्यार्थी के जीवन में समय का महत्व हम शब्दों में ब्यान नही कर सकते। इस अवसर पर प्रवक्ता नवीन सिंह ने कहा की सोशल मीडिआ हमारे जीवन का अभिन्न अंग बन चुका है। परन्तु जीवन में सोशल मीडिया का संतुलन बना रहना चाहिए। अगर बुद्धिमानी से प्रयोग किया जाए तो यह एक वरदान साबित हो सकता है। प्राचार्य साहब सिंह रंगा ने सभी स्वम सेवको एवं कार्यक्रम अधिकारी दया शकर को कैम्प के सफल आयोजन पर बधाई दी इस अवसर पर समाज सेवी नव रत्न पावटी, सुमन, , प्रवीण, काजल, तमन्ना, राहुल आदि उपस्थित रहे।

# दो-पहिया वाहन चोरी की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत: शहर** सोनीपत पुलिस ने दो-पहिया वाहन चोरी की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित साहिल निवासी पिपली खेड़ा का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। गांव शहजादपुर निवासी राजवीर शर्मा ने गत 22 नवंबर को पुलिस से शिकायत दी थी कि वह शहर के सिटी अस्पताल में नौकरी करता है। किसी ने उसकी मोटरसाइकिल को चोरी कर लिया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया था।

# खत्री सभा के चुनाव सर्वसम्मति से हुए संपन्न

**चुनाव**

8 अंबाला शहर के बीच में सभा मेड़ राजपूत धरमशाला, अंबाला शहर में आयोजित की गई



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** गत दिवस गोविंदपुरी, शमशान घाट (रजि.) खत्री सभा अम्बाला शहर में एक जनरल मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसमे सभा के मेंबरों ने शिरकत की। इस सभा में कई मुद्दों पर विचार विमर्श किया गया। इसके उपरांत सभी खत्री सभा (रजि.) अंबाला शहर के बीच में सभा मेड़ राजपूत धरमशाला,अंबाला शहर में आयोजित की गई। जिसमें खत्री सभा अंबाला शहर का मतदान प्रक्रिया बारे विचार किया गया। मतदान की अध्यक्षता दीपक भोला समाज सेवक द्वारा की गई। सभा में पुरानी कार्यकारिणी समिति के प्रधान द्वारा रद्द कर दिया गया। इसके उपरांत सर्वसम्मति से सभा के मेंबरों द्वारा संरक्षण के.एस.के वर्मा, प्रधान विजय मेहरा, महामंत्री राजेंद्र मेहता, कैशियर रमन मल्होत्रा को पद दिए गए।

इस दौरान खत्री सभा के सभी सदस्य द्वारा खत्री सभा के नवनिर्मित प्रधान विजय मेहरा को अधिकार दिया गया कि बाकी सभा के सदस्यों की कार्यकरणी का चयन अपनी अध्यक्षता में करेंगे।

# त्याग, तपस्या की प्रतिमूर्ति लक्ष्मण भ्राता की मनाई पुण्यतिथि



**याद किया**

8 पूर्व क्षेत्रीय निदेशक श्रद्धेय लक्ष्मण भ्राता जी की 7वीं पुण्यतिथि, स्मरणांजलि दिवस के रूप में मनाई गई

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** विश्व शांति धाम ब्रह्माकुमारीज कुरुक्षेत्र सेवा केंद्र के संस्थापक और पूर्व क्षेत्रीय निदेशक श्रद्धेय लक्ष्मण भ्राता जी की 7वीं पुण्यतिथि, स्मरणांजलि दिवस के रूप में मनाई गई। ब्रह्माकुमार , ब्रह्माकुमारियों ने भ्राता जी को अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि पुष्प अर्पित करते हुए दिव्य गुणों को धारण करने का संकल्प लेकर दी। करनाल ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र से पधारी बी.के प्रेम दीदी ने श्रद्धेय लक्ष्मण भ्राता जी की विशेषताओं, चमत्कारी आध्यात्मिक व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि त्याग, तपस्या की प्रतिमूर्ति, महारथी, महावीर, बाबा के नूरे रतन आदि अंलकारों से सुशोभित भ्राता जी को श्रद्धासुमन अर्पित करने स्मृति दिवस मनाने और उनकी मधुर यादों को ताजा करने के लिए एकत्रित हुए हैं। उन्होंने अपना पूरा जीवन परमात्मा की सेवा में समर्पित कर दिया। भक्ति मार्ग में तो हम अनेक आत्माओं के नाम सुनते हैं, पर ज्ञान मार्ग में हजारों आत्माओं के प्रेरणास्रोत बन कर उदाहरण हो गए। उन्होंने बताया कि परमात्मा का सत्य परिचय मिलने के बाद जीवन में ऐसी दृढ़ता धारण की, जिसने अपने जीवन के साथ दूसरों को भी बदल दिया। उन्होंने बताया कि भ्राता जी ने दधीचि ऋषि की तरह अपनी एक-एक हड्डी यज्ञ सेवा में स्वाहा की- यह बात उनके लिए कहने में कोई अतिशयोक्ति नहीं है। तीक्ष्ण बुद्धि और वाणी की शक्ति से हर व्यक्ति को प्रभावित कर अपना बना लेते थे। उन्होंने गांव-गांव जाकर प्रोजेक्टर के माध्यम से परमात्मा का परिचय दिया और अनेक सेवाएं करते हुए अपना जीवन प्रभु को समर्पित कर दिया। उन्होंने सभी बहन भाइयों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सब लोग भी धन्य हैं, जिन्होंने ऐसी महान विभूति की पालना ली। बी.के शकुंतला दीदी ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि लक्ष्मण भ्राता जी कुरुक्षेत्र के ब्रह्मा बाबा थे, जिन्होंने कुरुक्षेत्र सेवा केंद्र में इतनी सुंदर फुलवारी लगाई। आज वे स्थूल रूप में हमारे बीच नहीं है, पर सूक्ष्म रूप में आज भी हम सब के बीच हैं। हम सभी को उनके जीवन शैली से प्रेरणा लेने की सीख दी। सेंटर इंचार्ज राजयोगिनी बी.के सरोज बहन ने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि हमें भी ऐसी महान आत्माओं का अनुसरण करना है। उन्होंने कहा कि साकार में हमने उनके साथ जो शिक्षाएं और प्रेरणाएं ली, जब उन्हें अनुभव के रूप में सुन रहे थे, तो उमंग, उत्साह का अनुभव होता हैं। भ्राता जी ने सेवा मे जो उमंग उत्साह दिखाया, वैसा हमें भी दिखाना है। सरोज बहन ने बताया कि वे सबसे मित्रता पूर्ण संबंध बना कर रखते थे।

## न्यूज़ फ्लैश

### सड़क उखाड़ भूल गया विभाग, तीन गांवों के लोगों ने सड़क पर खड़े हो किया प्रदर्शन



**पानीपत/कमाल हुसैन** गांव सनौली से रिशपूर जाने वाली मैन सडक उखाड कर बनाना भूला विभाग व ठेकेदार से नाराज तीन गांव झामबा कालौनी, सनौली कालौनी और रिशपूर के लोगों ने सडक पर खडे हो रोष प्र?दर्शन किया है। सडक से सिमेंटिड टायलो को उखाड कर दूकानो के आगे रखने से दूकानदारी भी चौपट हाने से भारी रोष बना हुआ है। सडक बनाने को लेकर विभाग से टेंडर लेने वाले ठेकेदार ने सडक निर्माण को लेकर दो महिने पहले उखाड़ दी थी मगर अब तक सडक निर्माण का सुध नही ली। इस सडक को उखाडने पर तीन गांव गांव झामबा कालौनी, सनौली कालौनी और रिशपूर के ग्र?ामीण गांव रिशपूर के लोगों को पत्थर-रोडे से गुजरना पड रहा है। उखड पडी सडक से चलना भी दूभार हो गया है। गांव रिशपूर के सरपंच राजदीप, पूर्व सरपंच नर सिंह रावल, पूर्व सरपंच रविन्द्र रावल रिशपूर, गांव सनौली के सरपंच संजय त्यागी, गांव झामबा के सरपंच प्र?तिनिधि महेश कुमार, डा राजेश रावल का कहना है कि तीन गांवों जाने वाली सडक में गांव सनौली से रिशपूर जाने वाली सडक को निर्माण कराने को लेकर पीडब्ल्यूडी विभाग ने ठेकेदार से उखाडवाई गई थी। सडक उखाडने के दो महिने बीत जाने के बाद भी उखडी पडी सडक का निर्माण कार्य शुरू नही हो सका है। सडक पर पडे रोडी-बजरी पर चलना भी लोगों को दूभर हो रहा है। सडक का निर्माण कार्य अधर में लटका पडा होने से परेशान ग्रामीणों ने सरकार व विभाग प्रशासन के खिलाफ रोष ब्याप्त हैं । और ग्रामीणों ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर जल्द ही उखडी पडी सडक का निर्माण कार्य पूरा नही किया गया तो वे मजबूर होकर मैन नेशनल हाईवे हरिद्वार रोड पर धरना देगें । ग्रामीण ड़ा राजेश रावल, मनोहर, अनील, राजन, रवि, ईश्वर, श्याम लाल, मिनाक्षी, पुनम, अनीता, रेखा, कोमल, बबली का कहना है कि पिछले 15 वर्षो से सडक की खस्ताहालत थी । अब दो महिने पहले ही सडक को उखाड कर निर्माण कार्य को लेकर पूरानी सडक से मैटीरियन उतार कर ले गए थे। इसके बाद सडक पर चलने का रास्ता पहले से भी खाराब हो गया और अब सडक पिछले दो महिने से अधर में पड़ी हुई है।

### यूनिकॉमर्स ईसॉल्यूशंस लिमिटेड ने सेबी के समक्ष डीआरएचपी दाखिल किया

**नोएडा।** यूनिकॉमर्स ईसॉल्यूशंस लिमिटेड (ह्यद कंपनीह्न), जो 31 मार्च, 2022 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए राजस्व के मामले में ट्रांजेक्शन प्रोसेसिंग लेयर में भारत का सबसे बड़ा ई-कॉमर्स सक्षम सॉफ्टवेयर-एज-ए-सर्विस (रंर) प्लेटफॉर्म है (स्रोत- रेडसीर रिपोर्ट), ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के समक्ष अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दायर किया है। वित्त वर्ष 2022 के दौरान भारत में इस सेगमेंट में शीर्ष पांच खिलाड़ियों में यूनिकॉमर्स एकमात्र लाभदायक कंपनी है (स्रोत- रेडसीर रिपोर्ट)। 2012 में स्थापित, यूनिकॉमर्स वित्त वर्ष 21 से पीएटी-पॉजिटिव रहा है। डीआरएचपी के अनुसार कंपनी के पास लाभप्रदता और विकास का लगातार ट्रैक रिकॉर्ड है, जिसमें वित्त वर्ष 23 और वित्त वर्ष 22 में पिछले वित्तीय वर्षों की तुलना में 52.56 प्रतिशत और 47.55 प्रतिशत की राजस्व वृद्धि हुई है। सितंबर 2023 को समाप्त अवधि के लिए, यूनिकॉमर्स ने 103.74 करोड़ रुपये का एनुअल रेकरिंग रेवेन्यू (एआरआर) हासिल किया। आरंभिक सार्वजनिक निर्गम के ऑफर में सेलिंग शेयरहोल्डर (बिक्री के लिए ऑफर) द्वारा 1 रुपये की फेस वैल्यू के प्रत्येक इक्विटी शेयर के साथ कुल 2,98,40,486 इक्विटी शेयरों की बिक्री का प्रस्ताव शामिल है।

# आपदा से निपटने के लिये जन सहयोग जरूरी : राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय

## विधायक के साथ किया यमुना के तटबंधों का दौरा



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि किसी भी आपदा से निपटने के लिये केवल सरकारी प्रयास ही काफी नहीं हैं। इसके लिये जन भागीदारी भी जरूरी है। उन्होंने प्रदेश व राष्ट्र की प्रगति के लिये हर क्षेत्र में महिलाओं की भौदारी बढ़ाने पर भी जोर दिया।

राज्यपाल आज घरौंडा हलका के गांव लालुपुरा में विकसित भारत संकल्प यात्रा के पहुंचने पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने विधायक हरविंद्र कल्याण के साथ विभिन्न विभागों की ओर से आयोजित स्टाल्स का अवलोकन किया तथा बुजुर्गों से बातचीत की। सरपंच ओमबीर व गांव के मौजिज लोगों की ओर से राज्यपाल का पगड़ी पहनाकर व शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया गया। इस मौके पर हरियाणा और केंद्र सरकार की उपलब्धियों पर बनी लघु फिल्म भी दिखाई गई। इससे पहले मुख्यमंत्री मनोहर लाल का लाइव उदबोधन सुनाया गया।

बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि जैसा कि विधायक कल्याण ने बताया कि इस साल यमुना क्षेत्र में आई बाढ़ के समय लालुपुरा के लोग तटबंध की मजबूती के लिये डटे रहे, ग्रामीणों ने यह सराहनीय कार्य किया। इसके लिये वे ग्रामीणों के साथ-साथ विधायक का अभिनंदन करते हैं। मुख्यमंत्री ने हर वर्ग के कल्याण के लिये अनेक योजनाएं क्रियान्वित की हैं। मनोहर लाल के लिये पूरा हरियाणा एक परिवार है। वे गरीबों, महिलाओं के उत्थान की ओर काफी ध्यान दे रहे हैं। सरकार का प्रयास है कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचे। ईमानदारी और कत्र्तव्यनिष्ठा से काम कर रहे प्रधानमंत्री आज गरीबों के दिलों में बस चुके हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने गरीब परिवारों के बच्चों को मान्यता प्राप्त प्राइवेट स्कूलों में पढने. का समान अवसर उपलब्ध कराने के लिये महत्त्वाकांक्षी योजना चिराग शुरू की है। हरियाणा सरकार ने 70 नये कालेज खोले हैं, जिनमें से 32 महिलाओं के लिये हैं। राज्यपाल ने कहा किविकसित भारत संकल्प यात्रा में जन प्रतिनिधियों की भागीदारी सहित अब तक 35 लाख 70 हजार से अधिक लोगों ने भाग लिया है।

## 'आने वाले 25 सालों में दुनिया भारत की ताकत का जलवा देखेगी'



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/ राजकुमार प्रिंस।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत रविवार को राहड़ा गांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा के स्वागत में आयोजित जन संवाद कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि ग्रामीणों को संबोधित करते हुए बीजेपी के जिला अध्यक्ष योगेन्द्र राणा ने कहा कि आने वाले 25 सालों में दुनिया भारत की ताकत का जलवा देखेगी।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में देश विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। आज देश की पहचान ताकतवर देश के रूप में हो रही है।

आज दुनिया के विकसित देश भारत की प्रगति को देखकर हैरान हैं। जो मुल्क भारत को दूसरी दृष्टि से देखते थे, आज वे भारत की प्रगति से प्रभावित होकर नतमस्तक तक हो रहे हैं। इन 10 सालो में देश आर्थिक रूप से जहां मजबूत हुआ है, वहीं बहुत से क्षेत्र हैं जहां हम आत्मनिर्भर भी हुए हैं।

## समृद्धि व खुशहाली है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मिशनः वीरेंद्र चौहान



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत गांव चोर कारसा में आयोजित जन संवाद कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए भाजपा नेता वीरेन्द्र सिंह चैहान ने कहा कि समृद्धि व खुशहाली प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मिशन है। इस मिशन को पूरा करने को लेकर पूरा देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ है। उन्होंने कहा कि गांव के लोगों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हो इसी लक्ष्य को लेकर विकसित भारत संकल्प यात्रा गांव-गांव पहुंच रही है। अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ मिले इसके लिए प्रयास किए जा रहे हैं। जिन किसानों के खेतों के रास्ते कच्चे हैं, उनको पक्का किया जाएगा। टूटी सडकों को पक्का किया जाएगा।

उन्होंने मौके पर अनेकों पात्र लोगों की पेंशन भी बनवाई। उन्होंने केंद्र व राज्य सरकार की अनेक योजनाओं की ग्रामीणों को जानकारी दी। उन्होंने कहा की गांव का संपूर्ण विकास करना हमारी जिम्मेदारी है। 100 प्रतिशत तक गांव का विकास किया जाएगा।

## 'आने वाले तीन साल देश को विश्व शक्ति के रूप में स्थापित करेंगे'

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/ राजकुमार प्रिंस।** राष्ट्रीय संत एवं जैन धर्म के प्रवक्ता सुभाष मुनि ने कहा कि इस साल में काल गणना के अनुसार बड़े-बड़े भ्रष्टाचारियों के पाप उजागर होंगे। आने वाले तीन सालों में देश की लीडरशिप द्वारा लिए ऐतिहासिक निर्णयों के कारण भारत विश्व शक्ति बनेगा। इसकी शुरूआत राम राज के साथ हो चुकी हैं। आज यहां पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि भगवान राम जैन धर्म में भी आराध्य पुरुष हैं। देश में पहली बार एक नए युग का निर्माण हो रहा है। यह वर्ष देश को आरध्यात्मिक प्रगति के शिखर पर ले जाएगा। राष्ट्रवाद इजराइल और जापान से सीखना चाहिए। राष्ट्र हर धर्म से ऊपर होता है। राष्ट्रहित के आगे सभी नगण्य हैं।

## 'मोदी की गारंटी बढ़ा रही लोगों का विश्वास'

### सीएम मनोहर लाल का सुनाया गया वर्चुअली संदेश



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** विकसित भारत संकल्प यात्रा रविवार को गांव दरड़ में पहुंची। गांव में यात्रा का पहुंचने पर जोरदार स्वागत हुआ। इस दौरान गांव में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल का वर्चुअली संदेश भी सुनाया गया। कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए नगर निगम करनाल की मेयर रेनू बाला गुप्ता ने कहा कि देशवासियों को विकसित भारत के संकल्प से जोडने का ये अभियान लगातार विस्तार ले रहा है। मोदी की गारंटी वाली गाड़ी जहां भी जा रही है, वहां लोगों का विश्वास बढ़ा रही है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में जन-जन के सशक्तिकरण को समर्पित कल्याणकारी योजनाओं के शत-प्रतिशत क्रियान्वयन हेतु सरकार कटिबद्ध है। मेयर ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ हर व्यक्ति को मिले मुख्यमंत्री मनोहर लाल की सोच है कि आम आदमी सुचारू रूप से जिंदगी जिए और सरकार की जनकल्याणिकारी नीतियों एवं योजनाओं का लाभ हर व्यक्ति को मिले। सरकार ने समाज के ऐसे वंचितों को प्राथमिकता दी है जो दशकों से मूलभूत सुविधाओं से वंचित थे और उनकी सुध लेने वाला कोई नहीं था।

इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य मोहन लाल सैनी, पंचायत अधिकारी सत्यवान, सरपंच इंद्रजीत सिंह आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# 'विकसित भारत संकल्प यात्रा में हर शिकायत का करवाया जा रहा है समाधान'

## विकसित भारत संकल्प यात्रा रविवार को गांव मैनमती पहुंची, गांव में यात्रा का पहुंचने पर जोरदार स्वागत हुआ



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/ राजकुमार प्रिंस।** विकसित भारत संकल्प यात्रा रविवार को गांव मैनमती पहुंची। गांव में यात्रा का पहुंचने पर जोरदार स्वागत हुआ। इस दौरान गांव में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल का वर्चुअली संदेश भी सुनाया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए इंद्री विधायक रामकुमार कश्यप ने सबसे पहले सरकारी विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण किया और अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए कि वे योजनाओं का अधिकाधिक लाभ ग्रामीणों को प्रदान करें। उन्होंने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में हर शिकायत का पूर्ण समाधान करवाया जा रहा है। इसलिए ग्रामीणों को उनके घर-द्वार पर आए इस कार्यक्रम का लाभ अवश्य उठाना चाहिए।

**आत्मनिर्भर**

**8 मुख्यमंत्री मनोहर लाल का वर्चुअली संदेश भी सुनाया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे**

रामकुमार कश्यप ने कहा कि आज के समय में महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है। महिलाओं के कल्याण के लिए केन्द्र व राज्य सरकार ने अनेकों योजनाएं चलाई हैं, जिनकी मदद से महिलाएं आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनी हैं। उन्होंने कहा कि केन्द्र की योजनाओं का लाभ उठाकर ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं भी अपने आर्थिक जीवन में सुधार कर रही हैं और अपने परिवार के पालन पोषण में बराबर की भागीदार बनी हैं। उन्होंने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं और यदि बच्चों की परवरिश सही प्रकार से होगी तो देश भी मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना इस दिशा में सरकार का एक महत्वपूर्ण और बेहतरीन निर्णय साबित हुआ है।

विधायक ने कहा कि जिन परिवारों की वार्षिक आमदनी एक लाख 20 हजार रुपये से कम है, उन परिवारों के प्रत्येक सदस्य का केन्द्र सरकार की ओर से आयुष्मान योजना के तहत 5 लाख रुपये का इलाज मुफत किया जाता है और इसी प्रकार हरियाणा प्रदेश की चिरायु योजना के तहत जिन परिवारों की वार्षिक आय एक लाख 80 हजार रुपये है, उन परिवारों के सदस्यों को भी सरकार की ओर से 5 लाख रुपए तक इलाज करवाने की सुविधा प्रदान की गई है।

## 'लेन चेंज ड्राइविंग नियमों की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों पर होगा मुकदमा दर्ज'



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/ राजकुमार प्रिंस।** जिला पुलिस द्वारा पुलिस महानिदेशक के आदेशानुसार और पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन के मार्गदर्शन में लेन चेंज ड्राईविंग के नियमों का उलंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे। इसमें पुलिस टीम द्वारा वाहन चालकों के गलत लेन में चलने पर अब उनके खिलाफ सख्त कार्यवाही करते हुए मुकदमा दर्ज किया जाएगा। सडक सुरक्षा सुनिश्चित करने, वाहनों के सुचारू रूप से चलाने के लिए जिला पुलिस ने डीएसपी ट्रैफिक सोनू नरवाल के निर्देशन और एसएचओ थाना हाईवे सुरेश नरवाल की अध्यक्षता में लेन चेंज ड्राईविंग के नियमों की उल्लघंना करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ विशेष अभियान के तहत उन पर नियमों के दिशा निर्देश के स्टीकर लगाए गए थे।

पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आदेश देते हुए कहा गया कि सडक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए यातायात के नियमों की पालना दृढता से करवाई जाए। डीएसपी ट्रैफिक सोनू नरवाल ने बताया कि अगर किसी वाहन चालक द्वारा लेन चेंज ड्राइविंग के संबंध में निर्धारित दिशा-निर्देशों की पालना नहीं की गई तो उनके खिलाफ सख्त कार्यवाही करते हुए मुकदमें दर्ज किए जाएंगे।

## नायाब सैनी के सम्मान रैली में उमड़ा जनसमूह

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा महेन्द्रगढ़**

**रविवार को** महेंद्रगढ़ की सब्जी मंडी में आयोजित भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी के सम्मान समारोह में कुछ रोचक और दिलचस्प बातें सुनने को मिली। अपने संबोधन की शुरूआत करते प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी ने मजाकिया लहजे में लोगों से पूछा कि क्या आपको रामबिलास शर्मा के नाम के साथ पूर्व मंत्री अच्छा लगता है जिस पर भारी गड़गड़ाहट के बीच जनसमूह ना में जवाब दिया सब्जी मंडी में आयोजित सम्मान रैली में बावजूद भारी संख्या में महिला व पुरुष मौजूद रहे।



पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व पार्टी के राष्ट्रीय सचिव ओम प्रकाश धनखड़ ने रामबिलास शर्मा की उंगली पड़कर राजनीति सीखने का संबोधन किया तो तालिया की गड़गड़ाहट से पंडाल गूंज उठा। प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी ने कहा कि रामबिलास शर्मा पार्टी के वट वृक्ष है जिन्होंने पूरे प्रदेश में घूम-घूम कर पार्टी को मजबूत करने का कार्य किया।

पूर्व सांसद में भाजपा राष्ट्रीय संसदीय बोर्ड सदस्या डॉक्टर सुधा यादव ने भी रामबिलास शर्मा को पार्टी का वट वृक्ष बताया।

## अयोध्या धाम के लिए अंतर्राष्ट्रीय हिंदू सेवा संघ ने वार्तालाप की

**टीम एक्शन इंडिया/पंचकुला**

श्री अयोध्या धाम को लेकर अलग-अलग हिंदू संगठनों द्वारा इन दोनों वातार्लाप का विशेष विषय बना हुआ है। और लोगों में काफी ज्यादा उत्साह देखने को मिला है। इसी के चलते ही आज पंचकुला में विशेष वातार्लाप का आयोजन किया गया। अंतर्राष्ट्रीय हिंदू सेवा संघ के हरियाणा अध्यक्ष, प्रचारक पंजाब के सुमित कुमार, की अध्यक्षता में विशेष वातार्लाप की गई उन्होंने वातार्लाप करते हुए बताया कि ाहम कलयुग में भी रहकर धन्य हुए जो हमें अपने प्रभु श्री राम जी की नगरी में जाने का अवसर मिला। और श्री अयोध्या धाम में इन दिनों पूरे जोरों शोरों में तैयारी चल रही हैं। की रामलाल अपने घर वापस आए हैं। अंतर्राष्ट्रीय हिंदू सेवा संघ के विभिन्न विभिन्न राज्यों में बैठे कार्यकर्ता तथा पंजाब में बैठे कार्यकताओं से निवेदन है कि अपने-अपने जिलों की कार्यकताओं की सूची भेजें ताकि हमें पता चल सके की हर जिले में कितने-कितने कार्यकरता श्री अयोध्या धाम को जाना चाहते हैं। क्योंकि संगठन द्वारा उचित प्रबंध भी किया जाएगा। इस अवसर पर हरियाणा के लीगल एडवाइजर अनुराग से वातार्लाप करते हुए बताया। की हिंदुओं के लिए 22 जनवरी बड़ी खुशी का दिन है । और हम श्री प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी का तहे दिल से धन्यवाद करते हैं जिन्होंने हिंदू धर्म के लिए बड़ा काम कर कर दिखाया है। सनातन धर्म का द्वारा प्रचार शुरू हुआ है। और विदेशों में योग विदेशी लोग रह रहे हैं वह भी हिंदू



# 'विकसित भारत यात्रा का मकसद योजनाओं को आमजन तक पहुंचाना'

## यात्रा का गांव में पहुंचने पर पूर्व विधायक भगवानदास कबीरपंथी ने स्वागत किया



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/ राजकुमार प्रिंस।** विकसित भारत संकल्प यात्रा रविवार को गांव सग्गा पहुंची। यात्रा का गांव में पहुंचने पर पूर्व विधायक भगवानदास कबीरपंथी ने स्वागत किया और कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल की डबल ईंजन की सरकार नित नए आयाम स्थापित कर रही है। गरीब, मजदूर, किसान, महिलाएं तथा अन्य सभी वर्गों के कल्याण के लिए यह जोड़ी दिन रात काम कर रही है। हम सबका भी फर्ज बनता है कि इस जोड़ी को सशक्त करें और इनके प्रयासों में साथ दें। इससे पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल का वर्चुअल संवाद भी लोगों को सुनाया गया।

पूर्व विधायक ने कहा कि पीपीपी, आयुष्मान योजना, उज्वला योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, सुकन्या योजना के साथ साथ और कितनी ही ऐसी योजनाएं हैं, जिनके माध्यम से आमजन का जीवन सरल हुआ है। आज इन सभी योजनाओं का लाभ आपके घर.द्वार पर मिल रहा है। अतः सभी लोगों को इन योजनाओं का लाभ लेने के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि विकसित भारत यात्रा का मकसद ही यही है कि सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाया जाए और पात्र लोगों को इनका लाभ दिया जाए।

**स्वागत**

**8 प्रधानमंत्री मोदी तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री की डबल ईंजन की सरकार नित नए आयाम स्थापित कर रही है**

इससे पहले पूर्व विधायक ने कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों की ओर से लगाई गई स्टॉल्स का अवलोकन किया और मौजूद कर्मचारियों से जानकारी हासिल की। कार्यक्रम के दौरान पात्र महिलाओं को उज्वला योजना के तहत मुफ्त गैस कनैक्शन दिए गए तथा लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए और अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ दिया गया।

# 90 ग्राम चरस सहित आरोपी गिरफ्तार

**काबू**

**8 तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से 90 ग्राम 70 मिलीग्राम चरस बरामद की गई, मुकदमा दर्ज**

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/ राजकुमार प्रिंस।** स्पेशल स्टाफ असंध द्वारा विश्वसनीय सूचना पर कस्बा असंध से आरोपी भीम पुत्र शंभू लाल वासी औगंद को गिरफ्तार किया गया है। तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से 90 ग्राम 70 मिलीग्राम चरस बरामद की गई। इस संबंध में आरोपी के खिलाफ थाना असंध में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस पूछताछ में पाया गया कि आरोपी भीम को यह चरस एक अनजान फेरी वाला जो कि उत्तर प्रदेश से आता है, उससे प्राप्त हुई थी। आरोपी चरस के सेवन और नशा करने वाले को बेचने का आदी है। आरोपी यह काम नशापूर्ति और जल्दी पैसे कमाने के लालच में करता है।



## संपादकीय

# शर्मिला का कांग्रेस में शामिल होना

**पहले** कर्नाटक फिर तेलंगाना में चुनावी सफलताएं हासिल करने के बाद अब दक्षिण भारत के एक और महत्वपूर्ण राज्य आंध्रप्रदेश में कांग्रेस के हाथ बड़ी बाजी लगी है जब वहां वाईएसआर तेलंगाना पार्टी की संस्थापक वाईएस शर्मिला ने अपनी पार्टी का कांग्रेस में विलय कर दिया है। वे आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री वाईएस राजशेखर रेड्डी की बेटी और वहां के वर्तमान मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी की बहन हैं। गुरुवार को दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी आदि की उपस्थिति में कांग्रेस में प्रवेश करने वाली शर्मिला ने ही 2012 में जगन मोहन की अनुपस्थिति में अपनी मां के साथ अपनी पार्टी की कमान सम्हाली थ। बाद में भाई को प्रदेश की सत्ता में बैठाने की वे ही सूत्रधार थीं। 2019 के विधानसभा चुनाव में जगन मोहन की वाईएसआर कांग्रेस पार्टी को 175 सीटों वाली विधानसभा में 151 निर्वाचन क्षेत्रों में सफलता मिली थी। 2021 में शर्मिला ने वाईएसआर तेलंगाना पार्टी बना ली थी। आंध्र प्रदेश के साथ अलग हुए तेलंगाना में भी उनकी पार्टी की उपस्थिति तो है परन्तु पिछले साल नवम्बर में हुए विधानसभा चुनाव में उन्होंने हिस्सा नहीं लिया था जिससे कांग्रेस की विजय आसान हो सकी। शर्मिला का कांग्रेस में शामिल होना केवल इसलिये महत्वपूर्ण नहीं है कि उन्होंने भाई से अलग राह पकड़ी। उसकी महत्ता इस लिहाज से आंकी जानी चाहिये कि उन्होंने तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव की तत्कालीन सरकार को भ्रष्ट बतलाया था। राव सरकार को भ्रष्टाचार के मामले में कोसने के बाद यदि शर्मिला कांग्रेस में शामिल होती हैं तो वे कांग्रेस को अप्रत्यक्ष रूप से साफ छवि का बतला रही हैं। याद हो कि शर्मिला ने राव सरकार के कथित भ्रष्टाचार के खिलाफ राज्यव्यापी प्रदर्शन किये थे। उनकी गिरफ्तारी भी हुई थी। माना जाता है कि उनके कार्यकताओं ने पिछले तेलंगाना चुनावों में कांग्रेस को परोक्ष रूप से मदद भी की थी। इससे दोनों दलों के बीच नजदीकियां बढ़ीं। कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री एवं पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष डीके शिवकुमार ने भी शर्मिला की पार्टी के कांग्रेस में विलय में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस राज्य में वाईएसआर कांग्रेस पार्टी को टक्कर देने में तेलुगू देशम पार्टी एवं जन सेना को कामयाबी नहीं मिल पाई है। इस लिहाज से देखें तो शर्मिला का कांग्रेस में शामिल होना और उसे एक नेता और वाईएसआर तेलंगाना पार्टी का पूरा का डर भी मुहैया करायेगा। इससे कांग्रेस के जनाधार में बड़ा विस्तार होगा जो इस वर्ष जून में होने जा रहे विधानसभा चुनाव के पूरे परिदृश्य को बदलकर रख सकता है। हालांकि यह कहना अभी थोड़ी जल्दबाजी होगी कि क्या इस चुनाव में भाई-बहन मुख्यमंत्री पद के परस्पर दावेदार होंगे। यह निर्भर करेगा कि कांग्रेस की ओर से उन्हें किस तरह की जिम्मेदारियां मिलती हैं और उन्हें पार्टी किस रूप में प्रोजेक्ट करती है। यह भी देखना होगा कि उसके पहले अप्रैल में होने जा रहे लोकसभा चुनावों में कांग्रेस का प्रदर्शन कैसा रहता है। वहां लोकसभा की 25 सीटें हैं। इनमें से 22 वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के पास और 3 पर टीडीपी का कब्जा है। देखना होगा कि कांग्रेस को यहां कितनी सफलता मिलती है। फिर भी, इतना तो तय है कि शर्मिला न केवल आगामी दोनों ही चुनावों में बड़ी भूमिका निभायेंगी वरन वे ही कांग्रेस का प्रमुख चेहरा बनकर उभरेंगी। अभी वैसे भी कांग्रेस के पास जगन मोहन से मुकाबले के लिये बड़ा चेहरा नहीं है क्योंकि वे देश के सर्वाधिक अमीर मुख्यमंत्रियों में से एक हैं जो चुनावों में पैसा पानी जैसा बहाने के लिये जाने जाते हैं।

# लोककला के नाम पर अश्लीलता परोसना शर्मनाक

**-प्रियंका सौरभ**

> "वर्तमान में तथाकथित रचनाकारों द्वारा रचित गीतकारों, मजनू गायकों द्वारा गाये हुए गीतों में पाश्चात्य संस्कृति की तर्ज पर नंगापन आ गया है। इन अलफाजों में गीत गाने वाले गायकों को इतनी भी शर्म नहीं है कि जिस अंदाज में वे अपने शब्दों को व्यक्त कर रहे हैं व अंदाज जिस डाल पर बैठे हैं उसी को काटने जैसा है। यही अंदाज संस्कृति पर गहरी चोट मार रहा है। लोक गायकों के नाम पर अश्लील लिंक्स से सोशल मीडिया बाजार भरा पड़ा है। कई चैनलों पर भी इस तरह के गीतो का प्रचलन बहुत तेजी से बढ़ा है। गीत बिकवाने की होड़, व्यूज और लाइक्स के जरिए पैसा कमाने की लालसा, इन सबने पहले ही संस्कृति व विरासत धूमिल कर डाली है क्योंकि गीत संगीत ही एक ऐसा माध्यम होता है जो समाज को संदेशो का पैगाम देती है। आज ये पैगाम अपनी दिशा बदल चुके हैं"

**लोक** गायकों के नाम पर अश्लील लिंक्स से सोशल मीडिया बाजार भरा पड़ा है। कई चैनलों पर भी इस तरह के गीतो का प्रचलन बहुत तेजी से बढ़ा है। गीत बिकवाने की होड़, व्यूज और लाइक्स के जरिए पैसा कमाने की लालसा, इन सबने पहले ही संस्कृति व विरासत धूमिल कर डाली है क्योंकि गीत संगीत ही एक ऐसा माध्यम होता है जो समाज को संदेशो का पैगाम देती है। आज ये पैगाम अपनी दिशा बदल चुके हैं। विभिन्न बस स्टेशनों, चलने वाले विभिन्न जीप-कार, बसों में जो गीत सुनने को मिलते हैं उनमें छिछोरापन व लम्पटीकरण का अंदाज साफ झलकता है।

इन गीतों का श्रवण विशेषकर युवा वर्ग आनंदपूर्वक करता है। कई अवसरों पर शादी-व्याह आदि उत्सवों में कुछ बुजुर्ग जन भी इस तरह के गीतों पर जमकर ठुमके लगाते हैं। सांस्कृतिक परम्परा पर चिंतन करने वाले लोग इसे लोक संगीत पर गहरी ठेस मानते हैं। आशिकी अंदाज के साथ पाश्चात्य संस्कृति की चपेट में आकर गीत गाने वाले गायक-गायिकाएं, नायक-नायिकायें धीरे-धीरे सांस्कृतिक पहरूओं की नजर का कांटा बनते जा रहे हैं। ऐसा मालूम पड़ता है यदि इन्हीं गीतों का दौर अश्लीलता की पराकाष्ठा लांगता रहा तो इस तरह के लोगों का सामाजिक बहिष्कार जरूरी हो सकता है।

वर्तमान परिदृश्य में लोककला के नाम पर अश्लीलता परोसी जा रहा है, जो कि चिंतनीय व शर्मनाक है। यह न केवल इन परंपरागत शैलियों को धूमिल कर रहा है बल्कि विदेशी/वेस्टर्न के चक्कर में हम अपनी पहचान से दूर होते जा रहे हैं। सोशल मीडिया या यूट्यूब, फिल्म हो या टीवी के कार्यक्रम सभी जगह फूहड़ नाच का नंगा प्रदर्शन किए जाने की परंपरा ने जोर पकड़ लिया है। यूट्यूब और सोशल मीडिया पर रिल्स, गानों, फिल्मों, कार्यक्रमों सबमें अश्लीलता इस कदर घर करती जा रही है कि आप अपने परिवार के साथ देख ही नहीं सकते। और रही सही कसर अब नंगे होकर रील बनाने वालों ने पूरी कर दी है। अधिकतर गाने, एलबम और सिनेमा अश्लीलता से भरपूर है। आज के लोकगीत सुनने की ही बात कर लें तो उन गानों के हर शब्द में



अश्लीलता कूट-कूट कर भरा होता है। जब हम-आप परिवार के साथ मिलकर गाना नहीं सुन सकते तो यह सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि इन गानों के सीनों का क्या हाल होगा। ऊपर से अश्लीलता का कम्पीटिशन इस कदर होता जा रहा है कि एक से एक हिट एलबम, गाने बनते हैं। अश्लीलता को दिखाने का होड़ इस कदर है कि मत पूछिए। इस बारे में कलाकारों, गायकों से पूछ लिया जाता है तो छूटते ही कहते हैं कि यह तो पब्लिक डिमांड है। जनता यही सब देखना पसंद करती है। ऐसा न परोसें तो गाना हिट ही नहीं होगा।

अब ऐसे कलाकारों को कौन समझाए कि अश्लीलता की शुरूआत तो फिल्मों व गानों के जरिए ही हमारे समाज में फैली। जिसे रोकने का कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाया गया। ऐसे मजनू कलाकारों के चक्कर में हमारा पूरा समाज दूषित होता जा रहा है। मान-मयार्दा सब छिन्न-भिन्न होता जा रहा है। यदि आज भी हम नहीं सचेते तो न जाने हमारे समाज की दशा और दिशा क्या होगी। ऐसा नहीं है कि ऐसे नृत्यों का असर नहीं हो रहा है। पिछले 5-10 सालों में जिस प्रकार का नृत्य व गाने प्रस्तुत किए है, उसने तो हमारे समाज के ताना-बाना को ही हिलाकर रख दिया है। ये मन को शांत करने के बजाय अशांत ही कर देता है।

बाजार की लालची और मुनाफाखोर प्रवृत्ति ने एक लोककला की हत्या कर दी और अब उसके नाम पर लोगों को अश्लीलता परोस रही है। इन्टरनेट ने बेशक लोगों तक ज्यादा सूचनाएँ पहुंचाई है लेकिन इसने ग्रामीण सौंदर्यबोध और मान-मयार्दा को खंडित कर दिया। वह हर चीज को अधिक बिकाऊ बनाने के लिए अश्लीलता की सारी हदें पार कर दी। कुल मिलाकर यह आसानी से देखा जा सकता है कि इन्टरनेट के विस्तार और मोनेटाइजेशन ने ऐसी सामग्री को बढ़ावा दिया है जो बहुत ज्यादा देखी जा रही है लेकिन मानवीय संवेदनाओं पर उसने घातक प्रहार किया है। संगीत की शालीनता पर फूहड़पन भारी वातावरण को प्रदूषित कर रहे हैं आशिकमिजाज गीतकार जिससे देशभर में लम्पटीकरण भरे गीतों के प्रचलन से संस्कृति को गहरी चोट पहुंची है।

आधुनिकता की चकाचौंध में हमारी संस्कृति व विरासत से जुड़े गीत न जाने कहां गुम से हो गये हैं और प्रचलन बढ़ा उन मद भरे गीतों का, जिनमें से संस्कृति व सौन्दर्य गायब होकर उपहासित हो गयी है। लम्पटीकरण के शब्द गीतों में भर आये हैं।

वर्तमान में तथाकथित रचनाकारों द्वारा रचित गीतकारों, मजनू गायकों द्वारा गाये हुए गीतों में पाश्चात्य संस्कृति की तर्ज पर नंगापन आ गया है। इन अलफाजों में गीत गाने वाले गायकों को इतनी भी शर्म नहीं है कि जिस अंदाज में वे अपने शब्दों को व्यक्त कर रहे हैं व अंदाज जिस डाल पर बैठे हैं उसी को काटने जैसा है। यही अंदाज संस्कृति पर गहरी चोट मार रहा है। लोक गायकों के नाम पर अश्लील लिंक्स से सोशल मीडिया बाजार भरा पड़ा है। कई चैनलों पर भी इस तरह के गीतो का प्रचलन बहुत तेजी से बढ़ा है। गीत बिकवाने की होड़, व्यूज और लाइक्स के जरिए पैसा कमाने की लालसा, इन सबने पहले ही संस्कृति व विरासत धूमिल कर डाली है क्योंकि गीत संगीत ही एक ऐसा माध्यम होता है जो समाज को संदेशो का पैगाम देती है। आज ये पैगाम अपनी दिशा बदल चुके हैं। विभिन्न बस स्टेशनों, चलने वाले विभिन्न जीप-कार, बसों में जो गीत सुनने को मिलते हैं उनमें छिछोरापन व लम्पटीकरण का अंदाज साफ झलकता है। इन गीतों का श्रवण विशेषकर युवा वर्ग आनंदपूर्वक करता है। कई अवसरों पर शादी-व्याह आदि उत्सवों में कुछ बुजुर्ग जन भी इस तरह के गीतों पर जमकर ठुमके लगाते हैं। सांस्कृतिक परम्परा पर चिंतन करने वाले लोग इसे लोक संगीत पर गहरी ठेस मानते हैं। आशिकी अंदाज के साथ पाश्चात्य संस्कृति की चपेट में आकर गीत गाने वाले गायक-गायिकाएं, नायक-नायिकायें धीरे-धीरे सांस्कृतिक पहरूओं की नजर का कांटा बनते जा रहे हैं। ऐसा मालूम पड़ता है यदि इन्हीं गीतों का दौर अश्लीलता की पराकाष्ठा लांगता रहा तो इस तरह के लोगों का सामाजिक बहिष्कार जरूरी हो सकता है। आज के गानों में बंदूक, दारू, लड़कीबाजी व अश्लीलता का आयाम देखने को मिल रहा है जो कि हमारी संस्कृति के लिए और गानों के लिए बहुत ज्यादा हानिकारक है। अब गीत के कलाकार, गायक, निमार्ता ऐसा क्यों कर रहे हैं ये तो बड़ा सवाल है। । । । ? या फिर हो सकता है कि दर्शकों को लुभाने या फिर गाने के नाम पर अश्लीलता परोसा कर सस्ती लोकप्रियता हासिल करने के लिए ये सब किया जा रहा हो लेकिन बदनाम संस्कृति व लोककला से जुड़े लोग भी हो रहे हैं। एक ओर जहां कई लोग संस्कृति को प्रमोट करने के लिए अपना करियर, अपनी मेहनत और अपना सब कुछ दांव पर लगा रहे हैं तो कोई हमारी संस्कृति को इस तरह से बदनाम कर उसे अश्लील गानों के साथ परोस रहे हैं। अब आप ही सोचिए की अगर हमें ऐसी अश्लीलता ही दिखानी है या देखनी है तो आने वाले समय पर हम संस्कृति के नाम पर क्या करेंगे और क्या क्या होगा?

## कविता

मैं चाहता हूं नए साल में समरसता की  
धार बहे  
छुआछात हो छू मंत्र ऐसा अपना परिवार रहे

हिंदू मुस्लिम सिख ईसाई एक साथ मिलकर बैठे  
जो नफरत की फसल उगाते कान पकड़ उसके ऐंठे  
उनके मुंह पर लग जाए ताला जो गड़े मुर्दों को  
उखाड रहे

शांतिप्रिय सद्भावी दीवारें सीना ताने खड़ी रहें  
राम रहीम कबीर की वाणी सबके मुंह पर चढ़ी रहें  
कोर्ट कचहरी ऐसे झगडों को लेने से इंकार करें

जो चीज सामने खड़ी हुई आस्था पर थोपी जाती है  
नकली इतिहास बनाने को क्यों ताकत झोंकी जाती  
है अस्पताल और स्कूल बने जो सबका बेड़ा पार  
करें

यह स्वर्ण और वो गैर स्वर्ण यह सब के मन में  
ठुंसा हुआ दलितों का खाना नौटंकी यह चुनावी  
पैंतरा बना हुआ  
सिर पर मूतना और बलात्कार किसी का ना  
अधिकार रहे

न्याय बिक रहा गाय बिक रही बिक रहे धमार्चारी रे  
इज्जत लुट्ट की करें आरती ये भोले भंडारी रे  
बंद दिमाग की खोल दे खिडकी ऐसी एक झंकार  
उठे

**कलमकार राजव्रत**

# अयोध्या धाम में भव्य तैयारी

**किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया**

गोंदिया - वैश्विक स्तरपर पूरी दुनियां की नजरें 22 जनवरी 2024 को होने वाले अयोध्या धाम में प्रभु श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा समारोह की भव्यता पर लगी हुई है। अयोध्या के भव्य राम मंदिर के उद्घाटन की तारीख जैसे जैसे पास आ रही है वैसे ही देश से लेकर विदेशों तक से भगवान राम के भक्तजन उनके लिए कुछ न कुछ करते दिखाई दे रहे हैं।बता दें कि 22 जनवरी को राम मंदिर में रामलला विराजमान होने वाले हैं, ऐसे में रामजी की ससुराल से कोई उपहार ना आए ऐसा कैसे हो सकता है ?आज पूरी दुनियां उत्सुकता के साथ 22 जनवरी के ऐतिहासिक क्षण का इंतजार कर रही है। ऐसे में अयोध्यावासियों में अति उत्साह स्वाभिक है। पीएम ने भी कहा था,भारत की मिट्टी के कण-कण और भारत के जन-जन का मैं भी पुजारी हूं और मैं भी आपकी तरह ही उत्साहित हूं। अयोध्या का कायाकल्प ले रहा रेलवे स्टेशन, हवाई अड्डे का मूर्त रूप लेना, सड़कों का चौड़ीकरण राम लला मार्ग पर एक सी सज्जा वाले सड़के के दोनों तरफ दिखने वाले भवन, सज रहे घाट और विशाल परिसर में तैयार हो रहा राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र। इसे देखने के लिए अभी से श्रद्धालुओं की संख्या में भारी उत्साह है।यह उत्साह अब हुनमान गढ़ी में बढ़ रही श्रद्धालुओं की संख्या से लेकर राम लला विराजमान परिसर तक देखने में आ रही है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए युद्ध स्तरपर तैयारी चल रही है। प्रस्तावित राम मंदिर निर्माण क्षेत्र में गुंबद आदि के निर्माण कार्य से लेकर चबूतरा और अन्य परिसर को तेजी से तैयार किया जा रहा है। हालांकि माना जा रहा है कि मंदिर में भगवान की प्राण प्रतिष्ठा होने के बाद अभी इसे जनता के दर्शन के लिए नहीं खोला जाएगा। क्योंकि अभी निर्माण के काफी काम बाकी है। हां, व्यवस्था के तौर पर पुजारी हर रोज भगवान की सेवा, देख भाल, भोग-राग करते रहेंगे।

साथिया बात अगर हम भारत सहित पूरी दुनियां का माहौल राममय होने की करें तो,अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन में अब केवल कुछ ही दिन बचे हैं। इस खास मौके के इंतजार में देशभर का माहौल राममय होता जा रहा है। 22 जनवरी को मंदिर के उद्घाटन की तैयारियां की जा रही हैं। पीएम मंदिर के उद्घाटन के साथ ही प्रभु श्रीराम की प्रतिमा के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होंगे। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने समारोह में 7,000 से अधिक लोगों को आमंत्रित किया है। चूंकि करीब 500 वर्षों के इंतजार के बाद सरयू से सुप्रीम कोर्ट तक चले संघर्ष का परिणाम सबके सामने है, जो सत्यमेव जयते का प्रतीक है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, अयोध्या धाम,रघुपति राघव राजा राम, अयोध्या धाम में भव्य तैयारी, देखते रह जाएगी दुनियां सारी। साथियों बात अगर हम अयोध्या में 6 जनवरी 2024 को प्रभु श्री राम के ससुराल पक्ष के घर नेपाल से सनेश याने भार, उपहार आने की करें तो, अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन की तैयारी चल रही है। 22 जनवरी को भगवान रामलला भव्य मंदिर में विराजमान हो जाएंगे।

## विचार

# माहौल भाजपा का, पर उसे संभलना भी पड़ेगा!

**श्याम यादव**

देश में 39 साल पहले लोकसभा में मात्र दो सीटें जीतने वाली भाजपा वर्तमान में 303 सीट जीतकर सरकार में है और 2024 में 400 सीट जीतने का लक्ष्य लेकर चुनावी रण में उतरेगी। हाल में हुए तीनों हिन्दी राज्यों मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ यानी देश के उत्तर में भाजपा की बढ़ती लोकप्रियता सबके सामने है। लेकिन, दक्षिण में भाजपा का वो असर अभी भी नहीं है। तीनों हिंदी राज्यों में मिले आशातीत बहुमत से उत्साहित भारतीय जनता पार्टी, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी पर सवार होकर आगामी लोकसभा चुनाव में अपना विजयी रथ छोड़ चुकी है। जिसमें अगड़े पिछड़े का समीकरण भी हैं और राम मंदिर की धर्म पताका भी। भाजपा के मिशन 400 के इस रथ को रोकने के लिए जहां अभी तक विपक्ष एक जुट नहीं हो पाया। वहीं कांग्रेस के राहुल गांधी एक बार फिर भारत यात्रा निकालने जा रहे हैं।इस बार पूर्वोत्तर राज्य मणिपुर से मुंबई तक निकली जाने वाली इस यात्रा को "न्याय यात्रा" नाम दिया गया है। लेकिन, सवाल सबके सामने यही है कि क्या भाजपा के मिशन 400 पर राहुल की इस न्याय यात्रा और विपक्षी गठबंधन का (जो अभी तक एकमत नहीं हो सका है) कोई असर होगा या प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी सरकार की हैट्रिक बनाकर इतिहास रच देंगे! उत्तर प्रदेश में वर्तमान में भाजपा के पास 80 में से 65 सीटें है, निश्चित ही राम मंदिर का प्रभाव यहां पार्टी के वोट और सीटों पर पड़ेगा और ये 65 सीटें बढ़ कर 75 या 80 हो सकती हैं। पांच राज्यों उत्तर प्रदेश (80), महाराष्ट्र (48), बिहार(40), बंगाल (42) और तमिलनाडु (39) कुल 249 सीटों में से अभी भाजपा के पास 120 सीटें ही है। इन राज्यों में पार्टी के पास अभी आधी सीटें हैं। दक्षिण में तमिलनाडु में पार्टी का खाता भी नहीं खुला है और केरल और आंध्र में भी पार्टी के पास कोई सीट नहीं है। इन तीनों राज्यों में 84 सीटें है। मिशन 400 तक पहुंचने के लिए भाजपा को इन सीटों को जीतना होगा। मतलब साफ है कि बीजेपी को दक्षिण में जोर आजमाइश करना होगी। हाल में कर्नाटक, तेलंगाना तमिलनाडु में हुए विधानसभा के चुनाव में भी पार्टी को कोई खास सफलता हासिल नहीं हुई। यदि उत्तर की बात की जाये तो उत्तर प्रदेश, बिहार,झारखंड, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान में इस समय कुल 248 सीटों में से भाजपा के पास अभी 212 सीटें हैं। मध्यप्रदेश में 29 में से 28,गुजरात में 26 की 26, छत्तीसगढ़ में 11 में से 9, हरियाणा 10 में से 10, राजस्थान में 25 में से 24 सीट भाजपा के पास है। देखा जाए तो इन राज्यों में भाजपा के पास अपनी सीटों के विस्तार की उतनी संभावना नहीं बची, जितनी कि दक्षिण में। लेकिन, यहां भाजपा को जरूरत तो इन सीटों को बचाए रखने की भी है। तीनों राज्यों में मुख्यमंत्रियों को ले कर भाजपा ने जो नवाचार किया है उनके लिए भी इन राज्यों की 65 सीटों में से पूर्व की तरह 61 सीटों पर पार्टी को जीता पाने की चुनौती होगी!

कुछ राज्यों जैसे बिहार में नीतीश कुमार और महाराष्ट्र में शिवसेना का वैसा साथ बीजेपी को आगामी चुनाव में नहीं मिल पाएगा जैसा 2019 के चुनाव में मिला था। यही गणित पंजाब में अकाली दल के साथ भी होगा और वहां इस बार अरविंद केजरीवाल की मान सरकार है। फर्क तो भाजपा को पड़ेगा। पिछले कई बार का ये अनुभव भी रहा है कि विधान सभा चुनाव जीतने वाली पार्टी को जनता वैसा समर्थन लोकसभा में नहीं देती, जैसा विधानसभा में दिया होता है।

2014 में नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद से भाजपा ने लोकसभा में अपना कब्जा नहीं छोड़ा है। अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार काबिज रहने के समय भी इंडिया शाइनिंग का खूब जोर था और उस समय भी भाजपा सत्ता से दूर हो गई थी। संयोग है कि वैसे ही अब भी मोदी की गारंटी का जोर है। यह तो चुनाव परिणाम ही बता पाएंगे कि भाजपा के मिशन 400 को रोकने के लिए, राहुल गांधी या 28 दलों वाला इंडिया गठबंधन कुछ कर पाता है या मोदी की गारंटी पर सवार भाजपा सरकार अपनी हैट्रिक बनाने में कामयाब हो पाती है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
**9999889104, 9250706656**
ई-मेल : **actionindiaharyana@gmail.com**



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# भ्रष्टाचारियों के लिए कामधेनु बनी राजनीति

**आशीष वशिष्ठ**

**हाल के** दिनों में तमाम ऐसी खबरें आई जब जांच एजेंसियों ने नेताओं के यहां छापेमारी कर करोड़ो की काली कमाई पकड़ी। बीते साल दिसंबर में प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी को झारखण्ड के कारोबारी एवं राज्यसभा सांसद के यहां आयकर छापे में अरबों रुपये बरामद हुए। सोशल मीडिया पर सांसद की अकूत कमाई और नोटों के बंडल की तस्वीरें खूब वायरल हुई। समाचार आये कि नोट गिनने वाली मशीनें नोट गिनते-गिनते थककर खराब हो गई। थैलों में नोट न आए तो बोरों में भरा गया। कांग्रेस के जरिये सांसद बनने वाले धीरज साहू ने 2018 में राज्यसभा का सदस्य बनने के हलफनामे में अपनी संपत्ति 34 करोड़ के करीब बतायी थी। तो आखिर कैसे महज पांच साल में संपत्ति तीन सौ करोड़ पार कर गई? बहरहाल, यह घटना बताती है कि कैसे देश की राजनीति रोगियों की कमाई के लिये कामधेनु बन गई है। राज्यसभा सांसद ने दो बार लोकसभा का चुनाव लड़ा और हार गया था। फिर राज्यसभा के जरिये संसद पहुंचने की तिकड़में की। जाहिर है, धनबल भी उसका एक जरिया रहा होगा। ऐसा भी नहीं है कि भारी मात्रा में नकदी बरामदगी की यह पहली घटना हो। बीते दिनों ही ईडी ने हरियाणा में अवैध खनन और अन्य मामलों में करोड़ों की नगदी बरामद की। जिन नेताओं के यहां छापेमारी हुए उनमें इंडियन नेशनल लोकदल, कांग्रेस और भाजपा के नेता व उनके करीबी शामिल हैं। ऐसे में बड़ा सवाल यह है कि कोई कैसे इतनी अकूत संपत्ति जुटा लेता है। हमारी आर्थिक अपराधों पर नजर रखने वाली एजेंसियां क्यों तब खामोश थीं जब संसाधनों की लूट-खसोट जारी थी। सवाल यह भी कि कहीं ऐसे भ्रष्टाचार के मामलों का खुलासा चुनाव प्रक्रिया के आसपास राजनीतिक लाभ के लिये तो नहीं होता? यह भी है कि क्या सत्ता पक्ष अपने राजनीतिक विरोधियों को बदनाम करने के लिए जांच एजेंसियों का दुरुपयोग करता है?

भ्रष्टाचार उतना ही पुराना है जितनी राजनीति। फर्क सिर्फ इतना हुआ है कि पहले दाल में नमक होता था और अब नमक में दाल।एक फर्क यह भी कि सामाजिक न्याय की राजनीति में उभार आने के बाद भ्रष्टाचार फूहड़ और बेशर्म भी हुआ।

# मानव, गिरि-कानन, सिंधु कर रहे धरा की सवारी

**प्रमोद दीक्षित मलय**

लेख का शीर्षक पाठक को आश्चर्यचकित कर रहा होगा कि आखिर हम मनुष्य, पहाड़, जंगल, जानवर, विशाल सागर और अन्यान्य छोटे-बड़े जीव-जंतु धरती की सवारी कैसे कर सकते हैं ? और यदि हम सवारी कर रहे हैं तो यह धरती हमें गति करते हुए दिखती क्यों नहीं और हम गतिमान पृथ्वी पर सवारी करते हुए स्थिर होकर दैनंदिन कार्य-व्यवहार सहजता पूर्वक कैसे सम्पन्न कर लेते हैं। और धरती हमें कहीं और क्यों नहीं ले जाती या हमारे घर-परिवार, पड़ोस मकान आदि की भौगोलिक स्थितियां परिवर्तित क्यों नहीं होतीं, क्योंकि हम सभी साथ-साथ घूम रहे हैं। सामान्य तौर पर व्यक्ति, जीव-जंतु या वस्तुओं को एक स्थान से दूसरे स्थान तक भेजने हेतु सवारी साधन का प्रयोग किया जाता है। दरअसल सवारी का अर्थ किसी चलित वस्तु से है, इस अर्थ में देखें तो हमारी पृथ्वी अपने जन्म काल से लगातार चल रही है और हम सभी उस पर सवार हैं। पर हमें यह कैसे पता चला कि पृथ्वी चल रही है। यह जानकारी समाज तक पहुंचाने का श्रेय जाता है लियोन फौकॉल्ट को। कौन है यह महनीय व्यक्तित्व और इसने क्या किया था, आईए उनके योगदान को जानते हैं।

? फ्रांसीसी भौतिक विज्ञानी जीन बर्नाड लियोन फौकॉल्ट ने 8 जनवरी, 1851 को अपने उपकरण एक खास प्रकार के पेंडुलम के माध्यम से पहली बार पृथ्वी के अपने अक्ष में घूमने का सफल प्रयोग करके दुनिया को दिखाया। उनकी इस महत्वपूर्ण उपलब्धि को स्मरण रखने हेतु प्रत्येक वर्ष 8 जनवरी को पृथ्वी घूर्णन दिवस या अर्थ रोटेशन डे मनाया जाता है ताकि आने वाली पीढ़ियां लियोन फौकॉल्ट के महान योगदान से परिचित हो श्रद्धा व्यक्त कर सकें।

हालांकि इसके पूर्व भी बहुत सारे विज्ञानियों इस सम्बंध में कुछ प्रयोग किए थे पर वह पूर्णता तक नहीं पहुंच पाए थे। यदि हम भारतीय संदर्भ की बात करें तो आर्यभट्ट ने सर्वप्रथम पृथ्वी के गोलाकार होने तथा अपने अक्ष (धुरी) पर घूर्णन करने के बारे में बताया था। पृथ्वी का अक्ष एक काल्पनिक रेखा या बिंदु है जिस पर पृथ्वी 66.1/2 डिग्री का कोण बना पश्चिम से पूर्व दिशा की ओर घूर्णन करती है। पृथ्वी अपने अक्ष पर घूर्णन करते हुए लगभग 24 घंटे (23 घंटे 56 मिनट एवं 4 4 सेकेंड) में एक चक्कर पूरा करती है।

## न्यूज फ्लैश

### अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बनाई है खादी ने विशेष पहचान: सैनी



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र( दलबीर मलिक )**खादी ग्रामोद्योग संघ मिजार्पुर के सचिव एवं व्यवस्थापक सतपाल सैनी ने कहा कि तीर्थों की संगम स्थली व धर्मनगरी का खादी संस्थान अपनी मेहनत से उत्तर भारत में विशेष पहचान बना चुका है। उनका मानना है कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का सपना खादी ने राष्ट्रीय स्तर पर ही नहीं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी ब्रांड के रूप में विशेष पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सहित अन्य राज्यों में भी खादी वस्त्रों को बढ़ावा देने के लिए नियमित रूप से नई वस्त्र नीति बनाई जा रही है। उन्होंने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि इससे खादी वस्त्रों का न केवल देश में बल्कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी विकास हो रहा है। वास्तव में खादी को एक नई उड़ान मिल रही है और लाखों करोड़ों लोगों को रोजगार मिल रहा है। सैनी ने कहा कि महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर अन्य राज्यों में खादी वस्त्रों की बिक्री पर अधिक विशेष छूट देने की घोषणा होती है। हरियाणा में भी खादी की बिक्री पर विशेष छूट बढ़ा कर लोगों को अधिक से अधिक जोड़ना चाहिए। सैनी ने कहा कि सरकार के साथ मिलकर हम सभी खादी एवं ग्रामोद्योग को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयासरत हैं। उन्होंने कहा कि खादी के विकास का सबसे ज्यादा लाभ लाखों बुनकरों एवं युवाओं को मिलता है। खादी के जितने वस्त्रों की मांग बढ़ेगी तो युवाओं को अधिक रोजगार मिल सकेगा।

### सफला एकादशी पर रेलवे रोड पर मंदिर में किया भजन कीर्तन



**गन्नौर।** सफला एकादशी पर रेलवे रोड सिटित मंदिर में भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। कीर्तन में भगवान के भजनों पर खूब झूमे। मंदिर के पुजारी तेजप्रकाश शास्त्री ने सफला एकादशी की कथा सुनाकर सबको भगवान में लो लगाने को विवश कर दिया। शास्त्री जी ने कथा में बताया कि पौष माह की कृष्ण पक्ष की एकादशी, सफला एकादशी कहलाती है। उन्होंने कहा कि सभी एकादशी में सफला एकादशी का विशेष महत्व माना जाता है, सफला का अर्थ सफलता होता है। उन्होंने बताया कि ऐसी मान्यता है कि सफला एकादशी का व्रत करने से व्यक्ति के सारे काम सफल होते हैं। सफला एकादशी के दिन भगवान विष्णु की विधिवत पूजा की जाती है। पुजारी ने बताया कि कभी-कभी अनजाने में भी प्राणी ईश्वर की कृपा का पात्र बन जाता है। सफला एकादशी व्रत के प्रताप से विष्णु ने उसे समस्त पापों से मुक्त कर दिया और वह पुन राज्य में पिता के पास रहने लगा।

### 15 विद्यालयों के टॉपर बच्चों को किया सम्मानित

**खरखौदा:** रविवार को रोहट गाँव के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में समाज कल्याण परिषद, रोहट द्वारा 23वां वार्षिकोत्सव मनाया गया। दहिया खाप प्रधान जयपाल दहिया की अध्यक्षता में आयोजित किए गए इस कार्यक्रम में समाजसेवी सुनील अग्रवाल बतौर मुख्यातिथि पहुँचे। इस अवसर पर खेल व शिक्षा सहित अन्य क्षेत्र में खरखौदा का नाम रोशन करने वाली उत्कृष्ट प्रतिभाओं को परिषद की तरफ से सम्मानित करने के साथ ही 500 लोगों को कंबल वितरित किए। इसके साथ गुरुकुल बरोणा के छात्राओं को भी वस्त्र भेंट किए गए। गुरुकुल बरोणा के छात्राओं द्वारा हवन यज्ञ कर इस वार्षिकोत्सव का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर पूर्व प्रधान महावीर दहिया, मंजीत दहिया, प्रीतम खोखर, राजेश रोहिल्ला, रमेश दहिया, भगत सिंह, नरेंद्र दहिया, संदीप पराशर, सुरेंद्र, आचार्य प्रदीप, हिम्मत सिंह, बलजीत प्रधान, दिलावर, वेद, चांद, जयसिंह आदि मौजूद रहे।



# 14 जनवरी को श्रीराम यात्रा में बढ़-चढ़कर भाग लें सभी रामभक्तः असीम

## 22 जनवरी को सभी रामभक्त मंदिरों व घरों में दीवाली की तरह दीप जलाएं -विधायक

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** अयोध्या में श्रीराम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के उपलक्ष्य में विश्व हिन्दू परिषद् द्वारा शहर के पंचायत भवन में सभी सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं की एक बैठक रखी गई जिसमें शहर के विधायक असीम गोयल ने शिरकत की । मंच का संचालन ओंकार जी ने किया । मंच पर विश्व हिन्दू परिषद् के महासचिव अजैब, हरियाणा सिख गुरुद्वारा कमेटी सदस्य तरविंदर पाल सिंह, प्रदीप गोयल, नरेश अग्रवाल ने भगवान श्रीराम के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर बैठक का शुभारंभ किया। विधायक असीम गोयल ने राम से श्रीराम बनने का उल्लेख करते हुए श्रीराम मंदिर में 22 जनवरी को होने जा रहे प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बारे में सभी को





अवगत कराते हुए सभी से इस दिन को दीवाली से बढ़कर मनाने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि इस उपलक्ष्य में हमारे अपने अम्बाला में 14 जनवरी रविवार को मकर संक्रांति के दिन शहर के बस स्टैंड से शुरू होकर विभिन्न बाजारों से 1कोस की पैदल श्रीराम यात्रा का आयोजन किया जा रहा है जिसका समापन जीटी रोड स्थित रामा मंदिर में किया जाएगा व मंदिर प्रांगण में भण्डारा व प्रसाद का वितरण किया जाएगा। उन्होंने सभी संगठनों से इस यात्रा में महिला मंडल सहित भाग लेने का आह्वान किया जिस पर मौजूद संगठनों ने उत्साहपूर्वक 500/1100/2100 के संख्या बल की भागीदारी का विश्वास दिलाया। इसके उपरांत उन्होंने कहा कि प्राण प्रतिष्ठा समारोह के तहत 22 जनवरी को सुबह 11 से 1 बजे तक सभी मुख्य मंदिरों व स्थानों पर एल ?ईडी स्क्रीन लगाकर अयोध्या से प्राण प्रतिष्ठा समारोह के सीधे प्रसारण की व्यवस्था की जाएगी व सभी मुख्य स्थानों पर भिन्न भिन्न संगठनों द्वारा प्रसाद वितरण किया जायेगा। उन्होंने कहा कि वे हिंदू हैं और रामभक्त हैं । उन्होंने कहा कि दीवाली सा मानते हुए इस पर्व पर सभी अपने मंदिरों व घरों में खूब रोशनी करें व 22 जनवरी की शाम को अपनी श्रद्धानुसार 5/11/21/51अथवा 101 दीपक जलाएं । अयोध्या जाने की बात का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि 9 फरवरी को हरियाणा निवासियों के दर्शनों की बारी है व सभी भक्तजन उसी दिन ही वहां जाएंगे।

## विज ने शास्त्री कालोनी रेजिडेंट डायरेक्टरी का किया विमोचन



**टीम अस्फीन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**हरियाणा** के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज द्वारा शास्त्री कालोनी परिवार रेजीडेंट सोसाइटी की ह्लरेजिडेंट डायरेक्टरीह्व का विमोचन किया गया। शास्त्री कालोनी के निवासियों की मौजूदगी में उन्होंने इसका विमोचन किया तथा अपनी शुभकामनाएं दी। विज ने कालोनी की रेजिडेंट डायरेक्टरी को बेहतर बताया तथा सोसाइटी द्वारा समाज सेवा क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना की। उन्होंने पूरे कालोनीवासियों को इसके लिए अपनी शुभकामनाएं दी। सोसाइटी के चेयरमैन कपिल विज ने बताया कि 80 पन्नों वाली इस डायरेक्टरी में सोसाइटी द्वारा चलाई जा रही गतिविधियों को दशार्या गया है तथा कालोनीवासियों बारे जानकारियां भी दी गई है। डायरेक्टरी में कालोनी का नक्शा एवं अन्य जानकारियां शामिल है। सोसाइटी के प्रयासों से डायरेक्टरी बनाई गई है। इस अवसर पर चेयरमैन कपिल विज के अलावा सोसाइटी के प्रधान राजेश अग्रवाल, महासचिव बलित नागपाल, गौरव सोनी, विपिन खन्ना, विवेक जैन, हंसराज, अश्विन नागपाल, राकेश वर्मा, दिनेश अग्रवाल, दीपक भसीन, रवि डांग, आशीष मल्होत्रा, हरतेज सिंह, दविंदर सिंह आदि उपस्थित रहे।

### नेत्र जांच शिविर में 125 रोगियों की हुई जांच

**टीम एक्शन इंडिया/महेन्द्रगढ़ यादव** सभा एवं राहत ग्रुप के तत्वाधान में स्थानीय यादव धर्मशाला में 161वें नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। मीडिया प्रभारी कप्तान राजेंद्र सिंह खेड़ा ने बताया कि निःशुल्क नेत्र जांच शिविर राहत ग्रुप प्रधान डॉ. प्रेमराज यादव की अध्यक्षता में लगाया गया। शिविर में मुख्यातिथि होंडा एजेंसी के मालिक रविंद्र कुमार एवं उनके पुत्र हेमंत कुमार वासी रिवासा थे। जिन्होंने अपने पिता स्वर्गीय सूबेदार अमर सिंह कि पुण्यतिथि पर नेत्र जांच शिविर का संपूर्ण खर्च वहन किया। मुख्यातिथि का राहत ग्रुप एवं यादव सभा की कार्यकारिणी ने पगड़ी व फूलमालाओं से उनका स्वागत किया।

## '28 को केजरीवाल जींद मे करेंगे बदलाव जनसभा'

### ममता गर्ग ने अपने साथियों के साथ अरविंद की नीतियों से प्रभावित होकर आम आदमी पार्टी ज्वाइन की

**पानीपत/कमाल हुसैन**
यह बदलाव महारैली अरविंद केजरीवाल द्वारा हरियाणा चुनाव अभियान की शुरूआत मानी जा रही है यह बदलाव जनसभा महारैली हरियाणा में बढ़ती महंगाई बेरोजगारी महिला सुरक्षा और मूलभूत सुविधाओं की कमी को उजागर करने के लिए की जा रही है। आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सासंद डॉ संदीप पाठक के आदेशानुसार हर गावँ मे इस बदलाव रैली का न्योता पहुंचना है सभी गांव के मेम्बर कमेटी सचिव अध्यक्ष के जिम्मे नुयोता देना लगाया गया है देना। आज प्रदेश सह सचिव सुखवीर मलिक ने गावँ ब्राह्मण माजरा मे सर्किल इंचार्ज के



सहयोग से किया गया। सुखबीर मलिक ने बताया अपने गांव में इन 21 मेंबर कमेटी का काम डोर टू डोर जाकर हर एक न्योता देना होगा। एवं पार्टी की नीतियां को घर-घर तक पहुंचाना होगा जिससे आम आदमी पार्टी की सरकार आने में मदद मिलेगी। मलिक ने गांव ब्राह्मण माजरा मे न्यू नव नियुक्त ग्राम सचिव बिजेंद्र गुप्त और कमेटी मेंबर के सहयोग से यह कार्य संपन्न किया जिनका सहयोग मिला वह है ब्राह्मण माजरा गांव सचिव के साथ शीशपाल मलिक कर्मवीर मीना देवी राजेश राजेश रामनारायण शर्मा रामनिवास रोहिल्ला चंद्रभान सुबये सिंह दिनेश वर्मा सोमबीर रोहिल्ला सत्यनारायण गुप्ता सूरज भिर सिंह देवी चंद गुप्ता विजेंद्र सिंह महेंद्र सिंह दिनेश कुमार वर्मा सुरेंद्र लाल दयानंद अहलावत नरसिंह सुरेंद्र कुमार जितेंद्र वर्मा जितेंद्र रोहिल्ला बलवान सिंह ऋषि लाल रोहिल्ला किला देवी आनंद शर्मा डॉक्टर सुरेश चंद्र कलीराम कश्यप सत्यवान रोहिल्ला महावीर रोहिल्ला रामलाल सुभाष , महेंद्र मेम्बर मौजूद रहे।
आज जिला कार्यालय में ममता गर्ग व उनके बहुत से साथियों ने अरविंद केजरीवाल की नीतियों से प्रभावित होकर आम आदमी पार्टी को ज्वाइन किया यह जॉइनिंग सुखबीर मलिक ने टोपी पटका पहनकर आम आदमी पार्टी में शामिल किया ।

### भारतीय त्यौहारों का ऋतुओं और समय परिवर्तन के साथ विशेष महत्व है : महंत



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**भारतीय संस्कृति एवं परम्पराओं के अनुसार त्यौहारों का ऋतुओं और समय परिवर्तन के साथ भी विशेष महत्व है। ऐसा ही त्यौहार है लोहड़ी का पर्व जो उत्तर भारत में विशेषकर पंजाब और हरियाणा में बड़े उत्साह से मनाया जाने वाला विशेष पर्व है। वेद ज्ञाताओं के अनुसार लोहड़ी पर्व विशेष महत्व माना जाता है।अखिल भारतीय श्री मारकंडेश्वर जनसेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत जगन्नाथ पुरी ने श्रद्धालुओं को त्यौहारों के महत्व पर चर्चा करते हुए कहा कि लोहड़ी का त्यौहार शीत ऋतु की समाप्ति और बसंत के आगमन के उपलक्ष में मनाया जाता है। मान्यता अनुसार लोग शाम के समय आग जला कर उसके चारों ओर नाच गाकर लोहड़ी का त्यौहार मनाते हैं। इस आग में रेवड़ी, मूंगफली, खील, मक्की के दाने डाले जाने की परंपरा है। लोहड़ी के दिन तिल और गुड़ खाने और आपस में बांटने की परंपरा है। ये त्यौहार दुल्ला भट्टी और माता सती की कहानी से जुड़ा है। मान्यता है इस दिन ही प्रजापति दक्ष के यज्ञ में माता सती ने आत्मदाह किया था।

## श्री आदर्श रामा ड्रामेटिक क्लब की हुई बैठक

**समालखा (कुलदीप सिंह )**
**समालखा** श्री आदर्श रामा ड्रामेटिक क्लब की बैठक रामलीला ग्राउंड पंजाबी मोहल्ला समालखा में हुई जिस में समालखा के एम एल ए धर्म सिंह छोक्कर भी पहुंचे क्लब द्वारा आजादी से पहले से रामलीला होती आ रही है कल्ब को 1955 मे रजिस्टरड करवाया था 2011 से राम कथा का आयोजन किया जा रहा है और बैठक. अधूरे पड़े कामो व निर्माण कार्य अधूरे .पड़े हैं उनको लेकर चर्चा हुई अधूरे पड़े कार्य को जल्द चालू करवाने के लिए भी कहा गया और राम दरबार



बनाने को लेकर भी बैठक में बातचीत हुई .जिसको भवन के अंदर . सत्संग आदि के लिए राम दरबार स्थाई बनाया जाएगा समालखा एम एल ए धर्म सिंह छोक्कर ने कहा कि धर्म-कर्म के जो भी काम हो मेरे सहयोग की आवश्यकता हो मैं पूरा सहयोग करूंगा आप किसी भी समय मेरे पास आ सकते हो
इस मौके पर श्री आदर्श रामा ट्रामा टिक क्लब के प्रधान कृष्ण बेनीवाल उपप्रधान लालचंद चोपड़ा बंटी चोपड़ा काकू श्यामा डब्बू शर्मा अनिल मिंटा बिट्टू कपूर आदि .मौजूद थे।

## बिहाली स्कूल के 7 दिवसीय एनएसएस शिविर का समापन

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा नारनौल।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बिहाली में राष्ट्रीय सेवा योजना का साप्ताहिक विशेष शिविर का रविवार को समापन हुआ। समारोह में मुख्य अतिथि जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार चौहान जबकि अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य सुनील कुमार ने की। शिविर में सर्वश्रेष्ठ कार्य करने वाले गौरव को बेस्ट वॉलिंटियर्सक को सम्मानित किया। कार्यक्रम अधिकारी रघुवीर सिंह ने सात दिवसीय विशेष शिविर के कार्य कि रिपोर्ट प्रस्तुत की। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार चौहान कहा कि सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है हमें हमेशा सेवा करते रहना चाहिए और दूसरे की भलाई में हमें आनंद अनुभव होता है। हमें हमेशा सच बोलना चाहिए और हमारे व्यवहार से ही मालूम होता है कि हम किस कुल से संबंध रखते हैं हमें अपना व्यवहार अच्छा रखना चाहिए।

## 'कोरोना को लेकर एहतियात बरतें लोग'

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)** पं. केदारनाथ शर्मा चैरिटेबल अस्पताल एवं ट्रस्ट की तरफ लगातार कई वर्षों से अंबाला शहर विधानसभा क्षेत्र में मैडीकल कैंप लगाकर लोगों की सेवा करता आ रहा है। इसी कड़ी में इस बार निशुल्क मेडिकल स्वास्थ्य चेकअप कैंप रविवार को खेड़े वाली धर्मशाला, मनमोहन नगर में लगाया गया। कैंप में ब्लड शूगर, यूरिक एसिड टेस्ट, लिपिड प्रोफाइल टैस्ट, एच.बी. टेस्ट निशुल्क किए गए साथ ही परिवार पहचान पत्र, ई-श्रम कार्ड भी मौके पर ही बनाए गए। इस कैंप का 314 लोगों ने लाभ उठाया। कैंप में अम्बाला शहर की मेयर शक्तिरानी शर्मा ने विशेष रूप से शिरकत की। सर्वप्रथम उन्होंने कैंप

**सेवा**

**8 कई वर्षों से अंबाला शहर विधानसभा क्षेत्र में मैडीकल कैंप लगाकर लोगों की सेवा करता आ रहा है**

में आए डाक्टरों व उनकी टीम का कैंप में आकर सेवाएं देने के लिए धन्यवाद किया। वहीं उन्होंने कैंप में अपने स्वास्थ्य की जांच करवाने आए लोगों से भी बातचीत की।
पत्रकारों से बातचीत में मेयर शक्तिरानी शर्मा ने कहा कि इतनी ठंड में लोगों का घर से निकल कर आना मुश्किल है फिर भी लोग अपने स्वास्थ्य की जांच के लिए रहे हैं। देखने में आ रहा है कि आंखों के मरीज बहुत आ रहे हैं खासकर के मोतियाबिंद के। जिनको सर्जरी की जरूरत है। सबसे अफसोस की बात यह है कि उन्हें पता भी नहीं है कि उन्हें मोतियाबिंद है और उन्होंने चश्मे भी नहीं पहने हैं। मैं आप लोगों के माध्यम से यह कहना चाहूंगी कि जिन लोगों को भी देखने में दिक्कत आ रही है वह अपनी आंखें जरूर चैक करवाएं और समय पर जाकर डाक्टर से उसका इलाज करवाएं।
अंबाला में एक ही परिवार के 2 लोगों के कोरोना पॉजिटिव आने पर उन्होंने कहा कि हम सबको एहतियात रखना चाहिए। हम लोगों को अपना बचाव खुद करना पड़ेगा।

### सरकारी कोचिंग सेंटर खोलना मेरी प्राथमिकता: राव नरेंद्र

**टीम एक्शन इंडिया/ संजय शर्मा नारनौल।** पूर्व मंत्री राव नरेन्द्र सिंह ने कहा है कि हरियाणा प्रदेश विकास की पटरी से उतर कर देश में विकास के मामले में 17 वे स्थान पर पहुंच गया है। जो हरियाणा प्रदेश रोजगार , प्रति व्यक्ति निवेश के मामले में नम्बर 1 पर था आज वही प्रदेश महंगाई व बेरोजगारी में देश में नम्बर 1 पर है। सरकारी रोजगार को समाप्त कर उन्हें कच्चे में बदला जा रहा है और आरक्षण की कोई व्यवस्था नही है , जहां एक तरफ हरियाणा में करीबन 2 लाख सरकारी पद खाली पड़े हैं मगर मौजूदा सरकार कौशल निगम के जरिये बैक डोर से आरक्षण को खत्म करने पर तुली है।

## डिप्टी सीएम ने त्यागी की चाची के निधन पर शोक व्यक्त किया

### उपमुख्यमंत्री दुष्यन्त चौटाला ने शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी हार्दिक संवेदनाएं व्यक्त की

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।** हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने रविवार को जेजेपी के हल्का अध्यक्ष अनिल त्यागी कि चाची के निधन पर उनके चचेरे भाई विपिन त्यागी के गन्नौर गांव निवास पर जाकर उनकी माता स्वर्गीय पुष्पा देवी के निधन पर दुख व्यक्त किया और शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी हार्दिक संवेदनाएं व्यक्त की। उन्होंने शोकाकुल परिवार जनों को सांत्वना देते हुए कहा कि यह प्रकृति का नियम है कि जो इस संसार में आया है वह एक न एक दिन इस संसार को छोड़ कर जाएगा और हमें इसे ईश्वर की मर्जी समझ कर संतोष करना पड़ता है। उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि दुख कि इस



घड़ी में वे परिवार के साथ है। उन्होंने कहा कि त्यागी परिवार समाज सेवा में लगा रहता है उनके परिवार को जो क्षति हुई है वह कभी पूरी नहीं हो सकती। लेकिन उस परमात्मा का यही विधान है जिसको हमे सहन करना ही पड़ता है।
इस मौके पर सहायक पुलिस आयुक्त गौरखपाल राणा, सुमित राणा चेयरमैन हरियाणा सरकार, जिलाध्यक्ष राज सिंह दहिया, महिला विंग की जिलाध्यक्ष रजनी मलिक, राई हल्के के प्रधान

**संवेदना**

**8 त्यागी परिवार समाज सेवा में लगा रहता है उनके परिवार को जो क्षति हुई है वह पूरी नहीं हो सकती**

अजीत आंतिल, राई के पूर्व हल्का प्रधान ओमप्रकाश रसोई, जजपा नेता भानेराम, गन्नौर बार एसोसिएशन के पूर्व प्रधान गौरव त्यागी,हरीश त्यागी, पूर्व वाईस चेयरमैन राजेन्द्र गोस्वामी, शंकर, राजेन्द्र केलाना, हरविंदर त्यागी सहित कई पार्टी कार्यकर्ता व परिजन मौजूद रहे।

## 'कड़ाके की ठंड में भी जेजेपी कार्यकर्ताओं ने दिखाई संगठन की ताकत'

### कांग्रेस के दुष्प्रचार का गठबंधन सरकार के विकास कार्यों से जवाब दें जेजेपी कार्यकर्ता - दुष्यंत चौटाला

**पानीपत/कमाल हुसैन**
**जननायक** जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय सिंह चौटाला ने कहा है कि जेजेपी कार्यकर्ता संगठन की ताकत को बढ़ाएं, अगर कहीं कोई कमी रही है तो उसकी आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव से पहले-पहले भरपाई करें। उन्होंने कहा कि पार्टी की नीतियों और सरकार के कार्यों का प्रचार-प्रसार करके जेजेपी की हवा बनाएं, ताकि जब चुनाव आएंगे तो ये हवा तूफान में परिवर्तित होकर जनता को गुमराह करने वाले विरोधियों को उखाड़ फेंकना का काम करेगी। अजय चौटाला ने कहा कि राज में हिस्सेदारी होने से ही आज जेजेपी ने विपरीत परिस्थितियों के बावजूद



अनेक जन कल्याणकारी चुनावी घोषणाओं को कानूनी तौर पर अमलीजामा पहनाया है। उन्होंने कहा कि इसके बावजूद भी कोई कोर-कसर रही है तो उसको भी सवाया करके लौटाया जाएगा।
डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने कहा कि गठबंधन सरकार ने पिछले चार सालों में प्रत्येक वर्ग के हित में अनेक ऐतिहासिक कदम उठाए है और उसकी बदौलत आज हरियाणा प्रगति के पथ पर निरंतर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि सरकारी सेवाएं जैसे पीले राशन कार्ड, बुढ़ापा पेंशन, जाति, जन्म व रिहायशी प्रमाण पत्र आदि को घर द्वार तक आसानी से

**जनसभा**

**8 जेजेपी को प्रदेश का सबसे बड़ा और मजबूत संगठन बनाने में जुट जाएं कार्यकर्ता – डिप्टी सीएम**

उपलब्ध करवाया है। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि मौजूदा सरकार ने किसानों की फसल खरीद एवं भुगतान की प्रक्रिया को बेहतर किया है, उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव में ज्यादा समय नहीं बचा है इसलिए पार्टी कार्यकर्ता मिशन दुष्यंत 2024 में जुट जाएं। निशान सिंह ने कहा कि कार्यकर्ता घर-घर जाकर पार्टी की नीतियों और उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला द्वारा करवाए गए विकास कार्यों का प्रचार-प्रसार करें। साथ ही नए लोगों को पार्टी के साथ जोड़े। इस अवसर पर विधायक अमरजीत ढांडा, वरिष्ठ नेता बृज शर्मा, हज कमेटी के चेयरमैन मोहसिन चौधरी, बहन फूलवती, राजस्थान जेजेपी के प्रदेश अध्यक्ष पृथ्वी मील, पूर्व विधायक रमेश खटक, सुरेश काला, देवेंद्र कादियान, जयदेव नौल्था ,प्रेम शाहपुर, राममेहर ठाकुर, जिला अध्यक्ष गुरुदेव रंबा, रणदीप कौल, बलजीत टूर्न सहित भारी संख्या में करनाल लोकसभा के तमाम पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सर्दी में विधायक ने हलके के तीन गांवों के 700 लोगों को कम्बल वितरित किए

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**
नेकी और मानवता को आधार मानते हुए हरियाणा के सर्वश्रेष्ठ एवं ईमानदार विधायक का खिताब पा चुकी विधायक निर्मल चौधरी ने अपने निवास स्थान पर कंबल वितरण का सिलसिला जारी रखा। गांव बिलंदपुर खेड़ी, तेवडी और सांदल से आए जरूरतमंद लोगों को भीषण सर्दी में बड़े ही आदर भाव के साथ कंबल वितरित किए। कंबल पाकर लोगों के चेहरे खिल उठे। विधायक चौधरी ने कहा कि हर सप्ताह अलग-अलग गांव के जरूरतमंद लोगों का कंबल वितरित किए जा रहे हैं, ताकि ठंड



से उन्हें राहत मिल सके। शनिवार को करीब 700 जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किए गए हैं। उन्होंने ने कहा कि सरकार का सपना है कि गरीबों को उनका हक मिले। कोई भी गरीब सरकारी योजनाओं से अछूता न रहे। इसलिए जन संकल्प यात्रा के माध्यम से जरूरतमंदो को योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। विधायक द्वारा सर्दी में जरूरतमंदों को किए जा रहे वितरित कम्बल वितरण कार्य की सराहना की।

# ठंड का सितम: दिल्ली में अगले पांच दिन बंद रहेंगे स्कूल

## सर्दी के चलते 5वीं तक के स्कूल अगले पांच दिन बंद रहेंगे। यह जानकारी दिल्ली के शिक्षा मंत्री ने दी

**कंडकडाती ठंड**

**8 दिल्ली सरकार ने देर रात सर्दियों की छुट्टियां बढ़ाने का आदेश वापस ले लिया था**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
देश की राजधानी दिल्ली में अगले पांच दिन स्कूलों की छुट्टी रहेगी। सर्दी के चलते 5वीं तक के स्कूल अगले पांच दिन बंद रहेंगे। यह जानकारी दिल्ली के शिक्षा मंत्री ने दी है। इससे पहले, दिल्ली सरकार ने देर रात सर्दियों की छुट्टियां बढ़ाने का आदेश वापस ले लिया था। दिल्ली सरकार के शिक्षा विभाग ने देर रात एक्स पर पोस्ट कर कहा कि शीतकालीन अवकाश बढ़ाने का आदेश गलती से जारी किया गया था। आदेश को तत्काल वापस ले लिया गया है। इस पर निर्णय आज लिया गया है। दिल्ली की शिक्षा मंत्री आतिशी ने रविवार की सुबह सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि मौजूदा ठंड के कारण दिल्ली में नर्सरी से कक्षा 5 तक के छात्रों के लिए स्कूल अगले 5 दिनों तक बंद रहेंगे। आपको बता दें कि इन दिनों दिल्ली समेत पूरे देश में भीषण ठंड पड़ रही है।





### ठिठुरन बढ़ी: दिल्ली में शीतलहर का प्रकोप जारी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली में शीतलहर का प्रकोप जारी है। सुबह से ही दिल्ली का आसमान धुंधला बना हुआ है। कहीं घना तो कहीं अत्यधिक घना कोहरा देखा गया। ठंड के चलते लोग-लोग जगह अलवा जला रहे हैं। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली और राजस्थान में अगले दो दिन कड़ाके की ठंड की संभावना जताई है। इस दौरान उत्तर पश्चिम भारत में घना



कोहरा भी छाया रहेगा। ताजा पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव भी पड़ने वाला है और इसके चलते 8 से 10 जनवरी तक उत्तर पश्चिम और मध्य भारत के क्षेत्रों में गरज के साथ कहीं तेज तो कहीं हल्की बारिश होने की संभावना है। इसके अलावा अगले पांच दिनों तक तमिलनाडु और अगले दो दिनों तक केरल में कुछ स्थानों पर भारी बारिश के साथ दक्षिणी प्रायद्वीपीय क्षेत्रों में हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है।

### ठंडी हवाओं से ठिठुरन बढ़ी

**दिल्ली-एनसीआर** में चल रही ठंडी हवाओं से ठिठुरन बढ़ी हुई है। धूप नहीं निकली। दिन भर बादल छाए रहे। हालांकि हवाओं के रुख में आए बदलाव के कारण तापमान में मामूली बढ़त दर्ज की गई। आने वाले दिनों में भी तापमान में बढ़ोतरी के आसार हैं। प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक, दिल्ली का अधिकतम तापमान 15.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो सामान्य से चार डिग्री कम है। वहीं न्यूनतम तापमान 8.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो सामान्य से दो डिग्री अधिक है। शनिवार को दिल्ली के अधिकतर इलाकों में सीवियर कोल्ड डे जैसी स्थिति रही। सुबह से ही मौसम सर्द रहा। दोपहर में भी धूप नहीं निकलने के कारण लोगों को कंपकंपी महसूस हुई। वहीं शाम ढलते ही ठंड भी बढ़ गई।

# ड्राई फ्रूट व्यापारी से लूटपाट करने वाला आरोपित गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
चांदनी चौक के ड्राई फ्रूट व्यापारी पर फायरिंग करके रात में लूट के मामले को अंजाम देने वाले शूटर को अपराध शाखा टीम ने गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान ऋतिक के रूप में हुई है। जो मूलतः हरियाणा का रहने वाला है, लेकिन आजकल दिल्ली के नरेला में किराए के कमरे पर रहता था। इसके पास से पुलिस टीम ने दो पिस्टल और पांच जिंदा कारतूस भी बरामद किया है। मात्र दसवीं तक की पढ़ाई कर चुका यह शूटर पहले मजदूरी करता था। बाद में आर्थिक तंगी के कारण यह क्रिमिनल एक्टिविटी में शामिल होकर एक गैंग के संपर्क में आकर शूटर बन गया। स्पेशल पुलिस कमिश्नर रविंद्र सिंह यादव ने बताया कि 30 नवंबर की रात जब ड्राई फ्रूट व्यापारी शॉप बंद करके घर जा रहा था। इस दौरान जब वह पार्क की हुई कार से अपना बैग निकालने लगा, तभी हथियार बंद बदमाश वहां पहुंचे पहले उसपर चाकू से हमला किया और उसका बैग लूटने की कोशिश करने लगे। इसी दौरान दूसरे हमलावर ने उसपर गोली चला दी और दुकानदार का बैग लूटकर मौके से फरार हो गए। उसे मामले में रूपनगर थाना में एफआईआर दर्ज किया गया था, अलग-अलग धाराओं के अंतर्गत। इस मामले की छानबीन क्राइम ब्रांच की टीम को भी दी गई थी। एडिशनल सीपी संजय भाटिया की देखरेख में एसीपी विवेक त्यागी, इंस्पेक्टर आलोक कुमार राजन की टीम ने छानबीन शुरू की। आखिरकार 37 दिनों की मेहनत के बाद इस शूटर को दबोचने में क्राइम ब्रांच की टीम सफल रही। पुलिस को इसने पूछताछ में बताया कि अमन और मोहम्मद सफीक ने उसे लूट की वारदात को अंजाम देने के लिए 2,00000 का लालच दिया था।

फिर सबने मिलकर चांदनी चौक के ड्राई फ्रूट व्यापारी को लूटने की योजना बनाई थी, जो हर रात काले रंग का बैग लेकर घर जाता था। हथियार का इंतजाम मोहम्मद शफीक ने किया था। उसी ने पूरे रूट की रैकी की था, और फिर 30 नवंबर की रात सबने मिलकर वारदात को अंजाम दिया था।

# ईडी की औकात हमने देख ली...'

## अरविंद केजरीवाल को बार-बार समन भेजे जाने पर भड़कीं मंत्री आतिशी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली सर**कार की मंत्री आतिशी ने सीएम अरविंद केजरीवाल को ईडी समन भेजे जाने पर अपना गुस्सा जाहिर किया है। उन्होंने कहा कि सीएम केजरीवाल को गैरकानूनी तरीके से समन भेजा जा रहा है। उन्हें गलत तरीके से गिरफ्तार करने की साजिश रची जा रही है। हम इसका लगातार विरोध करेंगे। उन्होंने कहा कि हमने ईडी के समन की औकात देख ली है, क्योंकि वह साढ़े चार सौ रुपये जेब में रखनेवाले दो किसान को भी समन भेज रही है। बीजेपी ने प्रमाण दिया कि अब ईडी सिर्फ उनके राजनीतिक षड्यंत्र का हथियार मात्र है। तमिलनाडु के सालेम के 2 बुजुर्ग किसानों कन्हाइयन और कृष्णन को



भी ईडी ने समन भेजा है। इनके बैंक में सिर्फ 450 रुपये है और एऊने इन्हें ढटछ्अ के तहत समन भेज दिया। समन की वजह? 7 साल पहले, इनकी खेत की इलेक्ट्रिकल फेंस से 2 भैसें मर गई!

**तमिलनाडु के किसान का बीजेपी नेता से मतभेद:** आतिशी ने कहा कि पर असल में इन गरीब किसानों की गलती ये है कि इनका भाजपा नेता जी गुणशेखर से उनके खेती के प्लॉट को लेकर जमीनी मतभेद था। किसान हो या विपक्षी नेता, जो भाजपा का विरोध करता है, वो एऊ का शिकार बन जाता है। छगन भुजबल की तरह, जो बीजेपी में शामिल हो जाता है, ईडी से उसकी फाइल गुम हो जाती है।

**'पीएमएलए कानून में जमानत मिलना असंभव':** उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल को समन किया जा चुका है। हेमंत सोरेन तेजस्वी यादव का भी नंबर आ गया है। बीजेपी के लिए चुनाव जीतने का इससे आसान तरीका क्या होगा कि सभी विपक्षी नेताओं को लोकसभा चुनाव से पहले जेल में डाल दो, ताकि वो चुनाव प्रचार ना कर सकें।

# खुली कार में खड़े होकर बीच सड़क पर नाची युवती

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली ट्रैफिक पुलिस की तमाम सख्ती के बावजूद रील्स बनाकर वायरल होने का शौक लोगों में कम नहीं हो रहा है। ऐसा ही एक मामला सामने आया है, जिसमें बीच सड़क पर ट्रैफिक के बीच खुली कार में एक युवती खड़ी होकर थिरकती हुई नजर आ रही है, जिसका वीडियो पीछे चल रही कार में बैठे किसी ने शख्स न बना लिया। यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है।

वायरल वीडियो के बैकग्राउंड में फिल्मी गाना बज रहा है। एक लाल रंग की खुली छत वाली कार

**वीडियो वायरल**

**8 इंस्टाग्राम पर एपिक69 नाम के यूजर द्वारा शेयर किया गया है। जिसके कैप्शन में 'जस्ट दिल्ली थिंग्स'**

की सीट पर खड़ी होकर लड़की नाचती हुई नजर आ रही है। जाम में फंसे हुए लोग तमाशा देखते रहते हैं। इस वीडियो को इंस्टाग्राम पर एपिक69 नाम के यूजर द्वारा शेयर किया गया है। जिसके कैप्शन में 'जस्ट दिल्ली थिंग्स' लिखा है। इस पोस्ट पर तमाम लोग अलग-अलग प्रतिक्रिया दे रहे हैं।



भारत विकसित संकल्प यात्रा के दौरान कार्यक्रम में लाभार्थी बैठे हुए।

# बांसेरा बैंबू पार्क में आयोजित होगा अंतरराष्ट्रीय पतंग उत्सव

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
यमुना तट पर सराय काले खां में दिल्ली के पहले बांसेरा बैंबू पार्क में 13 और 14 जनवरी को दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय पतंग उत्सव आयोजित होगा। डीडीए द्वारा आयोजित किए जा रहे इस उत्सव में कई प्रमुख आकर्षण होंगे। पतंग के इतिहास को प्रदर्शित करने के लिए एक थीम पवेलियन बनेगा। पतंग गैलरी के रूप में युद्ध के समय में पतंग के उपयोग, लड़ाकू पतंग, भारत में पतंग के महत्व इत्यादि को दशार्या जाएगा। लोगों के लिए पतंग खरीदने, उड़ाने और आसमान को विभिन्न रंगों से सजाने के लिए एक क्लासिकल पतंग बाजार भी लगाया जाएगा। पेशेवर पतंगबाज इस

**थीम**

**8 इस उत्सव में कई प्रमुख आकर्षण होंगे। पतंग के इतिहास को प्रदर्शित करने के लिए एक थीम पवेलियन बनेगा**

उत्सव में पतंगों के करतब दिखाएंगे। इसमें भारत की सांस्कृतिक विविधता को प्रदर्शित करने वाले रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उत्सव में पारंपरिक भोजन और हस्तशिल्प के स्टॉल भी लगाए जाएंगे। बच्चों के लिए किड्स जोन होगा, जिसमें विशेष गतिविधियां होंगी।

# झील पिकनिक स्पॉट के रूप में होंगे विकसित

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**बदसूरत** सी दिखने वाली झीलों को नगर निगम पिकनिक स्पॉट के रूप में विकसित करने की तैयारी कर रहा। आने वाले दिनों में युवाओं, महिलाओं और बच्चों के लिए ये सुबह-शाम जॉगिंग करने, बुजुर्गों के लिए बैठकर समय पास करने का सबसे बेहतर स्पॉट होंगी। इनसे आसपास भूगर्भ जल का स्तर भी संतुलित रहेगा और पार्कों की सिचाई के लिए इन झीलों का पानी इस्तेमाल करने का एक बेहतर विकल्प मिलेगा। नगर निगम 21 जलस्त्रोतों को फिर से पानी से लबालब करने की तैयारी कर रहा है। इन्हें संवारने का चल रहा है। सभी जलस्त्रोतों को अमृत योजना के तहत पुनर्जीवित किया जा रहा। इनमें से पांच जलस्त्रोतों को



विकसित करने की जिम्मेदारी निगम के उद्यान विभाग की है। कुछ का वर्क ऑर्डर अभी हुआ है, कुछ का जल्द होने की उम्मीद है। निगम अधिकारियों की मानें तो जल्द ही काम शुरू हो जाएगा। पूर्वी दिल्ली में गाजीपुर गांव में 1.446 हेक्टेयर क्षेत्रफल में सूखी पड़ी झील को विकसित करने के लिए 1.17 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इसके किनारे बाउंड्री बनाई जाएगी। आसपास चलने के लिए ट्रैक बनाए जाएंगे। बैठने के लिए सीमेंट की बेंच लगाई जाएंगी। गाजीपुर हाईवे अपार्टमेंट के पास 0.62 हेक्टेयर में सूखी पड़ी झील को 0.11 करोड़ की लागत से विकसित किया जाएगा। ताहिरपुर गांव में 0.741 हेक्टेयर क्षेत्रफल में सूखी पड़ी झील को 1.26 करोड़ रुपये की लागत से विकसित होगी। द्वारका सेक्टर-19 अंबरहाट गांव में पार्क के अंदर

**सौदर्यीकरण**

**8 ये सुबह-शाम जॉगिंग करने, बुजुर्गों के लिए बैठकर समय पास करने का सबसे बेहतर स्पॉट होंगी**

स्थित 1.685 हेक्टेयर क्षेत्रफल वाली झील को ऐसे ही विकसित किया जाएगा। इसमें हर साल बरसाती पानी जमा होता है। 1.25 करोड़ रुपये की लागत से इसे विकसित करने की तैयारी है। द्वारका सेक्टर-23 पोचनपुर गांव के पार्क में 0.539 हेक्टेयर क्षेत्रफल में स्थित तालाब को 0.75 करोड़ रुपये की लागत से विकसित किया जाना है।

# नवंबर में चालू हुआ स्मॉग टॉवर किया गया बंद

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली के कनॉट प्लेस स्थित स्मॉग टॉवर को बंद कर दिया गया है। कथित तौर पर वेतन में देरी के कारण इसके संचालन के लिए जिम्मेदार कर्मियों द्वारा इसे बंद किया गया है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा सरकार को इसकी मरम्मत करने और इसे चालू करने का निर्देश देने के बाद पिछले साल नवंबर में इसे चालू किया गया था। दिल्ली के मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा, 'आज दिल्ली में इतनी बुरी व्यवस्था थोप दी गई है कि सभी अधिकार चंद अधिकारियों के हाथ में दे दिए गए हैं। उन अधिकारियों ने पहले स्मॉग टावर चलने नहीं दिया। कोर्ट से फटकार लगी तो स्मॉग टावर

**व्यवस्था ठप**

**8 'आज दिल्ली में बुरी व्यवस्था थोप दी गई है कि सभी अधिकार चंद अधिकारियों के हाथ में दे दिए गए: मंत्री**

चलाया गया, वरना उससे पहले अधिकारी फाइल पर लिख रहे थे कि इसे चलाने की जरूरत नहीं है। सौरभ भारद्वाज ने कहा, 'अब अधिकारी मंत्रियों के निर्देश पर काम नहीं कर रहें हैं। अधिकारियों को पता है कि वे मंत्रियों के निदेर्शों की अवहेलना करेंगे तो हमारा कुछ नहीं होगा।

# बवानिया-नवीन गैंग के दो सदस्य गिरफ्तार

**शिकंजा**

**8 बड़ी कारवाई करते हुए, एक आतंकवादी, एक शूटर सहित कई बदमाशों की गिरफ्तारी कर चुकी है**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल की टीम लगातार गैंगस्टर, आतंकी और लोकल क्रिमिनल के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। इस साल 6 दिनों में बड़ी कारवाई करते हुए, एक आतंकवादी, एक शूटर सहित कई बदमाशों की गिरफ्तारी कर चुकी है। उसी कड़ी में गैंगस्टर नीरज बवाना और नवीन वाली गैंग के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। जो मर्डर, लूट, डकैती, हत्या के प्रयास और आर्म्स एक्ट के 11 मामलों में शामिल थे। इन्हें दिल्ली के मुनिरका इलाके से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपितों की पहचान सूबे सिंह उर्फ शिब्बू और उसके साथी सौरव उर्फ गौरव के रूप में हुई है। यह दोनों दिल्ली के महरौली और लाजपत नगर के रहने वाले हैं। इन दोनों की तलाश लाजपत नगर पुलिस को सरेआम फायरिंग, गोली मारकर घायल करने के मामले में थी। पुलिस के मुताबिक पुलिस टीम



नीरज बवाना और नवीन वाली गैंग के बदमाश पर काफी समय से नजर रखी हुई थी। उनके बारे में जानकारी इकट्ठा कर रही थी, उसी का परिणाम हुआ कि इनके बारे में पुलिस को जानकारी मिल गई। यह लोग मुनिरका इलाके में किसी से मिलने के लिए आने वाले हैं। उसके बाद एसीपी वेद प्रकाश की देखरेख में इंस्पेक्टर मानसिंह, सब इंस्पेक्टर मनीष, सुंदर, मंगल की टीम ने वहां पर ट्रैप लगाया और इन दोनों को धर दबोचा। पुलिस के अनुसार काफी अरसे से नीरज बवाना - नवीन वाली गैंग का दूसरे गैंग के साथ दुश्मनी चल रही है। उसको लिए यह गैंग नए नए और यंग लड़कों को ग्रुप में शामिल कर रहा है। फिर उनके द्वारा आगे वारदात को अंजाम दिलवाता है। इन दोनों बदमाशों ने उसी सिलसिले में लाजपत नगर इलाके में एक फाइनेंसर पर हमला किया था। उसपर पिछले साल 3 नवंबर को कई राउंड गोली भी चलाई थी, लेकिन किस्मत से उसकी जान बच गई। लेकिन दुर्भाग्यवश किसी दूसरे शख्स को गोली लग गई थी। उस मामले में पुलिस इनको काफी समय से तलाश कर रही थी। पूछताछ से पता चला कि सूबे 05 मामलों में शामिल है और सौरव उर्फ गौरव छह मामलों में संलिप्त है। सौरभ लाजपत नगर का टॉप बीसी के लिस्ट में है। पुलिस के अनुसार करीब 4 साल पहले 2019 में सूबे सिंह, नीरज बवाना और नवीन वाली का कंझावला इलाके में मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार हुआ था।

सूबे सिंह पर कोटला मुबारकपुर, कंझावला, स्पेशल सेल और लाजपत नगर थाना में मामले दर्ज हैं। सौरव के ऊपर हरि नगर, अमर कॉलोनी, लाजपत नगर और स्पेशल सेल में छह मामले दर्ज हैं।

# चार लड़कों ने युवती के साथ किया गैंगरेप, धमकी देकर कराया चुप

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
उत्तरी दिल्ली के सदर बाजार इलाके में 12 साल की नाबालिग लड़की से सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोप है कि एक महिला पीड़िता को बहला-फुसलाकर अपने साथ कमरे पर ले गई। वहां पहले से मौजूद चार लड़कों ने वारदात को अंजाम दिया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया। छानबीन के बाद पुलिस ने 15 से 17 साल के तीन नाबालिग लड़कों को हिरासत में लिया है। महिला व चौथे आरोपी की पुलिस तलाश कर रही है। पुलिस के मुताबिक, पीड़िता परिवार के साथ बाहरी दिल्ली में रहती है। परिवार कूड़ा बीनकर अपना गुजारा करता है। किशोरी सदर बाजार इलाके में अकेली कूड़े की तलाश



में जाती है। 31 दिसंबर को वह सदर बाजार कूड़ा बीनने आई थी। इस दौरान उसे ब्यूटी नामक एक महिला मिली। महिला ने कहा कि उसके घर पर काफी कूड़ा पड़ा है। वह कूड़ा देने की बात कर उसे अपने साथ एक कमरे पर ले गई। वहां चार लड़के पहले से मौजूद थे। इन लड़कों ने जबरन कमरे में बंद कर उसके साथ बारी-बारी से दुष्कर्म किया। वारदात के बाद ब्यूटी ने लड़की को धमकाते हुए किसी को कुछ भी न बताने के लिए कहा। घटना के बारे में बताने पर परिवार को जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद लड़की अपने घर आ गई। वह घर आकर गुमसुम रहने लगी। उसने कूड़ा बीनने जाने से मना कर दिया। परिजनों ने जब उससे पूछताछ की तो उसने घटना की जानकारी दी।

# कोर्ट ने प्रेमिका के माता-पिता और मामा को ठहराया दोषी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
पश्चिमी दिल्ली के रघुबीर नगर में फरवरी 2018 में अंकित सक्सेना की हत्या की गई थी। इस मामले में कोर्ट ने अंकित सक्सेना की प्रेमिका के माता-पिता और मामा को हत्या का दोषी करार दिया है। तीस हजारी कोर्ट स्थित अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश सुनील कुमार शर्मा की अदालत ने अपने फैसले में कहा कि अभियोजन पक्ष यह साबित करने में सफल रहा है कि पेशे से फोटोग्राफर अंकित सक्सेना की हत्या के पीछे उसके दूसरे समुदाय की लड़की के साथ प्रेम संबंध होना था और लड़की पक्ष को यह पसंद नहीं था।

# दिल्ली मेट्र की चांदी ही चांदी, साथ बढ़ी कमाई

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**कोरोना** के बाद आर्थिक गतिविधियां और लोगों का जनजीवन गति पकड़ने के साथ ही दिल्ली मेट्रो भी मुनाफे के ट्रैक पर रफ्तार भरने लगी है। यही वजह है कि कोरोना के बाद यात्रियों का दबाव बढ़ने से मेट्रो एक बार फिर परिचालन कमाई करने के मामले में मुनाफे में आ गई है। दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) के वर्ष 2022-23 की वार्षिक रिपोर्ट में यह बात सामने आई है। असल में कोरोना के दौर में लंबे समय तक मेट्रो का परिचालन प्रभावित होने और बाद में क्षमता से कम यात्रियों के साथ परिचालन होने से मेट्रो घाटे में चली गई थी। कोरोना से पहले वर्ष 2019-20 में मेट्रो परिचालन से डीएमआरसी ने 758.01 करोड़



रुपये का मुनाफा कमाया था। इसके पिछले वित्त वर्ष में मेट्रो के परिचालन से कमाई और खर्च का ब्योरा हटाने के बाद डीएमआरसी को 1024.24 करोड़ का फायदा हुआ था।

**डीएमआरसी को 59.87 करोड़ का मुनाफा:** कोरोना महामारी के पहले वर्ष में 22 मार्च 2020 से छह सितंबर तक मेट्रो का परिचालन बंद रहने और फिर सीमित यात्रियों के साथ मेट्रो का परिचालन होने से डीएमआरसी को 1761.23 करोड़ के भारी भरकम राजस्व का नुकसान हुआ था। इसके बाद दूसरे वर्ष में घाटे की थोड़ी भरपाई हुई, फिर भी 1250.92 करोड़ का घाटा हुआ, लेकिन इसके बाद वर्ष 2022-23 में मेट्रो के परिचालन से डीएमआरसी को 59.87 करोड़ का मुनाफा हुआ और परिचालन से मेट्रो का राजस्व 83.87 प्रतिशत बढ़ा।

**कोरोना से पहले की तुलना में**

**मुनाफा**

**8 यात्रियों का दबाव बढ़ने से मेट्रो एक बार फिर परिचालन कमाई करने के मामले में मुनाफे में आ गई**

**परिचालन कम:** इसका कारण यह है कि प्रतिदिन मेट्रो में सफर करने वाले यात्रियों की पैसेंजर जर्नी बढ़कर उस वर्ष 40 लाख 63 हजार हो गई। फिर भी कोरोना से पहले की तुलना में परिचालन से कमाई कम रही। कोरोना से पहले मेट्रो में प्रतिदिन औसतन 50 लाख 16 हजार यात्राएं यात्री करते थे। मौजूदा वित्त वर्ष में यह आंकड़ा भी पार कर गया है।

# सर्व समाज व संगठनों ने किया सदबुद्धि यज्ञ का आयोजन

## सर्व समाज व संगठनों ने सरकार से की पानीपत नगर निगम में पिछले पांच साल में पास हुए सभी बिलों की जांच करवाने की मांग

**पानीपत/कमाल हुसैन**
पानीपत में लाल बती चौक स्थित संविधान चौक पर रविवार को सर्व समाज व विभिन्न संगठनों ने संयुक्त रूप से सदबुद्धि यज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें सर्व समाज व संगठनों के गणमान्य लोगों ने यज्ञ में आहुति डालते हुए कहा कि पानीपत शहर की जनता को नगर निगम की मेयर व पार्षदों का पांच साल का कायार्कल पूरा होने पर अब उनसे छुटकारा मिला है। पार्षदों का कायार्कल पूरा होने पर अब नगर निगम की कमान पूरी तरह से अधिकारियों के हाथ में आ गई है और भगवान से कामना करते है कि अधिकारियों को भी सदबुद्धि दे कि वे जनता के हित में काम करे। इस मौके पर सभी वक्ताओं ने कहा कि इस पांच साल के कायार्कल के दौरान नगर निगम में कितना भ्रष्टाचार हुआ है और



कितने घोटाले हुए है, यह शहर की जनता अच्छी तरह से जानती है। इन पांच साल के दौरान लोगों को प्रॉपर्टी आईडी व प्रॉपर्टी टैक्स सहित अन्य कार्यो के लिये निगम के चक्कर काटने पडे पर भाजपा पार्षदों ने लोगों की सुध नही ली। आरोप लगाया कि सडकें बनी नहीं और ठेकेदार को पेमेंट कर दी गई, पार्को के घोटाले भी सभी के सामने है। विधायक पार्को में हुए घोटालों की जांच के लिये सरकार को पत्र लिखते है लेकिन अपने आप को ईमानदार कहने वाली भाजपा सरकार ने उन घोटालों की जांच तक नहीं करवाई गई है। इसलिये पानीपत का सर्व समाज व अनेकों संगठन सरकार से मांग करते है कि नगर निगम में पिछले पांच साल के दौरान जितने भी विकास कार्यो व सफाई आदि के बिलों की पेमेंट की गई है, उन सभी बिलों की निष्पक्षता से उच्च स्तरीय जांच करवाई जाये ताकि जनता को सच्चाई का पता चल सके कि पानीपत नगर निगम में पांच साल में क्या कुछ हुआ है। वहीं सर्व समाज व संगठनों ने भाजपा के शीर्ष नेतृत्व व सरकार से मांग करते हुए कहा कि पानीपत नगर निगम की मेयर, सीनियर डिप्टी मेयर व डिप्टी मेयर और सभी पार्षदों की जांच करवाई जाये कि मेयर व पार्षद बनने से पहले उनके पास कितनी संपती थी और अब उनके पास कितनी संपती व जमा पूंजी है। इस मौके पर हरियाणा व्यापार मंडल के जिला प्रधान राकेश चुघ, संयुक्त व्यापार मंडल समिति के प्रधान राजेश सुरी, सर्व जातीय पंचायत के अध्यक्ष सुरेंद्र अहलावत व संयोजक डा. नरेंद्र जेसिया, पालिका बाजार एसोसिएशन के प्रधान कृष्ण अग्रवाल, गुरूद्वारा मार्केट के प्रधान सुरेश बवेजा, स्मॉल स्केल इंजीनियरिंग एसोसिएशन के प्रधान सुखबीर मलिक,हलवाई हट्टा मार्केट एसोसिएशन के प्रधान विशाल वर्मा, सुरेश नारंग प्रधान, पुरानी सब्जी मंडी एसोसिएशन से जोनी चावला,जिला पार्षद प्रतिनिधि जसबीर जस्सा,पूर्व पार्षद सरदार बलजीत सिंह,एसजेपी के सचिव यशपाल पंवार,सनौली रोड एसोसिएशन के सचिव हरीश सलुजा, डेकोरेटर एसोसिएशन के प्रधान शालु परनामी आदि ने कार्यक्रम को संबोधित किया। इस अवसर पर दीपक बगा,पवन गर्ग व नीलम परनामी सहित काफी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।

**मांग**

8 निगम की मेयर व सभी पार्षदों की संपति की भी की गई सरकार से पांच साल की जांच करवाने की मांग

# दुष्यंत भट्ट ने ली संगठन की बैठक

## मंडल अध्यक्षों से मिल जिला भाजपा अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने ली संगठन की जानकारी

**सक्रिय**

8 मंडल अध्यक्ष अपने अपने क्षेत्र के सभी कार्यकर्ताओं संपर्क साध सभी को सक्रिय करें

**पानीपत/कमाल हुसैन**
**भारत** को 2047 तक विकसित देश बनाने के लिए मोदी को तीसरी बार प्रधान मंत्री बनाना जरूरी है। सभी कार्यकर्ता 2024 के चुनावी तैयारी में जुट जाए ये शब्द जिला भाजपा अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने अपने सेक्टर 6 स्थित निवास पर मंडल अध्यक्षों की बैठक में। संगठन संबंधी जानकारी प्राप्त करते हुए कहें। मंडल अध्यक्ष अपने अपने क्षेत्र के सभी कार्यकर्ताओं संपर्क साध सभी को सक्रिय करे। ज़िला अध्यक्ष ने आगे कहा की विकसित भारत यात्रा में कार्य करता बढ़ चढ़ कर भाग ले ।मोदी भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की गारंटी का हिस्सा बने। पात्र लोगों को को योजनाओं का लाभ दिलाए। बैठक में ज़िला भाजपा महामंत्री कृष्ण छौक्कर किवाना,जिला भाजपा उपाध्यक्ष देव मलिक,भाजपा ओ बी सी मोर्चा ज़िला अध्यक्ष गंगा राम स्वामी,जिला भाजपा मंत्री सुनील परढाना ,मंडल अध्यक्ष प्रीतम गुज्जर ,हरीश कटारिया, सुनील कंसल,विजय शर्मा, दिवाकर मेहता,अर्जुन शर्मा, जसबीर छोकर, संजय त्यागी, नरेन्द्र बिंझौल, सोमबीर मलिक, योगेश भदड़, कुलदीप जांगड़ा, सुशील जिंदल, शिव कुमार रावल तथा राम कौशिक और विकास रूहल मोजूद रहे।



## न्यूज फ्लैश

### अयोध्या राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा से पहले विज के आवास पर किया गया अक्षत वितरण

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** हरियाणा के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज के आवास पर विश्व हिंदु परिषद, आरएसएस, बजरंग दल, गऊ रक्षा दल, शास्त्री कालोनी परिवार रेजिडेंट एसोसिएशन द्वारा अयोध्या में पूजित 'अक्षत' (चावल, हल्दी और घी का मिश्रण) का वितरण किया गया। इस दौरान भक्तों द्वारा लगाए गए ह्लजय श्रीरामह्व, ह्लजयकारा वीर बजरंगीह्व जयकारों से पूरा वातावरण गूंज उठा। गृह मंत्री अनिल विज को अक्षत प्रदान की गई तथा श्रीराम मंदिर अयोध्या का स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। गृह मंत्री अनिल विज ने इस अवसर पर सभी को 22 जनवरी को आयोजित होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह की बधाई दी। गौरतलब है कि 22 जनवरी को अयोध्या श्रीराम मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा समारोह को लेकर सभी में उत्साह है। इस अवसर पर भाजपा नेता कपिल विज के अलावा विभिन्न संगठनों से यश प्रकार, रणजीत सिंह, सोहन लाल शर्मा, विशाल, लक्ष्मणदास चोपड़ा, लोकेश, प्रवीण, दीपांशु कोछर, रौनी, सोनिया, दीपक भसीन, दीपक शर्मा एवं अन्य मौजूद रहे।



### श्री राम मंदिर अयोध्या के उपलक्ष्य में काली सिंह बाबा धाम पर 11 सौ घी के दीये जला, श्री राम कथा व विशाल भण्डारे का आयोजन

**पानीपत/कमाल हुसैन**: प्रसिद्ध ऐतिहासिक धाम श्री काली सिंह बाबा धाम गांव जलालपुर प्रथम में श्रद्धालुओं को सुविधाओं को लेकर श्री काली सिंह बाबा धाम चेरिटेबल ट्रस्ट के कमेटी सदस्यों की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता ट्रस्ट के प्रधान नवीन नंबरदार ने की । जिस पर बैठक में सोसायटी सदस्यों ने श्री काली सिंह बाबा धाम में सीसीटीवी कैमरे लगवाए, डस्सटबीन रखवाए, पीने के पानी की टंकी आदि रखवाई गई। इस पर सोसायटी प्रधान नवीन नंबरदार ने कहा कि सभी सोसायटी के सदस्य हर रविवार को बाबा धाम पर लगने वाले मेले पर भण्डारे में प्रसाद की व्यवस्थाएं की जाएगी और आने वाले 22 जनवरी को श्री राम मंदिर अयोध्या के उपलक्ष्य में बाबा धाम पर 11 सौ घी के दीये जला कर श्री राम कथा व विशाल भण्डारे का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर प्रित्तम भगत, विनोद कुमार, सतीस जोगी, सतपाल रावल, चांदीराम, नरेश कुमार, सचिन कुमार, जितेन्द्र सहित अनेक मौजूद रहे।



### हरियाणा हरिकेन्स ने 1 विकेट से जीता मैच

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
निजामपुर टिकरी प्रीमियर लीग सीजन-2 का आयोजन किया जा रहा। इसी कड़ी में टीम फॉक्सलर और हरियाणा हरिकेन्स के बीच मैच खेला गया। मैच बड़ा ही रोमांचक रहा। टीम फॉक्सलर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 25 ओवर में 181/7 रनों का स्कोर खड़ा किया। सलामी बल्लेबाज सोमवीर सोलंकी और मोहित सागर ने सधे हुए बल्लेबाजी करते हुए टीम फॉक्सलर को शानदार शुरूआत दिलाई। सोमवीर सोलंकी ने (50 रन, 33 गेंद, 6 चौके, 2 छक्के) और मोहित सागर ( 61 रन, 58 गेंद, चार चौके और 1 छक्का) की पारी खेली। टीम फॉक्सलर इसी बेहतरीन शुरूआत का फायदा न उठा सकीं और हरियाणा हरिकेन्स ने मैच में वापसी करते हुए टीम विशाल को विशाल स्कोर खड़ा नहीं करने दिया। आशीष दुहान ने 03 विकेट लिया वहीं विकास छिल्लर ने 05 ओवर में 29 देकर 02 लिए। स्कोर का पीछा करने उतरी हरियाणा हरिकेन्स की शुरूआत कुछ खास नहीं रही। विक्की भारद्वाज (65 रन, 44 गेंद, 07 चौके, 03 छक्के) ही टिक कर बल्लेबाजी कर सकें। आशीष दुहान (29 रन, 21 गेंद) और सुल्तान ( 32 रन नाबाद) ने पारी को संभालने की कोशिश की लेकिन नियमित अंतराल पर विकेट गिरते रहे। आखिर में सुल्तान ने पुछल्ले बल्लेबाजों के साथ मिलकर टीम को जीत दिलाई। वहीं रवि कुमार 05 ओवर में 17 रन देकर 02 विकेट वहीं रवि शर्मा 3.3 ओवर में 39 रन देकर दो विकेट लिए। आशीष दुहान को उनके हरफनमौला प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया।



# संकल्प यात्रा के माध्यम से लोगों ने सुना सीएम का लाइव संदेश

**पानीपत कमाल हुसैन**
विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत खोजकीपुर में आयोजित जन संवाद कार्यक्रम मे कई हजार लोगों ने मुख्यमंत्री का मनोहर लाल का विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत एलईडी के स्क्रीन पर दिए गए लाइव संदेश को उत्साह व उमंगपूर्वक सुना। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के प्रति लोगों में उमंग व उत्साह है। विकसित भारत संकल्प यात्रा गांव-गांव वार्ड-वार्ड जाकर लोगों को सरकार की योजनाओं की जानकारी दे रही है। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्वला योजना आयुष्मान कार्ड व कई अन्य योजनाओं की वर्तमान स्थिति के लाभ से अवगत कराया। इस मौके पर ग्रामीणों ने विकसित भारत के संदर्भ में शपथ भी ली। भाजपा के जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट और डीसी डॉ वीरेंद्र कुमार दहिया व अन्य प्रशासनिक अधिकारियों ने स्टालों का अवलोकन किया और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की वर्तमान स्थिति के बारे में अधिकारियों से जानकारी ली।



कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि ग्रामीणों को संबोधित करते हुए बीजेपी के जिला अध्यक्ष दुष्यंत भटट ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देशवासियों द्वारा दी गई एक एक वोट आज विश्व स्तर पर हर हिंदुस्तानी का सीना चौड़ा कर रही है । दुष्यंत भट्ट ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में चारों दिशाओं में भारत का डंका बज रहा है। विकसित भारत की नींव रखी जा चुकी है। आने वाले 25 सालों में हम आजादी के 100 वर्ष जब पूर्ण करने जा रहे होंगे तो हम एक विकसित राष्ट्र के रूप में अपनी पहचान बन चुके होंगे। कार्यक्रम में जिला महामंत्री कृष्ण छौक्कर ने कहा की भारत बहुत बड़ी ताकत के रूप में उभर रहा है। आने वाले समय में दुनिया को भारत की ताकत का अंदाजा हो जाएगा। आज देश की पहचान ताकतवर देश के रूप में हो रही है। आज दुनिया के विकसित देश भारत की प्रगति को देखकर हैरान हैं। इन 10 सालो में देश आर्थिक रूप से जहां मजबूत हुआ हैं वही बहुत से क्षेत्र है जहां हम आत्म निर्भर भी हुए हैं।

# घर से तीन लाख की नकदी, आभूषण व मोबाइल चोरी

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**सेक्टर-27** शहर थाना क्षेत्र के पॉश इलाके में चोरों का आंतक कम होने का नाम नहीं ले रहा है। चोर लोगों की मेहनत पर डाका डाल रहे है। वहीं शिकायत के बाद भी पुलिस की तरफ से पीड़ितों की शिकायत दर्ज नहीं की जा रही है। ताजा मामले में घर से लाखों रुपये की राशि सहित जेवरात व सामान के चोरी होने का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पीड़िता का आरोप है कि उसके घर में पहले भी चोरी हो चुकी है। जिसकी शिकायत पुलिस को दी, लेकिन उसकी शिकायत दर्ज नहीं की गई है। इस बार महिला के घर से करीब 15 लाख रुपये कीमत के सामान सहित राशि चोरी हुई है। पुलिस चोरों का पता लगाने के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। सेक्टर-14 निवासी ज्योति अरोड़ा ने बताया कि गत 4 जनवरी को वह सुबह उठी तो घर का सामान गायब मिला। सामान की जांच करने पर पाया कि घर से तीन लाख रुपये की राशि, दो सोने के सेट, एक घड़ी, एक मोबाइल, कपड़े, मंदिर का सामान व शादी के कपड़े गायब मिले। बाथरूम की फीटिंग भी गायब मिली। इस संबंध में दो बार पुलिस को शिकायत दी, लेकिन कोई सुनवाई नहीं की गई।

# घर से तीन लाख की नकदी, आभूषण व मोबाइल चोरी



**पानीपत, कमाल हुसैन**
प्राचीन देवी मंदिर में आज ब्राह्मण परिवार पानीपत की एक बैठक आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता ब्राह्मण परिवार के प्रधान देवनारायण उपाध्याय एवं सर्व ब्राह्मण समाज के जिला अध्यक्ष रामरतन शर्मा ने की। वहीं बैठक में सभी विद्वान ब्राह्मणों के सहयोग से तीज त्यौहार की लिस्ट तैयार की गई। इस अवसर पर पंडित राजकुमार आचार्य, आचार्य शिवदत्त, आचार्य सुरेंद्र शास्त्री, आचार्य भगवत व्यास, आचार्य अंजली शर्मा मिसरा ,आचार्य ओम शर्मा, रामशरण शास्त्री, आचार्य ओम प्रकाश शर्मा, गुलाब कौशिक व आनंद शर्मा आदि मौजूद रहे।

# एनएसएस शिविर का हुआ समापन

**टीम एक्शन इण्डिया कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
श्रीमद्भागवतगीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस शिविर का समापन कार्यक्रम हुआ ।इस कार्यक्रम में मेजर नितिन बाली गीता निकेतन विद्या मंदिर के प्राचार्य सोमदत्त शर्मा मुख्य अतिथि के रूप उपस्थित रहे। सर्वप्रथम विद्यालय के कार्यक्रम अधिकारी संदीप कुमार ने शिविर का वृत्त प्रस्तुत किया। अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि सोमदत्त शर्मा ने स्वयंसेवकों को एनएसएस के इस शिविर में सीखी गई छोटी-छोटी बातों को अपने जीवन में उतारने का आह्वान किया। समय पालन , सहयोग आदि अनेक प्रकार के गुण आपने इस शिविर में उपस्थित रहकर प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से सीखे हैं ।निश्चित रूप से इन सात दिनों का प्रभाव आपके व्यक्तित्व पर अलग से दिखना चाहिए। विद्यालय में भी और समाज में भी आप सभी छात्र अपने अच्छे व्यवहार के लिए जाने जाएं और अन्य छात्रों के लिए भी अनुकरणीय बने ।अपने माता-पिता का व बड़ों का सम्मान करना, सामाजिक बुराइयों से स्वयं भी दूर रहना व दूसरों को भी दूर रहने के लिए प्रेरित करना ,पर्यावरण संरक्षण , जल संरक्षण आदि सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेना आपके जीवन का एक अंग बन जाना चाहिए।



# सुनार की दुकान से हड़पे 21 लाख के गहनें

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा नारनौल।** शहर में एक दंपति ने एक जानकर ज्वेलर्स से 21 लाख की ज्वेलरी रिश्तेदारी में शादी के दौरान कंगन सेट बेचने के नाम और ले ली ।जब दुकानदार ने उनसे रूपए मांगे तो युवक लापता हो गया।वहीं उसका फोन भी लगातार स्विच ऑफ आया। उसकी पत्नी से इस बारे बात की तो उन्होंने ज्वेलर्स को ही झूठे मुकदमे में फसाने की धमकी दे डाली।पुलिस ने मामला दर्ज करते जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार मोहल्ला सिलखाना निवासी नीरज कुमार ने पुलिस में दी शिकायत में बताया कि उसने एम एम ज्वेलर्स के नाम से एक दुकान की हुई है।

# रक्तदान शिविरों में श्रद्धालुओं ने किया रक्तदान

**टीम एक्शन इंडिया/ ( कुलदीप सिह)**
**मानवमात्र के** कल्याणार्थ सत्गुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं राजपिता रमित जी के पावन आशीर्वाद एवं उनके दिव्य मार्गदर्शन द्वारा ब्रांच निजामुद्दीन.संगम विहार व वंदना एन्क्लेव में संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन (संत निरंकारी मिशन का सामाजिक विभाग) द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मिशन के 260 भक्तों द्वारा निःस्वार्थ भाव से रक्तदान किया गया। रक्त संग्रहित करने हेतु अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) अस्पताल के ब्लड बैंक की टीम व जिला अस्पताल की टीम .वहां उपस्थित हुई। ब्रांच निजामुद्दीन रक्तदान शिविर का उद्घाटन आर डब्लू ए निजामुद्दीन ईस्ट व खान मार्किट ट्रेडर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष संजीव मेहरा व सन्त निरंकारी मंडल कार्यकारिणी के सदस्य अशोक मनचंदा के कर कमलों द्वारा किया गया। उन्होंने रक्तदान शिविर में सम्मिलित हुए सभी रक्तदाताओं को प्रोत्साहित किया और जनकल्याण को समर्पित उनकी निस्वार्थ सेवा एवं बहूमूल्य योगदान हेतु भूरी भूरी प्रशंसा करी।



ब्रांच संगम विहार रक्तदान शिविर का उद्घाटन सांसद रमेश बिधुरी व सन्त निरंकारी मंडल की उप प्रधान राज वासदेव सिंह ने किया उन्होंने कहा रक्तदान सबसे अमूल्य दान है मानवता की भलाई के लिए सभी को रक्तदान के लिए आगे आना चाहिये मानवता के प्रति किये जा रहे इस अतिमहत्वपूर्ण कार्य के लिए सभी बधाई के पात्र है।

ब्रांच वंदना एन्क्लेव रक्तदान शिविर का उद्घाटन जिला अस्पताल की सी एम एस डॉ रेनू अग्रवाल द्वारा किया गया इसके अतिरिक्त संयोजक डॉ विजय कुमार (निजामुद्दीन) संयोजक डॉ पवन सपरा (संगम विहार) व संयोजक शिंगारा सिंह (वंदना एन्क्लेव) द्वारा रक्तदान शिविर में उपस्थित सभी गणमान्य अतिथियों, रक्तदाताओं, डॉक्टर एवं उनकी टीम का हृदय से आभार व्यक्त किया।

संत निरंकारी मिशन वर्ष 1986 से निरंतर रक्तदान शिविरों का आयोजन करता आ रहा है।

# संदिग्ध हालत में फंदे से लटका मिला विवाहिता का शव

**टीम एक्शन ंडिया/सोनीपत**
**राई थाना** क्षेत्र के गांव असावरपुर में ससुराल पक्ष के साथ किराए पर रह रही विवाहिता की संदिग्ध अवस्था में फंदा लगाने से मौत हो गई। ससुराल पक्ष के लोगों ने देर रात विवाहिता के फंदा लगाने की जानकारी मायका पक्ष को दी। मायके वाले सुबह गांव असावरपुर में पहुंचे और पुलिस को शिकायत देकर बेटी की दहेज के लिए हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया। पुलिस ने ससुराल पक्ष के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कर शव को परिजनों को सुपुर्द कर दिया। गांव हरिया खेड़ा उत्तर प्रदेश निवासी मुकेश ने बताया कि उसने अपनी बेटी श्वेता (24) की शादी अप्रैल, 2021 में बागपत के गांव चमरावल निवासी अंकित के साथ की थी। अंकित अपने परिवार के साथ सोनीपत के गांव असावरपुर में किराए पर रहता है।

**जांच जारी**

8 ससुराल पक्ष के सदस्यों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को किया सुपुर्द

# राष्ट्र जागरण मंच की हुई बैठक

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**राष्ट्र** जागरण मंच ट्रस्ट की बैठक का आयोजन राष्ट्रीय अध्यक्ष रोहतास राणा के कार्यालय बराड़ा में संपन्न हुआ। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष रोहतास राणा ,संस्थापक अमरिंदर सिंह , कुलबीर राणा, सुरिन्दर कुमार,
वेश्य समाज वेल्फेयर सोसाईटी के प्रधान अमित कुमार एडवोकेट,
अमेरिका से आए गुरचरण सिंह सहित गणमान्य लोगों ने भाग लिया बैठक में बताया गया कि प्रत्येक वर्ष राष्ट्र जागरण मंच ट्रस्ट द्वारा लोहड़ी पर्व कन्याओं के नाम बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है इस वर्ष भी यह कार्यक्रम बराड़ा में धूमधाम से लाला लाजपत राय वरिष्ट नागरिक भवन बराडा मे किया जाएगा। लोहड़ी का पर्व कन्याओं के नाम करने का मुख्य उद्देश्य समाज में फैली कन्या भ्रूण हत्याओं को रोकना है तथा इस कार्यक्रम के जरिए लोगों में संदेश देना है कि बेटियां बेटो से कम नहीं होती। वेश्य समाज वेल्फेयर सोसाईटी के प्रधान अमित कुमार एडवोकेट ने बताया कि राष्ट्र जागरण मंच इससे पहले भी अनेक सामाजिक कार्य करता आया है। जिसमें लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करना सहित अनेक कार्य शामिल हैं। हर वर्ष शहीदों की याद मे कारगिल विजय दिवस ,26/11पर संस्था द्वारा कार्यक्रम किया जाता है। इस अवसर पर दिलभाग सिंह, सुरिन्दर बिल्ला,कुल राज शर्मा सहित गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।



# एससीजेड 11 ने जॉन्टी क्रिकेट क्लब को 190 रनों से हराया

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
निजामपुर में टिकरी प्रीमियर लीग सीजन-2 का आयोजन किया जा रहा। इसी कड़ी में एससीजेड 11 और जॉन्टी क्रिकेट क्लब के बीच मैच खेला गया। इस मैच में एससीजेड 11 ने पहले बल्लेबाजी करते हुआ 25 ओवर में 308 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। एससीजेड के ऑपनर्स ने पहली गेंद से ताबड़तोड़ बल्लेबाजी का मुआयना पेश किया और जॉन्टी क्रिकेट क्लब के बॉलरों की बख्यिां उतार दीं। जसमीत सिंह (103 रन, 58 बॉल 12 चौके, 1 छक्का) और इमीप्रीत सिंह (101 रन, 56 बॉल 12 चौके, 3 छक्के) ने विस्फोटक बल्लेबाजी करते हुए बोर्ड पर रनों का पहाड़ खड़ा कर दिया। दोनों बल्लेबाजों के रिटायर्ड आउट होने के बाद सचिन अमरीश ने भी 26 गेंदों में 66 रनों की पारी खेली। रनों का पीछा करने उतरी जॉन्टी क्रिकेट क्लब 18.2 ओवर में 118 रन बना सकी। एसडीजेड ने 190 रनों के विशाल स्कोर से मैच अपने नाम किया। जॉन्टी क्रिकेट क्लब से प्रेम चिकारा (35 रन) और चेतन चिकारा (49 रन) ही टिक कर बल्लेबाजी कर सकें और कोई भी बल्लेबाज टिक कर नहीं खेल सका। गोल्डी ने 04 ओवर में 14 रन देकर तीन विकेट लिए वहीं उज्जवल ने दो विकेट लिए।



# शराब तस्करी मामले में और दो गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/ पानीपत, कमाल हुसैन**
एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस की टीम ने बीते वर्ष 16 दिसम्बर को डाहर गोल चक्कर के पास बने टीन गौदाम से भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब बरामद कर 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया था। मौके से 135 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब मार्का रॉयल स्टैग व मैकडावेल्स बरामद हुई थी। इसके साथ ही एक ढक्कन लगाने की मशीन व लोहे के 10 खाली डिब्बे बरामद हुए थे। एंटी नारकोटिक्स सेल इंचार्ज सब इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि मौके से गिरफ्तार आरोपी मोहम्मद तबरेज निवासी झाडवा मोतिहारी बिहार, मनव्वर निवासी कांधला शामली यूपी व महाबीर निवासी मतलौडा ने पूछताछ में पुलिस को बताया था की उक्त अवैध शराब गांव बलाना निवासी कुलविंद्र की हैं। अवैध शराब दूसरे राज्यों में तस्करी करने के लिए लोहे के डिब्बों में पैक कर रहे थे। वे अवैध शराब की बोतलों को लोहे के डिब्बे में रखकर बीच में लकड़ी को बुरादा डालकर मशीन से डिब्बे पर ढक्कन लगाकर पैक कर रहे थे ताकी बोतल टूट न पाए।

पुलिस ने बरामद अवैध शराब को कब्जा पुलिस में लेकर थाना इसराना में एक्साइज एक्ट व धारा 420 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज कर तीनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जहा से उन्हें न्यायिक हिरासत जेल भेजने के बाद आरोपी कुलविंद्र की धरपकड़ के प्रयास शुरू कर दिए थे। सब इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि आरोपी कुलविंद्र मामले में माननीय न्यायालय से अग्रिम जमानत पर था।



# नववर्ष आगमन पर नरेला चेतना मंच ने किया भंडारे का आयोजन







**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
बाहरी दिल्ली की नरेला विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बाँकनेर वार्ड के दादा माई वाला मंदिर में नरेला चेतना मंच द्वारा नववर्ष के उपलक्ष्य में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर नरेला से पूर्व विधायक नीलदमन खत्री, बांकनेर वार्ड से निगम पार्षद दिनेश भारद्वाज, मनोनीत निगम पार्षद लक्ष्मण आर्य, पूर्व निगम पार्षद सविता खत्री, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता प्रवीण भोगरा, एक्शन इंडिया के समूह संपादक रवि भारद्वाज, प्रसिद्ध समाज प्रवीण लाकड़ा, आर्य समाज नरेला के प्रधान संजय खत्री, बीजेपी नरेला मंडल अध्यक्ष प्रताप दहिया, आदर्श रसोई के चेयरमैन मोहन गर्ग, सुभाष रामलीला ड्रामाटिक क्लब के प्रधान विष्णु भारद्वाज, उप प्रधान धर्मपाल वर्मा, भाजपा युवा नेता नरेश खत्री, महामंत्री सुरेश खत्री, महामंत्री योगेश शर्मा, युवा नेता पवन खत्री (मोनी), फेडरेशन आफ नरेला के अध्यक्ष जोगिंदर दहिया, जनहित फेडरेशन ऑफ नरेला के अध्यक्ष वीरेंद्र कौशिक, नरेला विकास संगठन के जनरल सेक्रेटरी एनडी अरोड़ा, मोहित गुप्ता, रेजिडेंशियल वेलफेयर एसोसिएशन मंडी एक्सटेंशन के प्रधान विनोद बंसल, मेंन बाजार एसोसिएशन के प्रधान श्री भगवान के अलावा नरेला चेतना मंच के प्रधान मनोज बंसल, महामंत्री मोहित गुप्ता, चेयरमैन संजय बंसल, वाईस चेयरमैन श्रीभगवान, वाईस चेयरमैन आनन्द खत्री, संरक्षक राकेश बंसल, उपप्रधान प्रमोद, उपप्रधान अनिल शर्मा, विधि प्रमुख अतुल मौजूद रहे। नरेला चेतना मंच के प्रधान मनोज बंसल ने बताया कि मैं कार्यक्रम में आये हुए लोगों को धन्यवाद करता हूं और सभी को नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं।







## भाजपा के कार्यकाल में सिखों को बड़ा प्रतिनिधित्व मिलाः मनजिंदर सिंह

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
भाजपा के राष्ट्रीय सचिव सरदार मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा है कि देश की आजादी के बाद 75 वर्षों में सिख समुदाय को उनका बनता मान सम्मान देने वाली मोदी सरकार पहली सरकार साबित हुई है, इसलिए सिख समुदाय को टकराव और विवाद की मनोवृति छोड़कर कौम व बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए सरकार के साथ मिलकर काम करने के इस सुनहरे अवसर का लाभ उठाना चाहिए।



आज यहां कई कार्यक्रमों को संबोधित करते हुए सरदार मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि देश की आजादी के बाद यह पहली बार है कि सिख समुदाय को इतना मान-सम्मान मिला है। आजादी के बाद यह भी पहली बार हुआ है कि गुरु तेग बहादुर साहिब जी का 400वां प्रकाश पर्व उसी लाल किले पर मनाया गया, जहां पर स्वयं प्रधानमंत्री ने कहा था कि अगर गुरु साहिब ने शहादत नहीं दी होती तो केवल एक ही धर्म इस देश में रह जाता। यह भी पहली बार है कि प्रधानमंत्री जहां कहीं भी हों उनके द्वारा गुरु नानक देव जी और गुरु तेग बहादुर साहिब के प्रकाश पर्व पर नजदीकी गुरुघर जाकर नतमस्तक होते हुए अरदास अवश्य की जाती है।

उन्होंने कहा कि भाजपा के कार्यकाल में सिखों को बड़ा प्रतिनिधित्व मिला है, जहां हमारी बेटी अवनीत कौर पानीपत में मेयर के पद पर सेवाएं निभा रही है, वहीं राजस्थान में भी सिख को मंत्री बनाया गया है और अन्य स्थानों पर भी प्रतिनिधित्व दिया गया है।

इससे पहले देश में हालात यह थे कि हम पर जुल्म ढहाने वाले बाबर व औरंगजेब के नाम पर राष्ट्रीय राजधानी में सड़कों के नाम रखे गए थे, लेकिन अब इन नामों को सुधार कर गुरु साहिबानों के नाम पर रखा गया है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने स्वयं संसद में कहा कि श्री दरबार साहिब पर हमला महापाप था जिसे तत्कालीन कांग्रेस सरकार द्वारा किया गया।

## श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर ट्रस्ट को भेंट की गई एंबुलेंसः बलराम चावला





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**त्रीनगर** विधानसभा क्षेत्र के वार्ड नंबर 61 स्थित श्री नगर में रहने वाली व प्रसिद्व समाज सेविका शोभा शर्मा और स्वर्ण लता ने क्षेत्र स्थित श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर ट्रस्ट को जन सेवा के लिए एंबुलेंस भेंट की। जिसको मंदिर के पुजारी राघव पंडित ने पूजा पाठ करके एंबुलेंस का श्रीगणेश किया गया। वहीं उन्होनें बताया कि यह एंबुलेंस जनसेवा के लिए भेंट की गई है और जिसका संचालन श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर ट्रस्ट के माध्यम से निरंतर रूप से किया जाएगा। इस मौके पर मैत्री आरडब्ल्यूए के प्रधान राजेंद्र यादव, महासचिव बलराम चावला सहित अन्य लोग भी मौजूद रहे।

**नर सेवा ही नारायण सेवाः** स्वर्ण लता ने बताया कि समाज सेवा के लिए किसी पद की आवश्यकता नहीं होती है, समाज सेवा तो किसी भी तरह से व किसी भी रूप में की जा सकती है। उन्होनें यह भी कहा कि वैसे भी हमारे शास्त्रों में कहा गया है कि भगवान को खुश करना है तो किसी इंसान की मदद करों तो भगवान स्वंय ही प्रसन्न हो जाते है। शोभा शर्मा ने कहा कि मानव सेवा से बडा कोई धर्म नहीं और कर्म नहीं है, क्योंकि नर सेवा ही नारायण सेवा का दूसरा ही स्वरूप माना गया है, जिसको ध्यान में रखते हुए आज मंदिर ट्रस्ट को लोकसेवा के लिए एंबुलेंस भेंट स्वरूप दी गई है।

## समाज को जागरूक कर रहा है संगठनः खन्ना ढिकोलिया



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली स्थित आजादपुर में ऑल इंडिया वाल्मीकि यूथ फ्रंट की अहम बैठक का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता ऑल इंडिया वाल्मीकि यूथ फ्रंट के राष्ट्रीय अध्यक्ष खन्ना ढिकोलिया ने की।

इस मौके पर श्री ढिकोलिया ने बताया कि बैठक में संगठन को आगे बढ़ाने को लेकर विशेष रूप से चर्चा की गई। साथ ही राष्ट्रीय अध्यक्ष खन्ना ढिकोलिया ने सभी



को नववर्ष की शुभकामनाएं भी दी। श्री ढिकोलिया ने बताया कि इस अवसर पर सुरेश करौतिया को दिल्ली प्रदेश का कार्यवाहक अध्यक्ष बनाया गया। इस मौके पर राष्ट्रीय काषोध्यक्ष ओमदत्त चंडालिया, राष्ट्रीय पदाधिकारियों में रामरतन, रमेश समर्पित, स्वरूप सिंह, अनिल ढिलौड, नरेश कीर, दीपक बग्गा, जय भगवान, जगदीश खैराल, जय भगवान, रजे भाई, वेद, सीमा चंदेलिया, विशाल, दिनेश लौदे, संजय महरौलिया, संजय बहोत, अनिल कुमार रवि, सुरेन्द्र खैरालिया, सुरेन्द्र सिंह, टोनी चंडालिया, विक्रम, राजीव, विकास मौजूद रहे।

## लोकसभा में दिल्ली की सातों सींटों पर चुनाव लड़ेगी पार्टीः गौतम

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
लोकसभा चुनाव में दिल्ली की सातों सीटों पर राष्ट्रीय नागरिक पार्टी चुनाव लड़ेगी। उक्त बातें दिल्ली के कांस्टीट्यूशन क्लब में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में पत्रकारों को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय नागरिक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष कृष्ण कुमार गौतम ने कहीं। उन्होंने राष्ट्र और नागरिक शब्दों की व्याख्या करते हुए कहा कि नागरिक शिक्षित और राष्ट्र विकसित को आधार मानकर तथा संविधान उद्देशिका को अंगीकृत कर राष्ट्र के समस्त नागरिकों के स्वाभिमान और सम्मान के लिए हमारा संकल्प समतामूलक नागरिक प्रतिनिधित्व भारत का निर्माण करना है। इसी श्रृंखला में मजबूती एवं संवैधानिक पद्धति के तहत राष्ट्र में तीसरे राजनैतिक गठबंधन की घोषणा की गई है। अध्यक्ष ने कहा कि 'युवाओं के भविष्य निर्माण में राष्ट्रीय नागरिक पार्टी मैदान में है। पार्टी अपने राष्ट्र विकास एजेण्डा के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाकर देश के विकास की मुख्यधारा में जोड़ने का काम करेगी।

## श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा की प्रसन्नता में महासंघ दिल्ली में निकालेगी शोभायात्रा



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
अयोध्या में भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा की प्रसन्नता में पूरे देश में खुशी का माहौल है, देश-प्रदेश के कोने -कोने में धार्मिक कार्यक्रम किए जा रहे हैं। इसी क्रम को आगे बढ़ते हुए श्री रामलीला महासंघ दिल्ली के अनेक क्षेत्रों में शोभा यात्रा निकालने का फैसला किया है, शोभा यात्रा के



बाद विशाल भंडारा भी किया जाएगा, यह जानकारी श्री रामलीला महासंघ के अध्यक्ष अर्जुन कुमार ने मीडिया को पुरानी दिल्ली के नेशनल क्लब में प्रेसवार्ता के दौरान दी। इस मौके पर पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ हर्षवर्धन, दिल्ली प्रदेश भाजपा की प्रवक्ता बांसुरी स्वराज, मुख्य संरक्षक सुभाष गोयल महासचिव और गौरी शंकर मंदिर के प्रधान गोपाल सेठ, कोषाध्यक्ष बलराम गर्ग, पूर्व विधायक महेन्द्र नागपाल आदि लोग मौजूद थे।

# हरियाणा में पीएम मोदी के गारंटी वाले रथ के सारथी हैं सीएम मनोहर लाल: मूलचंद शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।**
प्रदेश के परिवहन एवं उच्चतर शिक्षा मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गयी विकसित भारत संकल्प यात्रा में आयोजित कार्यक्रमों के माध्यम से आमजन को केंद्र व प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं व सुविधाओं का लाभ आसानी से एक ही जगह पर प्राप्त हो रहा है। हरियाणा प्रदेश में पीएम मोदी के इस गारंटी वाले रथ के सारथी सीएम मनोहर लाल हैं। परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा आज रविवार को फरीदाबाद की कुंदन कॉलोनी में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत कर लोगों को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने विडियो कॉन्फ्रेंसिंग से माध्यम से विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों से संवाद कर उनके अच्छे अनुभव के बारे में जाना तथा प्रदेशभर में यात्रा के तहत आयोजित हुए कार्यक्रमों में उपस्थित लोगों को संबोधित भी किया। उन्होंने लोगों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में इस यात्रा से जुड़कर केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने की अपील की। जिला में चल रही विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आज फरीदाबाद के की कुंदन कॉलोनी तथा सेक्टर-2 में पहुँचने पर वहां के निवासियों ने यात्रा वाहन का भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर निगम के संयुक्त आयुक्त कारन सिंह भगोरिया ने की तथा क्षेत्र के गणमान्य लोग भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में और प्रदेश में मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के माध्यम से हर परिवार की आय कम से कम 1 लाख 80 हजार रुपये करने के लिए अंत्योदय मेले आयोजित करके स्वरोजगार के लिए प्रदेश में 50 हजार लोगों को ऋण उपलब्ध करवाए जा चुके हैं। वहीं कौशल रोजगार निगम के माध्यम से नौकरियों में 1 लाख 80 हजार रुपये से कम वार्षिक आय वाले बी.पी.एल. परिवारों के उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी गई है। वहीं अंत्योदय परिवार के उम्मीदवार को सरकारी नौकरियों की भर्ती में पांच अतिरिक्त अंक दिए जाते हैं, जिसका कोई भी सदस्य सरकारी नौकरी में नहीं है। विकसित भारत संकल्प यात्रा का मुख्य उद्देश्य हर एक व्यक्ति को केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं से आम जनता को जोड़ना है। पिछले साढ़े नौ सालों में देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार और प्रदेश में मुख्यमंत्री श्री मनोहर सरकार की जो योजनाएं बनी हैं यदि कोई व्यक्ति उन योजनाओं का लाभ लेने से वंचित रह गया है, तो उन्हें योजनाओं और परियोजनाओं से जोड़कर लाभान्वित किया जा रहा है।



# नवनियुक्त भाजपा जिलाध्यक्ष राजकुमार वोहरा को अजीत नंबरदार ने दी बधाई

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।**
भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष राजकुमार वोहरा को आज वरिष्ठ भाजपा नेता अजीत चंदीला ने अपने समर्थकों के साथ उनके एनएच-3 स्थित निवास पर पहुंचकर बधाई दी। इस मौके पर अजीत चंदीला और एडवोकेट एनके गर्ग चेयरमैन ऑफ आरडब्लुए कनफरडेशन व अन्य भाजपा कार्यकताओं ने राजकुमार वोहरा को फूलों की माला,पगड़ी पहनाई और उन्हें मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी।
इस अवसर पर राजकुमार वोहरा ने कहा कि एक छोटे से कार्यकर्ता को इतनी बड़ी जिम्मेवारी देकर पार्टी ने उनका मान सम्मान तो बढ़ाया ही है साथ ही साथ और कार्यकताओं के मनोबल को भी बढ़ाया है। राजकुमार वोहरा ने कहा कि पार्टी ने उनमें जो आस्था और विश्वास व्यक्त किया है उसे वे पूरी जिन्दगी टूटने नहीं देगें और पार्टी में ज्यादा से ज्यादा युवाओं को जोडकर पार्टी का मजबूती प्रदान करेगें। इस मौके पर अजीत नंबरदार ने कहा कि मुझे आशा और विश्वास है कि बराजकुमार वोहरा जी पार्टी को नई ऊचाईयों पर ले जाएगें। उन्होनें कहा कि पार्टी के कार्यकताओं में उमंग व जोश है कि पार्टी ने कमर्ठ,ईमानदार और जुझारू राजकुमार वोहरा के रूप में उन्हें जिलाध्यक्ष बनाकर हमारे बीच में भेजा है।



## संक्षिप्त खबरें

### तेज रफ्तार कार की टक्कर से पांची जाटान गांव के युवक की मौत, मामला दर्ज

### - पांची जाटान से चचेरे भाई व साथी के साथ मोटरसाईकिल पर चटिया जा रहा था मृतक अमित

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**
गांव पांची जाटान से चटिया औलिया में काम के लिए मोटरसाईकिल पर गए युवकों की मोटरसाईकिल को तेज रफ्तार कार ने टककर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी की हादसे में घायल युवक की उपचार के दोरान मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के भाई की शिकायत पर मामला दर्जकर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस को दी शिकायत में पांची जाटान गांव के रवि ने बताया कि वह खेती बाडी का काम करता हुं। 6 जवरी की शाम को अपने चचेरे भाई अमित की मोटरसाईकिल पर गांव पांची जाटान निवासी कृष्ण के साथ बैठकर चाटिया गांव में गए थे। मोटर साईकिल पर मेरा भाई अमित पीछे बैठा था। जब वे चटिया गांव के पास पहुंचे तो पीछे से एक कार चालक अपनी कार को तेज रफ्तार से चलाता हुआ पांची जाटान की तरफ से आया और हमारी मोटर साईकिल के पीछे से टक्कर मारी। टक्कर इतनी तेज थी कि अमित सड़क पर गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में उसे उपचार के लिए परिजनों के साथ खानपूर लेकर गए तो वहां चिकित्सकों ने अमित को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मामला दर्जकर मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया और अज्ञात कार चालक की तलाश शुरू कर दी।

### बिजली निगम के वर्कशॉप से लाखों रुपये कीमत का सामान चोरी, मुकदमा दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
सेक्टर-27 शहर थाना सोनीपत क्षेत्र में बिजली निगम के स्टोर से लाखों रुपये कीमत का सामान चोरी होने का मामला सामने आया है। विभाग के कर्मचारी ने मामले को लेकर उच्च अधिकारियों को अवगत करवाया। उसके बाद पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। वर्कशॉप में लगे सीसीटीवी में दो अज्ञात युवक चोरी करते हुए दिखाई दे रही है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।
बिजली निगम में तैनात रूपेश जेई का फोन आया कि स्टोर व वर्कशॉप सोनीपत से गत 5 व 6 जनवरी की रात को किसी ने सामान चोरी कर लिया है। सामान की जांच की तो स्टोर व वर्कशॉप से एचटी व एलटी ब्रांस रॉड 350 केजी व एलुमिनियम थमल सहित अन्य सामान चोरी पाया गया। जिसकी कीमत लाखों रुपये की है। सीसीटीवी की जांच की तो उसमें दो अज्ञात चोर दिखाई दे रहे है। मामले को लेकर उच्च अधिकारियों को अवगत करवाया। उसके बाद पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एसआई कुलदीप सिंह ने बताया कि सीसीटीवी को कब्जे में ले लिया है। मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द चोरों की शिनाख्त कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

### धोखाधड़ी करने की वारदात में शामिल दो आरोपित गिरफ्तार, अदालत में पेश

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
कुंडली थाना पुलिस ने धोखाधड़ी करने की वारदात में शामिल दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित सहिल निवासी खेड़ी झज्जर व राहुल निवासी विजय नगर रोहतक का है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें चार दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपितों से गंभीरता से पूछताछ की जा रही है।
टीडीआई सिटी निवासी हर्ष शर्मा ने गत दो जनवरी को पुलिस से शिकायत देकर बताया था कि गत 16 दिसंबर को उसके पास एक कॉल आई। जिसमें पार्ट टाइम जॉब देने के लिए कहा। उसके पास कुछ रुपये भी भेजे। उसके बाद 17 व 18 दिसंबर को उसके अलग-अलग खाते से कुल 3 लाख 98 हजार पांच सौ रुपये निकाल लिए गए। जब रुपये वापिस मांगे गए तो रुपये देने से मना कर दिया। मामले को लेकर परिजनों को अवगत करवाया। उसके बाद पुलिस को शिकायत दी।

## शादी में हवाई फायर करने की वारदात में शामिल दो गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
मुरथल थाना पुलिस ने होटल के अंदर शादी समारोह में चल रहे कार्यक्रम के दौरान हवाई फायर करने की वारदात में शामिल दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित सुर्यकांत व प्रवीन निवासी कमल कॉलोनी रोहतक का है। पुलिस ने आरोपितों को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।
उचाना मंडी जींद हाल में पार्क होटल निवासी रोहित ने गत 7 दिसंबर को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि 6 दिसंबर को होटल में बारात आई हुई थी।

# धार्मिकता से व्यक्ति मानवीय गुणों को धारण करता है:राजेश नागर

**धार्मिक अनुष्ठान**

**8 विधायक राजेश नागर ने बल्लभगढ़ के सेक्टर दो में आयोजित धार्मिक अनुष्ठान में की शिरकत**

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।**
तिगांव से भाजपा विधायक राजेश नागर ने कहा कि धार्मिकता ही एक व्यक्ति को मानवीय गुणों से पूर्ण कर मानव बनाती है। बिना धार्मिकता के मनुष्य अधूरा रहता है। वह बल्लभगढ़ के सेक्टर दो में भाजपा नेता संदीप चाहर द्वारा आयोजित सत्यनारायण कथा को संबोधित कर रहे थे। विधायक राजेश नागर ने कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या धाम में भगवान श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। पीएम नरेंद्र मोदी के प्रयास से करोड़ों भारतीयों के मन की इच्छा पूर्ण होने जा रही है। इस दिन हम सभी अपने घरों पर लडि?ां लगाएं, दीये जलाएं और देश की समृद्धि के लिए कामना करें। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम हम सभी भारतीयों के आराध्य हैं। वह किसी जाति धर्म के बंधन से परे हैं, तभी तो पह राजाराम हैं। वह प्रजापालक श्रीराम हैं जिन्होंने प्रजा की भलाई के लिए अपना हित नहीं देखा।
वह त्याग की मूर्ति तो हैं ही साथ में मयार्दा की प्रतिमूर्ति भी हैं। ऐसे श्रीराम के भव्य मंदिर की मैं आप सभी को हार्दिक बधाई देता हूं। विधायक नागर ने कहा कि भगवान के नाम का जहां भी गुणानुवाद होता है, चर्चा होती है, वहां भगवान अवश्य ही कृपा करते हैं। उन्होंने कहा कि धार्मिक आयोजन करना बड़े ही पुण्य का काम है। ऐसे आयोजनों में आने वाले, लाने वाले और आयोजक सभी पुण्य कमाते हैं। नागर ने कहा कि संदीप चाहर और उनके परिवार ने सत्यनारायण कथा का आयोजन कर बहुत पुण्य का काम किया है। इसके लिए वह बधाई के पात्र हैं। हम उनके सुखद जीवन के लिए कामना करते हैं। इस आयोजन में हजारों की संख्या में लोग जुटे और उन्होंने भगवान की कथा में भागीदारी की। इस अवसर पर सरपंच मिजार्पुर महीपाल आर्य, पूर्व पार्षद दीपक चौधरी आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे। यहां सभी के लिए भोजन प्रसाद भी व्यवस्था की गई थी।



# मानव अधिकार मिशन का मनोनीत सदस्य बनने पर अन्नू वशिष्ठ एडवोकेट का स्वागत

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।**
मानव अधिकार मिशन का मनोनीत सदस्य बनने पर अन्नू वशिष्ठ एडवोकेट का स्वागत मानव अधिकार मिशन हरियाणा प्रदेश का मनोनीत सदस्य अन्नू वशिष्ठ एडवोकेट को बनाया है।अपनी नियुक्ति पर उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष डा शशि भाटी,राष्ट्रीय अध्यक्ष महेन्द्र शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष सुमेधा शर्मा, गीता वॉशिंगटनं, बिनु शर्मा प्रिंसिपल उपाध्याय ,सूरजा कौल ऑर्गनाइजर सकैटरी,का आभार व्यक्त किया है।अन्नू वशिष्ठ एडवोकेट ने वाईएमसीए से एमसीए करने के बाद अब सेक्टर 12 मे वकालत करती है इस मौके पर बार काउंसिल पंजाब एवं हरियाणा के पूर्व मनोनीत सदस्य शिवदत्त वशिष्ठ एडवोकेट व समाजसेवी कंवर दलपत सिंह ने फूलों का गुलदस्ता देकर स्वागत किया। इससे पहले अन्नू वशिष्ठ एडवोकेट गाँव बडौली की निर्विरोध पंच रह चुकी है।उन्होंने पचं रहते हुए गाँव के विकास के लिए बहुत अच्छे कार्य किए हैं।



## दो-पहिया वाहन चोरी की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
शहर थाना पुलिस ने दो-पहिया वाहन चोरी की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपित राहुल निवासी झज्जर का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।मालवीय नगर निवासी विकास ने गत 1 नवंबर को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि उसने तिरंगा चौक पर सिमरन गेस्ट हाउस किया हुआ है। उसका दोस्त राजबीर बाइक पर गेस्ट हाउस पर आया।

# सुनार की दुकान से हड़पे 21 लाख के गहनें

## पति पत्नी ने रिश्तेदारी में बताया फंक्शन, अब झूठे केस में फसानें की दी जा रही है धमकी

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**
**नारनौल।** शहर में एक दंपति ने एक जानकर ज्वेलर्स से 21 लाख की ज्वेलरी रिश्तेदारी में शादी के दौरान कंगन सेट बेचने के नाम और ले ली ।जब दुकानदार ने उनसे रूपए मांगे तो युवक लापता हो गया।वहीं उसका फोन भी लगातार स्विच ऑफ आया। उसकी पत्नी से इस बारे बात की तो उन्होंने ज्वेलर्स को ही झूठे मुकदमे में फसाने की धमकी दे डाली।पुलिस ने मामला दर्ज करते जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार मोहल्ला सिलखाना निवासी नीरज कुमार ने पुलिस में दी शिकायत में बताया कि उसने एम एम ज्वेलर्स के नाम से एक दुकान की हुई है।उसकी दुकान से उसी के मोहल्ले का रहने वाला अनिल कुमार व उसकी पत्नी प्रियंका शर्मा कई बार ज्वेलरी आदि लेते थे और उसकी पेमेंट भी समय पर कर देते थे ।वहीं गत 23 नवम्बर को उन्होंने एक कंगन की जोड़ी ली , जिसकी कीमत 2 लाख 47 हजार थी।इसके बाद उन्होंने 29 नवंबर को एक और कंगन की जोड़ी ली।इसी दिन उन्होंने एक और कंगन की जोड़ी ली। 30 नवंबर को उन्होंने एक सोने की चेन और एक सोने का लॉकेट लिया। 11 दिसंबर को उन्होंने एक सोने की चेन और एक सोने का लॉकेट , 12 दिसंबर को एक कंगन सेट व 21 दिसंबर को एक कंगन सेट लिया। उन्होंने बताया कि उनके रिश्तेदारी में कोई फंक्शन है और रिश्तेदारों को सोने के आभूषण की आवश्यकता है। उसको बताया गया कि वे आभूषण अपने रिश्तेदारों को पसंद करवाने के लिए ले जा रहें हैं , जी भी आभूषण फाइनल होगा , वह रख लेंगे और बाकी आभूषण वापिस कर देंगे । उसी दिन पेमेंट की जायेगी।
दुकानदार ने बताया कि दंपति के साथ पुराने संबंध होने की वजह से उन्होंने उसकी बात मान ली। दुकानदार ने 23 दिसंबर को अनिल के पास फोन किया तो उसका फोन बंद आ रहा था।इसके बाद लगातार उसका फोन बंद आ रहा है।
जब उन्होंने इसकी पत्नी से उसके बारे में पूछा तो उसने कहा कि वह उसकी झूठे केस में फंसा देगी । आभूषण और पैसे भूल जाओ।शिकायत में बताया गया है कि इस प्रकार पति पत्नी ने 21 लाख 36 हजार 563 रूपए की ज्वेलरी खरीद कर धोखाधड़ी की है।



# टाईम क्रिकेट क्लब और टाटा हिताची क्लब के बीच महामुकाबला

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।**
टाईम क्रिकेट क्लब और टाटा हिताची क्रिकेट क्लब के बीच सेक्टर-11 स्थित कर्मवीर एके-डमी मैदान में एक मैत्री क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। टॉस जीतते हुए टाईम क्रिकेट क्लब के कप्तान विराज परनामी ने फील्डिंग करने का फैसला किया और निर्धारित 20 ओवरों में टाटा हिताची क्रिकेट क्लब की टीम ने 143 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी टाईम क्रिकेट क्लब की ओर से राकेश भाटी और हरीश कौशिक ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए मात्र सात ओवरों में जीत हासिल कर ली। इस मौके पर श्री जयकारा कलमाड़ी, रिजनल मैनेजर एवं आरके चिलाना, डायरेक्टर टाइम इक्विपमेंट ने जीत की ट्राफी विजेता टीम के कप्तान विराज परनामी को दी। मैच ऑफ द मैच की ट्राफी सबसे ज्यादा रन बनाने वाले टाइम के हरीश कौशिक को मिली, जबकि फाईटर ऑफ द मैच की ट्राफी टाइम के राकेश भाटी, मैनेजर फाईनेंस एंड अकाउंट को मिली। कैप्टन विराज व नरेंद्र वाइस कैप्टन ने कहा कि टाइम टीम ने खेल भावना से खेल खेलते हुए जीत हासिल की। इस मौके पर आरके चिलाना ने टाइम टीम को 11 हजार रूपए की राशि भेंट की वहीं टाटा हिताची के ब्रांच मैनेजर श्री निशांत ने भी टाइम टीम को 11 हजार रूपए देने की घोषणा की। वहीं सतीश परनामी ने भी मौके पर पहुंचकर विजेता टीम को आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर सचिन चिलाना, विशाल परनामी डायेक्टर्स ने टीम को बधाई दी और आशा की कि सभी टीम सदस्य कंपनी एजुअल टारगेट भी मार्च 2024 से पहले पूरा कर लेंगे। बाद में सभी ने साथ लंच भी लिया।



# वोहरा ने मुख्यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश प्रभारी का किया आभार व्यक्त

**शुभकामनाएँ**

**8 ज़िला अध्यक्ष नियुक्त होने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने दी राजकुमार वोहरा को बधाई और शुभकामनाएँ**

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।**
राजकुमार वोहरा ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल, प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी, प्रदेश प्रभारी बिपलब देव, प्रदेश संगठन महामंत्री का चंडीगढ़ में आभार व्यक्त किया । वोहरा ने केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर, हरियाणा के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा, विधायक राजेश नागर, सीमा त्रिखा, नरेन्द्र गुप्ता, मुख्यमंत्री के राजनैतिक सचिव अजय गौड़ और संगठन के वरिष्ठ नेताओं का आभार व्यक्त किया । प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी द्वारा राजकुमार वोहरा को फरीदाबाद का ज़िला अध्यक्ष नियुक्त करने पर पिछले कई दिनों से भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का उनको बधाई देने के लिए ताँता लगा हुआ है । भाजपा संगठन के ज़िले से लेकर बूथ और पन्ना प्रमुख तक के कार्यकर्ता अपने नये ज़िला अध्यक्ष को नव दायित्व की बधाई और शुभकामनाएँ देने उनके घर पर पहुँच रहे हैं । इस अवसर पर सामाजिक व संस्थाओं के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने राजकुमार वोहरा को बधाई और शुभकामनाएँ दी । फरीदाबाद के नवनियुक्त भाजपा जिलाध्यक्ष राजकुमार वोहरा को आज बधाई देने पहुँचने वाले प्रमुख लोगों में वाले भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव जेटली, ज़िला मीडिया प्रभारी विनोद गुप्ता, सह प्रभारी राज मदान, पार्षद छत्रपाल, सैनिक व अर्धसैनिक कल्याण ट्रस्ट के फाउंडर डायरेक्टर सतिंदर दुग्गल, भाजपा नेता अजीत नंबरदार, एडवोकेट एनके गर्ग चेयरमैन ऑफ आरडब्लुए कनफरडेशन, मंडल अध्यक्ष अमित आहूजा, सुरजीत नागर, शिवासिंह मलिक प्रधान सेक्टर-8, राजेश शर्मा अनिल मलिक, अजय गुप्ता दर्शन मलिक दयाचंद सेन व भाजपा कार्यकताओं ने बधाई और शुभकामनाएँ प्रेषित की। इसके अलावा फरीदाबाद की सामाजिक और धार्मिक संस्थाओं और व्यापार से जुड़ी संस्थाओं के पदाधिकारियों और सदस्यों ने राज बोहरा को बधाई दी ।



# क्राइम ब्रांच 85 ने चोरी के मामले में दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।**
डीसीपी क्राइम हेमेंद्र कुमार मीणा के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच प्रभारी जोगिंदर सिंह की टीम ने चोरी के मुकदमे में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में मनीष सिहँ तथा रूप किशोर का नाम शामिल है। दोनों आरोपी फरीदाबाद की भारत कॉलोनी के रहने वाले हैं। आरोपियों को खेड़ी पुल थाने में 5 जनवरी को चोरी की धाराओं के तहत दर्ज मुकदमे में गिरफ्तार किया गया है। मुकदमा में आरोपी मनीष पहले ए'१३ छंशी कम्पनी में काम करता था जहाँ पर उसने सामान की स्कैनिंग करनें का काम सीखा था। जो आरोपी मनीष करीब 2 महिने पहले सिगरीवाला कम्पनी जो गैस के चूल्हे बनाने वाली कम्पनी में लग गया और जैसे ही आरोपी को मौका मिला उसने अपने साथी के साथी रूप किशोर उर्फ रूपा के साथ मिलकर उपरोक्त गैस के चूल्हो की चोरी कर ली व आरोपी मनीश के हिस्से में आया सारा चोरीशुदा सामान 1000 रू प्रति पीस के हिसाब से अपने दोस्त रूप किशोर शर्मा को बेच दिया था। आरोपियों को अपराध शाखा फरीदाबाद की टीम ने कल गिरफ्तार कर 47 गैस चूल्हे बरामद किए हैं।आज माननीय अदालत के सम्मुख पेश करके बंद जेल नीमका कराया दिया गया है।



ACTION INDIA

एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ करनाल ▸ 08 जनवरी 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

# पार्षद नेहा अग्रवाल ने कंबल और च्यवनप्राश बांटकर मनाया जन्मदिन




















**टीम एक्शन इंडिया/ नई दिल्ली**

**धीरपुर** वार्ड की निगम पार्षद नेहा प्रदीप अग्रवाल का जन्मदिन बहुत धूमधाम से मनाया गया। वार्ड के विभिन्न इलाकों में नेहा अग्रवाल के जन्मदिन की तैयारियाँ की गई थी। खासकर धीरपुर क्षेत्र में। आपको बता दें कि सुबह से ही पार्षद नेहा अग्रवाल को जन्मदिन की बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। कई लोगों ने जहां एक ओर उनको जन्मदिन की बधाई दी वहीं उनकी दीघार्यु की कामना भी की।

**जन्मदिन पर कम्बल और च्यवनप्राश का किया वितरण:** पार्षद नेहा अग्रवाल ने अपने जन्मदिन पर जरूरतमंदों में जहां एक ओर कम्बल का वितरण किया तो वहीं लोगों में च्यवनप्राश के डब्बे भी बाँटे।

**च्यवनप्राश बांटकर शुरू की नई परिपाटी:** नेताओं द्वारा शराब और पैसा बाँटने की खबरें तो अपने कई बार सुनीं होंगी लेकिन एक नेता द्वारा अपने जन्मदिन पर च्यवनप्राश बाँटना, इलाके में चर्चा का विषय बन गया है।

**क्षेत्र की जनता ने दी मुबारकबाद:** वार्ड की जनता ने निगम पार्षद नेहा अग्रवाल का जन्मदिन बड़ी ही धूमधाम से मनाया और जगह-जगह कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोग नेहा अग्रवाल को बधाई देते हुए नजर आये।

**नेहा अग्रवाल को बुजुर्गों ने दिया आशीवार्द:** पार्षद



नेहा अग्रवाल को जन्मदिन पर क्षेत्र के कई बुजुर्गों ने आशीर्वाद दिया उनकी दीघार्यु की कामना की।

**सोशल मीडिया के माध्यम से हजारों लोगों दी बधाई:** धीरपुर वार्ड की निगम पार्षद नेहा अग्रवाल को जहां व्यक्तिगत तौर पर लोगों ने बधाई दी, वहीं हजारों की संख्या में लोगों ने उन्हें सोशल मीडिया के माध्यम से भी जन्मदिन की शुभकामनाएं दी ।

**ये लोग रहे मौजूद रहे:** इस अवसर पर आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक पवन शर्मा, पेरामेडिकल बोर्ड दिल्ली सरकार के चेयरमैन प्रदीप अग्रवाल, दिनेश तंवर सहित आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता और अन्य गणमान्य लोगों ने भी बधाई दी।

**पार्षद ने सभी का किया धन्यवाद:** पार्षद नेहा अग्रवाल ने कहा कि मैं लोगों का धन्यवाद करती हूं जिन्होंने मेरे जन्मदिन की इतने भव्य रूप में मनाया और मुझे आशीर्वाद और बधाई दी।



**पवन शर्मा, विधायक, आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र:** मैं पार्षद नेहा अग्रवाल को जन्मदिन की बधाई देता हूं और उनकी दीघार्यु की कामना करता हूं। आज नेहा अग्रवाल के जन्मदिन पर कम्बल वितरण व अन्य कार्यक्रम किये गये है। ईश्वर इन्हें लंबी आयु दें और ये ऐसे ही समाजसेवा में सेवारत रहें।



**प्रदीप अग्रवाल, चेयरमैन, पैरामेडिकल बोर्ड दिल्ली:** आज बड़े ही भव्य रूप में क्षेत्र की जनता द्वारा नेहा अग्रवाल का जन्मदिन मनाया गया है। मैं क्षेत्र की जनता को धन्यवाद करता हूं जो उन्होंने हमे इतना मान-सम्मान दिया।



**नेहा अग्रवाल, निगम पार्षद धीरपुर वार्ड :** मैं वार्ड के सभी गणमान्य लोगों का धन्यवाद करती हूं, जिन्होंने इतने भव्य रूप में मेरा जन्मदिन मनाया और मुझे आशीर्वाद दिया। मैं आपकी सेवा में हमेशा ही तत्पर रहूंगी। मैं आपको विश्वास दिलाती हूं।


























